राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-279
लखनऊ, बुधवार 29 मई, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सरकार ने बनवाए चार करोड़ गरीबों के घर : मुख्यमंत्री योगी 03

हर्ष राज हत्याकांड के विरोध में छात्रों का बवाल 12

## चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों पर तेज होगी कार्रवाई : मोदी

एजेंसी

**दुमका।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि इंडिया गठबंधन के नफरती ऐजेंडे को उनकी सरकार सदैव फेल करता रहेगा और गरीब आदिवासी, दलित एवं पिछड़े वर्ग के हक को छिनने वाले भ्रष्टचारियों के खिलाफ 4 जून के बाद कार्रवाई और तेज होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मंगलवार को दुमका एयरपोर्ट मैदान में संताल परगना प्रमंडल के दुमका से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन गोड्डा से निशिकांत दुबे और राजमहल से ताला मरांडी के पक्ष में आयोजित

महा विजय संकल्प जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और झामुमो पर जमकर निशाना साधा। इसी क्रम में उन्होंने अपने दस साल के कार्यकाल में दलित आदिवासी और गरीबों के कल्याण के लिए किये गये कार्यों और उपलब्धियों की विस्तार से चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद के नेता खुलेआम, बेशर्मी के साथ धमकी दे रहे हैं और कह रहे हैं कि मोदी को हटाना है, ताकि उनको फिर से घोटाले करने का मौका मिल सके। उन्होंने कहा- जेएमएम और कांग्रेस झारखंड को हर तरह से लूट रहे हैं।



### 400 पार का नारा लगाने वालों को हार का डर : अखिलेश



**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।** विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए की जनसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि चार जून को आईएनडीआईए की सरकार बनेगी। सरकार बनने पर हम अग्निवीर योजना को खत्म कर देंगे। बीस लाख युवाओं को पक्की नौकरी देंगे। राहुल गांधी वाराणसी से आईएनडीआईए के उम्मीदवार एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के समर्थन में मोहनसराय गंगापुर में आयोजित परिवर्तन संकल्प सभा को सम्बोधित कर रहे थे। सपा मुखिया अखिलेश यादव की मौजूदगी में राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पान वालों पर जीएसटी लगा देते हैं। मोदी ने 16 लाख करोड़ रुपये अरबपतियों के माफ कर दिए। जनसभा को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी संबोधित किया। अखिलेश ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो नारा लगा रहे थे 400 पार का, उन्हें हार का डर सता रहा है। इस बार देश की 140 करोड़ जनता इनको 140 सीट के लिए तरसा देगी। अब तो इनकी भाषा भी बदल गई। ये घबराए हुए लोग हैं, हम लोगों (राहुल-अखिलेश) को शहजादा बोल रहे हैं, वो सुन लें दोनों शहजादे इस बार शह देने जा रहे हैं, मात देने का काम भी करेंगे। हम लोग डबल ताकत हो गए हैं, वो डबल जीरो हो गए हैं।

### ईडब्ल्यूएस कोटे में प्रवेश न देने पर हाईकोर्ट खफा

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ईडब्ल्यूएस श्रेणी के छात्र को अनिवार्य शिक्षा कानून के तहत स्कूल में प्रवेश न दिए जाने पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने बीएसए शामली से प्रवेश न देने के कारणों की स्पष्ट जानकारी तलब करते हुए चेतावनी दी है। कल 29 मई तक जानकारी देनी है। कोर्ट ने कहा है कि प्रवेश न दिए जाने कद्म तार्किक कारण न मिला तो अदालत कड़ा फैसला लेगी। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला ने शामली के कैराना नगर पंचायत क्षेत्र में रहने वाले छात्र अमन और अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याची की अधिवक्ता चमन आरा ने बताया कि याची ने ईडब्ल्यूएस कोटे के तहत प्राइमरी स्कूल में प्रवेश का आवेदन दिया था लेकिन खंड शिक्षा अधिकारी ने बिना उचित कारण बताए प्रवेश देने से इन्कार कर दिया,जबकि अनिवार्य और निशुल्क शिक्षा छात्र का कानूनी हक है। इससे पहले भी अदालत ने जानकारी तलब की थी लेकिन अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं थी। नाराज अदालत ने 29 मई तक जानकारी तलब की है।

## तूफान व बारिश से मिजोरम में लैंडस्लाइड, 22 लोगों की मौत

▸ मिजोरम के सभी स्कूल व सरकारी दफ्तर बंद

एजेंसी



**आइजोल।** पश्चिम बंगाल में रविवार (26 मई) को आए रेमल तूफान का असर अब नॉर्थ-ईस्ट में दिखने लगा है। मिजोरम में तूफान के कारण लगातार हो रही बारिश की वजह से मंगलवार सुबह 6 बजे आइजोल में एक पत्थर की खदान ढह गई। अब तक इसमें 22 लोगों की मौत हुई है। इनमें 4 साल का लड़का और 6 साल की लड़की शामिल है। दो लोगों का रेस्क्यू भी किया गया है।

मिजोरम के डीजीपी अनिल शुक्ला ने बताया कि अब तक 17 शव निकाले गए हैं। इनमें में 8 स्थानीय लोगों के हैं, जबकि 4 दूसरे राज्यों के हैं। बाकी शवों की पहचान की जा रही है। मलबे में 6-7 लोगों के दबे होने की आशंका है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है, लेकिन तेज बारिश के कारण इसमें दिक्कतें आ रही हैं। इसके अलावा नॉर्थ-ईस्ट के एक अन्य राज्य असम में भी आज तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई। मोरीगांव जिले में ऑटो रिक्शा पर पेड़ गिरने से एक कॉलेज स्टूडेंट की मौत हो गई। चार लोग घायल हो गए। जबकि, लखीमपुर में लैंडस्लाइड के चलते एक व्यक्ति की जान चली गई। सोनितपुर जिले में एक स्कूल बस पर पेड़ गिर गया, इसमें 12 बच्चे घायल हो गए। लगातार बारिश के कारण मिजोरम के सभी स्कूल और सरकारी दफ्तर आज बंद कर दिए गए हैं। प्राइवेट कंपनियों को अपने कर्मचारियों से घर से काम करवाने के लिए कहा गया है। राज्य में कई और जगह भी लैंडस्लाइड हुए हैं। इसमें दो लोगों की मौत हुई। आइजोल के सलेम वेंग में लैंडस्लाइड के बाद एक इमारत पानी के साथ बह गई, जिसके बाद तीन लोग लापता हैं। पुलिस ने बताया कि हुनथर में नेशनल हाईवे-6 पर लैंडस्लाइड के कारण आइजोल देश के बाकी हिस्सों से कट गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दो आतंकी आकाओं की बारामूला में संपतियां कुर्क

**बारामूला।** बारामूला में पुलिस ने दो आतंकी आकाओं की संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। दोनों मौजूदा समय में पाकिस्तान से अपना आतंकवादी नेटवर्क चला रहे हैं। कुर्क की गई संपत्ति (3 कनाल और 19 मरला) लाखों रुपये की जमीन ज़म्बूर पट्टन निवासी राज मोहम्मद के बेटे जलाल दीन और कमलकोट उडी निवासी मस्ताना भट्टी के बेटे मोहम्मद साकी की है। अधिकारियों ने कहा कि ये दोनों आतंकी संचालक पाकिस्तान से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह कार्रवाई 83 सीआरपीसी की धाराओं के तहत की गई है और यह एफआईआर संख्या 34/1995 के तहत धारा 7/25 भारतीय शस्त्र अधिनियम, 4 टाडा अधिनियम और 105/1996 के तहत पुलिस थाना उडी की धारा 2/3 ईआईएमसीओ अधिनियम के तहत जुड़ी हुई है। पुलिस की जांच व पूछताछ के दौरान संपत्ति की पहचान की गई। पिछले महीने भी पुलवामा में पुलिस ने एक मंजिला आवासीय घर को जब्त कर लिया था।

### हथियारों व गोला-बारूद के साथ दो आतंकी गिरफ्तार

**अनंतनाग।** अनंतनाग जिले के मुलसू सीर इलाके में हथियारों और गोला-बारूद के साथ दो आतंकियों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि अनंतनाग पुलिस, सेना की 33आरआर और सीआरपीएफ 96 बटालियन ने संयुक्त रूप से मुलसू सीर अनंतनाग में नाका चेकिंग अभियान के दौरान दो आतंकियों को पकड़ा। प्रवक्ता ने कहा कि तलाशी के दौरान गिरफ्तार आतंकियों के पास से एक पिस्तौल, 8 पिस्तौल राउंड, एक हथगोला और 120 एके 47 राउंड सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। पकड़े गए आतंकियों की पहचान वसीम अहमद शाह पुत्र अब्दुल गनी शाह निवासी नम्बल मट्टन और अदनान अहमद बेग पुत्र गुलाम मोहम्मद बेग निवासी एसके कॉलोनी अनंतनाग के रूप में हुई है। अधिकारी ने कहा कि मामले की आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

### सपा के वरिष्ठ नेता का निधन, पार्टी में शोक

**जौनपुर।** नौतपा का असर इन दिनों ज़िले में चढ़े पारा के नाते लोगों का जीवन गर्मी के नाते बेहाल हो गया है। ज़िले के सिरकोनी क्षेत्र के राजेपुर गांव निवासी व समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामेश्वर निषाद का हृदय गति रुकने से मंगलवार की भोर में निधन हो गया। रामेश्वर निषाद समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता के साथ एक इंटर कालेज के प्रबंधक थे। मौत की खबर मिलते ही सपा के पदाधिकारियों सहित कालेज के अध्यापकों में शोक की लहर दौड़ गयी। समाजवादी पार्टी के जफराबाद विधायक जगदीश नारायण राय व केराक़त के विधायक तूफानी सरोज अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुँचकर मृतक रामेश्वर निषाद को पार्टी का झंडा पहनाकर अंतिम विदाई दी।

### गेम जोन अग्निकांड का 5वां आरोपी पकड़ा गया, पूछताछ

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में हुए टीआरपी गेम जोन अग्निकांड मामले में महेश राठौड़ नाम के पांचवें आरोपित को मंगलवार को पुलिस ने हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ जारी है। पुलिस के मुताबिक महेश सोमवार को पकड़े गए आरोपित राहुल राठौड़ का चाचा है। महेश ही गेम जोन में वेल्डिंग कर रहा था, जिसकी चिंगारी से पूरा गेम जोन जलकर राख हो गया। इस अग्निकांड में 28 लोगों की मौत हो गई। महेश राठौड़ भी आग से झुलस गया था। उसका एक अस्पताल में इलाज कराया गया था।

### फर्जी दस्तावेज के साथ पांच बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई।** पुणे जिले के पिंपरी-चिंचवड़ इलाके के भोसरी शांतिनगर में पुलिस ने 5 बांग्लादेशी नागरिकों को फर्जी दस्तावेज के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन पांचों को शह देने के आरोप में दो अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पिंपरी-चिंचवड़ आतंकवाद निरोधी दस्ते की टीम को भोसरी शांतिनगर इलाके में पांच बांग्लादेशी नागरिकों के रहने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर पुलिस ने इन सभी को सोमवार देर रात गिरफ्तार कर लिया।

## विकास कार्य कराकर जनता का आभार रिटर्न करेगी भाजपा व एनडीए सरकार : सीएम योगी

▸ सीएम ने अनुप्रिया पटेल के पक्ष में मिर्जापुर में की जनसभा

समृद्धि न्यूज



**मिर्जापुर।** 48 डिग्री तापमान भी राजग प्रत्याशियों के समर्थन में आपका उत्साह डिगा नहीं पा रहा है। विकास कार्य कराकर आपके पसीने का आभार भाजपा व एनडीए सरकार रिटर्न करेगी। 2014 में आपने अच्छा जनप्रतिनिधि चुना तो मीरजापुर भी विकास की दौड़ में बुलेट ट्रेन की स्पीड से दौड़ रहा है।

भीषण गर्मी में कभी पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसने वाले इस क्षेत्र में हर घर नल योजना क्रियान्वित हो रही है। बहुत जल्द जल की समस्या का समाधान हो जाएगा। 2014 के पहले मीरजापुर में मेडिकल कॉलेज कल्पना थी पर आज मेडिकल कॉलेज है। अगले वर्ष मीरजापुर में विश्वविद्यालय का उद्घाटन करने भी आएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्री व मीरजापुर से राजग अपना दल एस प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल के पक्ष में मंगलवार को महाशक्ति इंटर कॉलेज के सामने बिहसड़ा में जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि छानबे में कोल जाति के सभी लोगों को मकान उपलब्ध करा दिया गया है। सौ फीसदी सेचुरेशन के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़े हैं। यहां का नौजवान पढ़ने बाहर जाता था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हों या भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, इन्हें भी पढ़ने मीरजापुर से बाहर जाना पड़ा था। मां विंध्यवासिनी के त्रिकोण में रोपवे के लिए कार्य या वॉटर वे के माध्यम से कोलकाता व हल्दिया को जोड़ने के लिए प्रयागराज, वाराणसी, बलिया होते हुए हल्दिया तक की कनेक्टिविटी बढ़ाने का कार्य, मीरजापुर अब कहीं भी पीछे नहीं रहने वाला है।

### महिला इंस्पेक्टर 50 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बदायूं।** एंटी करप्शन बरेली इकाई टीम ने मंगलवार को इस्लामनगर थाना में तैनात महिला इंस्पेक्टर सिमरन जीत कौर को पचास हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एंटी करप्शन टीम के सीओ यशपाल सिंह ने बताया कि दुष्कर्म के एक मामले में फैसले के उद्देश्य से पीड़िता के खिलाफ आरोपी व्यक्ति की पत्नी द्वारा रंगदारी और आईटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कराया गया था, जिसकी विवेचना इस्लामनगर थाना में तैनात महिला इंस्पेक्टर (अपराध ) सिमरन जीत कौर कर रही थी। विवेचना के दौरान इंस्पेक्टर को कोई भी महिला के प्रति ठोस तथ्य नहीं मिला। इस पर उन्होंने रेप पीड़िता से मामले में एफआर लगाने के नाम पर दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी।



ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार को लखनऊ के लाल कुआं स्थित रिसालदा पार्क में भंडारा ग्रहण करते हुए भक्त। समृद्धि न्यूज

### विश्व स्वास्थ्य सभा की समिति का अध्यक्ष बना भारत

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य सभा की 77वीं बैठक की एक समिति की अध्यक्षता भारत कर रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि स्विट्जरलैंड के जिनेवा में आयोजित की जा रही विश्व स्वास्थ्य सभा की समिति ए का प्रमुख मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा को चुना गया है। समिति ए में सार्वभौमिक स्वास्थ्य, सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन तैयारी , रोगाणुरोधी प्रतिरोध, जलवायु परिवर्तन और विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्ल्यूएचओ के लिए स्थायी वित्तपोषण करने वाले विभिन्न कार्यक्रम संबंधी विषयों पर चर्चा की जायेगी।

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत आगे बढ़ाने पर नहीं होगी शीघ्र सुनवाई

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर शीघ्र सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य की जांच के लिए अपनी अंतरिम जमानत को एक जून से सात दिन आगे बढ़ाने की गुहार लगाई थी।

न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने केजरीवाल का पक्ष रख रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से कहा कि सुनवाई की तारीख तय करने के लिए उनके विशेष उल्लेख के दौरान किए गए अनुरोध को मुख्य न्यायाधीश के पास भेजा जाएगा। श्री सिंघवी ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग करते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को अपने स्वास्थ्य की स्थिति का पता लगाने के लिए तत्काल मेडिकल जांच की जरूरत है।

### बांग्लादेशी सांसद के हत्यारों के खिलाफ सीआईडी ने जारी किया लुक आउट नोटिस

**कोलकाता।** बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या के चार संदिग्धों के खिलाफ पश्चिम बंगाल सीआईडी ने लुक आउट नोटिस जारी किया है। इनमें सांसद के बचपन के दोस्त अख्तरुज्जमां भी शामिल हैं। सीआईडी सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस जांच के लिए बांग्लादेश के खुफिया प्रमुख हारून रशीद कोलकाता आये हैं। मंगलवार को उन्होंने पत्रकारों से कहा कि बांग्लादेश के खुफिया विभाग का मुख्य लक्ष्य अजीम का शव ढूंढना है। उन्होंने सीआईडी से शरीर के अंगों को पाने के लिए कुछ और स्थानों की तलाश करने का अनुरोध किया।

## अमित शाह मानहानि मामला : कोर्ट में पेश नहीं हुए राहुल गांधी

समृद्धि न्यूज

▸ विशेष अदालत ने सात जून को दिया आखिरी अवसर

**सुलतानपुर।** अमित शाह पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में आरोपी कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को सुल्तानपुर की विशेष अदालत में पेश नहीं हुए।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में आरोपी कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को कोर्ट में पेश नहीं हुए। उनके वकील की ओर से लोकसभा चुनाव में व्यस्त होने के आधार पर दी गई मौका अर्जी पर एमपी-एमएलए की विशेष अदालत के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने हाजिर होने के लिए उन्हें अंतिम अवसर दिया है।

मामले में अगली सुनवाई सात जून को होगी। जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन विजय मिश्रा ने चार अगस्त 2018 को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद दायर किया था। आरोप लगाया था कि राहुल गांधी ने गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

### मार्घेरिटा में अवैध कोयला व्यापारी के घर पर छापा दो करोड़ 99 लाख जब्त

**तिनसुकिया (असम)।** जिले लिडू टिकक स्थित वेस्ट माइनिंग की एक अवैध खदान के धंसने से सोमवार की तीन मजदूरों की मौत के मामले में मार्घेरिटा में एक कोयला व्यापारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने मंगलवार तड़के मार्घेरिटा में कोयला व्यापारी लुंगचांग के घर पर छापा मारकर वहां से दो करोड़ 99 लाख रुपये जब्त किये हैं। कोयला व्यापारी लुंगचांग के खिलाफ लिडू टिकक वेस्ट माइनिंग में अवैध कोयला खदान चलाने का आरोप है। इसी खदान में सोमवार को जिंदा तीन कोयला श्रमिक दफन हो गए थे।

## 26 राफेल विमानों की खरीद के लिए भारत-फ्रांस करेंगे बैठक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा उद्योग के अधिकारियों ने बताया कि फ्रांसीसी पक्ष लड़ाकू जेट सौदे पर आधिकारिक बातचीत करने के लिए रक्षा मंत्रालय के समकक्षों से मुलाकात करेगा। फ्रांसीसी दल में मूल उपकरण निर्माता डसॉल्ट एविएशन और थेल्स सहित उनके रक्षा मंत्रालय और उद्योग के अधिकारी शामिल होंगे।

भारत और फ्रांस के बीच एक बार फिर राफेल की खरीदी के लिए बैठक होने वाली है। 30 मई को उच्च स्तरीय फ्रांसीसी दल भारत आएगा, जिसके बाद दोनों देशों के अधिकारी अनुबंध वार्ता शुरू करेंगे। चर्चा 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए होगी, जिसकी कुल लागत 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। रक्षा उद्योग के अधिकारियों ने बताया कि फ्रांसीसी पक्ष लड़ाकू जेट सौदे पर आधिकारिक बातचीत करने के लिए रक्षा मंत्रालय के समकक्षों से मुलाकात करेगा। फ्रांसीसी दल में मूल उपकरण निर्माता डसॉल्ट एविएशन और थेल्स सहित उनके रक्षा मंत्रालय और उद्योग के अधिकारी शामिल होंगे। वहीं, भारतीय पक्ष में रक्षा अधिग्रहण विंग और भारतीय नौसेना के सदस्य शामिल होंगे। सरकार के सूत्रों की मानें तो वे इस वित्तीय वर्ष के अंत तक फ्रांस के साथ बातचीत पूरी करने और समझौते पर हस्ताक्षर करने का प्रयास करेंगे।

हीट वेव

### मौसम विभाग ने राजधानी के आसपास के शहरों में जारी किया हीट वेव का अलर्ट

## चार साल बाद टूटा गर्मी का रिकॉर्ड, लोग परेशान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मंगलवार की सुबह की शुरुआत तेज धूप से हुई। दिन चढ़ने के साथ ही तामपान और गर्मी और बढ़ रही है।

मंगलवार को लखनऊ का तापमान 44.4 डिग्री था। इससे पहले सोमवार का तापमान 44.3 डिग्री रहा। इससे पहले 2019 मई में 44.8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया था। यह सामान्य अधिकतम तापमान से 4.2 डिग्री अधिक रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 31.2 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य न्यूनतम तापमान से 5.7 डिग्री अधिक रहा। इसके कारण वार्म नाइट की स्थिति बनी रही। लखनऊ में सुबह से ही तेज धूप निकली हुई है। उमस और चिपचिपी गर्मी सुबह से ही परेशान कर रही है। सुबह साढ़े सात बजे तापमान 31 डिग्री पहुंच गया है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री था। आने वाले दो दिनों तक मौसम में कोई खास बदलाव लखनऊ में नहीं होगा। मौसम विभाग लखनऊ के आसपास के शहरों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। सीतापुर, बाराबंकी, उन्नाव, रायबरेली के जिलों में दिन भर हीट वेव का असर बना रहेगा। इसके साथ ही दो दिन बारिश की संभावना कहीं पर भी नहीं है। सड़क पर आवाजाही करने वाले लोग सावधानी बरत रहे हैं। सबसे अधिक दो पहिया से चलने वाले लोग दोपहर के समय में सड़क पर बाहर नहीं निकल रहे हैं। क्योंकि इस दौरान तापमान अधिकतम स्तर पर पहुंच रहा और भीषण गर्मी परेशानी बढ़ा रही है। मौसम विभाग वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि 28 मई को लखनऊ समेत यूपी में हीट वेव का प्रकोप रहा।

### उत्तर भारत में दो दिन बाद गर्मी से थोड़ी राहत के आसार

**नई दिल्ली।** राजधानी समेत समूचा उत्तर पश्चिम भारत इन दिनों भीषण उष्ण लहर की चपेट में है। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान समेत दिल्ली के कई इलाकों में मंगलवार को भी अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। हालांकि मौसम विभाग ने दो दिनों के बाद यानि 30 मई से तापमान में थोड़ी गिरावट की संभावना जताई है। भारत मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक आर के जेनामणि ने बताया कि अरब सागर से उठने वाली हवा के कारण उत्तर भारत के तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज की जा सकती है। 31 मई को राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में धूल भरी आंधी, बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश भी होने की संभावना है। इससे राजधानी समेत पश्चिमी भारत के राज्यों के तापमान में तीन से चार डिग्री की गिरावट हो सकती है।

# रोटरी क्लब ने पंचायत भवन को दिया कम्प्यूटर

**मसौली ,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3120 की ओर से सोमवार को लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित हाइवे एक होटल मे सेवा विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया क्लब के गवर्नर सुनील बंसल ने साल भर रोटरी क्लब द्वारा कराये गये कार्यो की जानकारी देते हुए उन्होंने सहयोग की भावना से काम करने का संदेश दिया। इस दौरान ग्राम पंचायत बड़ागाव के पंचायत भवन मे संचालित लाइब्रेरी के लिए एक कंप्यूटर प्रदान किया गया। कार्यक्र म का शुभारंभ राष्ट्रगान से शुरु हुआ सर्वप्रथम रोटरी क्लब बाराबंकी के अध्यक्ष महबूब उर रहमान किदवाई ने क्लब के गवर्नर सुनील बंसल का माला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर स्वागत करते हुए वित्तीय वर्ष मे क्लब द्वारा कराये गये कार्यो की जानकारी दी। क्लब के सचिव गिरीश अरोरा ने बीते हुए सत्र मे जनसेवा के रूप मे किये गये कार्यो की जानकारी दी। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो सुनील बंसल ने कहा कि सभी रोटेरियन सेवा कार्य करते रहते हैं, सेवा करने से हमें संतुष्टि मिलती है। कोई भी कार्य हमेशा सेवा के भाव से ही करना चाहिए अगर सदस्यों की यह टीम कोई भी कार्य करें, तो उनका नाम समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आएगा।

गवर्नर सुनील बंसल ने पिछले सत्र मे हुए कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है साथ ही रोटरी क्लब के सदस्यों से कहा कि पौधरोपण हमेशा बाउंड्रीवाल के अंदर करे जिससे पौधो को बचाया जा सके उन्होंने आपसी मित्रता बढ़ाकर सेवा कार्यों को करने का संकल्प दिलाया तथा आपसी तालमेल जरिये आसानी से सेवाकार्य का लक्ष्य पूरा करने का मंत्र दिया तथा रोटरी क्लब के नये सदस्य राजेश अरोरा को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया तथा रोटरी क्लब के अंतर्गत अंगीकृत प्राथमिक विद्यालय दरामनगर का भर्मण किया गया। शिखा श्रीवास्तव के संचालन एव सरदार रविंद्र सिंह कालरा के सम्बोधन के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर प्रथम महिला रो मनीषी बंसल, डिस्ट्रिक्ट ट्रेनर के के श्रीवास्तव, सचिव भारती गुप्ता संस्थापक सदस्य अरविंद गुटगुटिया, डॉ रवि आहुजा डॉ. सुधीर वर्मा, सुमना किदवाई सहित रोटरी क्लब के सदस्य मौजूद रहे।




**लाइब्रेरी को मिला कम्प्यूटर:** विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत बड़ागाव के पंचायत भवन मे ग्राम पंचायत द्वारा बनवाई गयी लाइब्रेरी मे रोटरी क्लब द्वारा एक कंप्यूटर सिस्टम ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद एव पंचायत सचिव जैसराम को भेंट किया गया। बताते चले कि पंचायत भवन बड़ागांव मे संचालित लाइब्रेरी मे बड़ागाव सहित आसपास गांवो के बच्चे पढ़ाई के लिए आते है रोटरी क्लब द्वारा भेंट किये गये कंप्यूटर से बच्चे अब आनलाइन पढ़ाई कर सकेंगे।

## कोटवाधाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** ज्येष्ठ माह के प्रथम बडे मंगलवार को श्री समर्थ जगजीवन दास साहेब बड़े बाबा के दरबार कोटवा धाम में उमडा आस्था का जनसैलाब हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं चादर परसाद चढा कर मनवांछित फलों की प्राप्ति एंव विश्वमानव कल्यांण की कामना किया। वही विद्युत उपकेन्द्र सिरौलीगौसपुर में सहायक अभियंता विद्युत रामगोपाल जेई कटियार ने विशाल भन्डारे का आयोजन किया सीएचसी अधीक्षक डाक्टर सन्तोष कुमार सिंह सहित क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भन्डारे में प्रसाद ग्रहण किया अंकित गुप्ता सत्यवान टी जी टू, पप्पू लैन मैन समेत समस्त स्टाफ ने श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण किया। सूर्यपुर खपरैला मे ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार रावत ने विशाल भन्डारे का आयोजन किया हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# अज्ञात कारणों से लगी आग गृहस्थी जलकर राख

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

▸ दो नाबालिक बच्चों की गुहार सुनकर गांव के सैकड़ों ग्रामीण दौड़ पड़े

नगर पंचायत सुबेहा के पूरे तेजी वार्ड स्थित एक घर में रखे छप्पर में अज्ञात कारणो के चलते आग लग गई। घटना के समय गृह स्वामी मजदूरी करने गया था घर में मौजूद दो नाबालिक बच्चों की गुहार पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का भरपूर प्रयास किया परंतु जब तक आज पर काबू पाया जाता तब तक सारी गृहस्थी जलकर नष्ट हो गई। वार्ड निवासी पुतान पुत्र बैजू के घर में रखे छप्पर में आज सुबह 9 बजे अचानक आग लग गई घर में मौजूद दो नाबालिक बच्चों ने गुहार लगाई जिस पर गांव के सैकड़ो ग्रामीण दौड़ पड़े और आग बुझाने में जुड़ गए कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक छप्पर समेत घर में मौजूद हजारों रुपए कीमत की गृहस्थी का समान जलकर राख हो गया।

बताया जा रहा हैं कि पुतान बहुत गरीब व्यक्ति हैं दिनभर मजदूरी करने के बाद शाम को मिलने वाले पैसे से अपने बच्चों का पेट पालता है दीवाल पर छप्पर रखकर किसी तरह से गुजर बसर कर रहा था, वह भी जल कर राख हो गया।

# सीमेंट कंक्रीट मिक्सर मशीन में उतरा करंट, एक मजदूर की मौत, दो घायल

**रामनगर,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

▸ आनन-फानन मे घायलों को इलाज हेतु सीएचसी रामनगर ले जाया गया

विद्युत आपूर्ति के लिये दौड़ रहे हाईटेंशन लाइन से सीमेंट मौरंग गवडने वाली मिक्सर मशीन के छू जाने के कारण विद्युत की चपेट में आ जाने से एक मजदूर की मौत हो के साथ दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।जिन्हे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया।

वहां पर एक व्यक्ति की हालत नाजुक होने के चलते उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है।मालूम है कि थाना रामनगर के अन्तर्गत ग्राम बिठौरा के निवासी आशीष सिंह की मिक्सर मशीन मंगलवार को ग्राम सीहामऊ में मनोज धीमान के निर्माणाधीन मकान में छत डालने के लिये गयी थी।छत डालने के बाद मजदूर जब मिक्सर मशीन में लगे चैनल को निकालने लगे तब ऊपर से निकली हाई टेंशन विद्युत लाइन के तार उससे छू गये जिससे लगे करंट से 40 वर्षीय मजदूर लच्छीराम पुत्र आशाराम 24 वर्षीय जितेंद्र पुत्र ब्रजेश निवासी बिठौरा व मिस्त्री विश्वनाथ पुत्र राम सजीवन करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गये।

आनन -फानन मे घायलों को इलाज हेतु सीएचसी रामनगर ले जाया गया। जहाँ पर डॉक्टरों ने लच्छीराम को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल जितेंद्र का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया तीसरे घायल विश्वनाथ मिस्त्री का इलाज प्राइवेट हॉस्पिटल में चल रहा है। घटना की सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडेय ने जांच एंव आवश्यक लिखा पढी कर मृतक के शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक परिवार में अकेला कमाने वाला था।



## दादा मियां के आस्ताने पर कौवाली आयोजित

**जैदपुर,बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर के मोहल्ला बडापूरा में दादा मियां के उर्स के मौके पर सोमवार को बाद नमाजे इशा एक शानदार कव्वाली का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बे सहित आस पास क्षेत्र के लोगों की भीड़ मौजूद रही। जानकारी के अनुसार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हज़रत इब्राहीम शाह दादा मियां के उर्स के मौके पर लगने वाले मेले में कस्बे सहित आस पास क्षेत्र के लोगों की आमद से सात दीवसीय मेले में काफी भीड़ भाड़ बनी हुयी है। छोटे बड़े झूले हिंडोलन के लगने से एक अलग माहोल बन चुका है। जैदपुर के मोहल्ला बडापूरा में हज़रत मियां इब्राहीम शाह दादा मियां के उर्स के मौके सोमवार को शानदार कव्वाली के आयोजन किया गया। जिसमें शारूख नवाब कानपूरी व उजमा नाज प्रतापगढ़ी के बीच जवाबी कव्वाली का मुकाबला पेश किया गया। देर रात तक चहल पहल बनी रही। झूला ब्रेक डांस रेल सहित विभिन्न प्रकार के मंनोरंजन हेतु हिंडोलन भी जमकर भीड़ बनी रही। वहीं बुधवार को आल इंडिया मुशायरा के आयोजन किया जायेगा।

# सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ आयोजित हुए भण्डारे

**आम पना का लगा भंडारा**

गर के प्रतिष्ठित श्री रामेश्वरम शिवाला मंदिर पर युवा समाजसेवी हरिकेश तिवारी आकाश वर्मा उमेश तिवारी मुन्ना मिश्रा गुलाब तिवारी द्वारा स्टाल लगाकर पूरी सब्जी और आम पना का प्रसाद के रूप में वितरण किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया इस अवसर पर हरिकेश तिवारी द्वारा वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया को अंग वस्त्र एवं सुंदरकांड और हनुमान चालीसा की पुस्तक देकर सम्मानित किया।

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगल के शुभ अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमत भक्तों द्वारा श्री रामचरितमानस एवं सुंदरकांड पाठ के उपरांत जगह-जगह पर स्टाल लगाकर पूरी सब्जी छोले चावल बूंदी आदि का प्रसाद वितरण किया गया। इसी क्रम में आज युवा समाजसेवी मोहित सिंह द्वारा ग्राम मानपुर स्थित निज निवास पर श्री रामचरितमानस के पाठ के उपरांत पूरी सब्जी का प्रसाद के रूप में वितरण किया गया। ग्राम अमिलहरा मजरे बारा गांव निवासी संतोष दीक्षित द्वारा सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पूरी सब्जी छोले चावल बूंदी आदि का प्रसाद वितरण किया गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह सोनू आसाराम वर्मा अभय प्रताप सिंह मनोज सिंह समाजसेवी शक्ति सिंह नवदीप दुबे 0018 धीरेंद्र सिंह धीरू समाजसेवी विष्णु शुक्ला पुजारी सिंह मुन्ना त्रिवेदी सहित हजारों लोगों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।





## प्रथम मंगलवार पर भंडारा आयोजित

**जैदपुर बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर के अहिरान भुयारे बाबा बड़ी बाजार सनराइज स्कूल सहित आस पास क्षेत्र अंतर्गत बेलहा बाबा मंदिर, मौथरी, जियनपुरवा सहित कई स्थानों पर मंगलवार को सुबह से ही ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के भारी संख्या में उपस्थित लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं इस दौरान भगवान हनुमान जी के सुंदर और अलौकिक प्रसंग व भजनों पर झूमते हुए भंडारे का देर रात तक समापन किया गया। वहीं जियनपुरवा में प्रमोद गोस्वामी द्वारा शंकर भगवान के मंदिर पर आयोजित भंडारे में भाजपा से सदर विधानसभा की प्रत्याशी रही राम कुमारी मौर्या महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख रवि रावत, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा प्रमोद गोस्वामी, महामंत्री युवा मोर्चा सर्वेश अवस्थी, सुनील गोस्वामी, पुजारी श्री भवानी दिन महराज गोस्वामी, अशोक कुमार, रामफेर वर्मा, राजाराम, धर्मेंद्र, सुरेन्द्र फुरकान राम हरख वर्मा व अन्य गांव के भक्तगण उपस्थित रहे।

## हनुमान चालीसा की गूंज भण्डारो में भारी भीड़

**मसौली बाराबंकी।** लाल देह लाली लसे अरू धरि लाल लँगूर।बज्र देह दानव दलन जय जय जय कपि सूर।। जेष्ठ माह के प्रथम बड़ा मंगल के अवसर पर क्षेत्र में जगह जगह भण्डारे एव प्याऊ लगाकर भक्तो को प्रसाद वितरण किया गया तथा भगवतदास हनुमान मंदिर मसौली में मेले का आयोजन किया गया जहाँ पर दूरदराज से आये हजारो भक्तो ने पवनपुत्र हनुमान की पूजा अर्चना कर आरती उतारी। बड़ा मंगल के अवसर पर कस्बा मसौली, बांसा,बड़ागाँव, भयारा, नैनामऊ, सदरुद्दीनपुर, सफदरगंज, दादरा, रसौली सहित ग्रामीण अंचलों में जगह जगह प्याऊ लगाकर सर्बत पिलाया गया वही पूड़ी,बूंदी का वितरण किया गया। कस्बा मसौली के प्राचीन भगवतदास हनुमान मंदिर पर मेले का आयोजन किया। ट्रैक्टर ट्रालियों से आये हजारो भक्तो ने पवनपुत्र की पूजा अर्चना की। ग्राम पंचायत रसौली स्थित विशाल ढाबे पर भंडारे का आयोजन किया गया। राजेंद्र प्रसाद, सत्यनाम, विक्रम चौधरी, राधेश्याम, भरत यादव, विशाल कुमार, जसवंत सिह, सोनावती बीडीसी चेतराम सहित समस्त स्टाफ के लोगो ने प्रसाद का वितरण किया। बड़ागांव मे रामप्रवेश वर्मा द्वारा अपने आवास पर भंडारे का आयोजन किया।

## खबरें एक नजर में

### साइबर ठगी का शिकार हुआ व्यक्ति, मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कस्बा निवासी एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गया जालसाजी करते हुए साइबर ठग ने बैंक खाते से हजारों रुपए निकाल लिए। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। कस्बा निवासी कुनाल कटियार ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया की गत 21 मई की दोपहर में वह फेसबुक चला रहा था कि तभी उसके मोबाइल पर एक लिंक आया उसने लिंक को डाउनलोड करने के लिए जैसे ही क्लिक किया वैसे ही उसके बैंक ऑफ़ बड़ौदा के हैदरगढ़ शाखा स्थित खाते में जमा 17,799 रुपये की पूरी रकम निकल गई।

### वाटर होल्स में बैठे गर्मी से बचने का प्रयास करते राइनो व बाघ



**लखीमपुर खीरी।** भीषण गर्मी के प्रकोप के चलते तेज गर्म हवा लोगों को बीमार कर रही है। सूर्य देव का बराबर प्रकोप जारी है ऐसे में न सिर्फ इंसान बल्कि पशु पक्षियों की भी हालत खस्ता है। भीषण गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए दुधवा नेशनल पार्क में बाघ व राइनो वाटर होल्स में बैठकर गर्मी से बचने का प्रयास कर रहे है। जंगल में जंगली जानवरों का दीदार करने आए सैलानियों ने बाघ व राइनो का वीडियो बनाकर सोसल मीडिया पर वायरल कर दिया जिसने भी वीडियो देखा वो यही कह रहा है इस भीषण गर्मी में जहां इंसान परेशान है वहीं जंगली जानवरों को भी काफी दिक्कतें हो रही है। वही कुछ सैलानीयो ने देखा एक बाघिन अपने शावक को लाड दुलार कर रही है इस मनमोहक दृश्य को कैमरे में कैद कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस समय सैलानियो को लगातार पशु पक्षियों के दीदार हो रहे है जिससे दुधवा नेशनल पार्क में आने वाले सैलानियों के चेहरे पर खुशी की झलक साफ देखी जा सकती है।

### भैंस चोरी मामले में तीनो आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**निघासन खीरी।** निघासन की कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र के एक गांव में किसान की घारी मे बंधी भैंस को रात्रि में चोर चोरी कर ले गए। भैंस के मालिक ने तिकुनिया पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही तीन लोगों को नामजद तहरीर दी थी। तिकुनिया पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। शनिवार की रात्रि लगभग 12 बजे दिनेश वर्मा निवासी भुलनपुर कोतवाली तिकुनिया ने गांव के ही तीन लोग राजेश वर्मा कल्लू निवासी भूलनपुर हरि नाम वर्मा निवासी सिंगहा कला पर भैस चोरी का आरोप लगाया था। तिकुनिया पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर में बताया था कि शनिवार की रात अपने घर पर सो रहा था और उसकी घारी में एक भैंस बंधी हुई थी जिनको रात्रि में उपरोक्त लोगों ने चोरी कर लिया। चोरी के आरोपियों के खिलाफ तिकोनिया कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। तिकुनिया पुलिस ने नाम जद तीनों आरोपियों के खिलाफ भैंस चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# बुजुर्ग को पुलिस ने लात-घूसों से पीटा, हाथ टूटा

**बांकेगंज खीरी। समृद्धि न्यूज**

मैलानी थाने की बांकेगंज चौकी क्षेत्र अंतर्गत लोगों को चोर उचक्कों से नहीं डर लगता बल्कि यहां की पुलिस से डर लगता है क्योंकि यहां पुलिस कब किसको कितना पीठ दे कहां नहीं जा सकता। वादी हो या प्रतिवादी एक बार पुलिस का मन जिसको पीटने को कर जाए फिर यह जरूरी नहीं कि वह सही हो या गलत।

बांकेगंज चौकी क्षेत्र में बांकेगंज पुलिस ने एक लगभग 65 वर्षीय बुजुर्ग को इतना पीटा की उसका हाथ ही तोड़ दिया और बुजुर्ग को यह तक नहीं पता कि आखिर उसका कसूर क्या है। जिस पर बुजुर्ग ने उत्तर प्रदेश शासन योगी आदित्यनाथ दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। बुजुर्ग ब्रह्मा दीन पुत्र जुगनू निवासी ग्राम अर्जुनपुर ग्रंट नंबर 10 बांकेगंज ने बताया कि वह अपने खेत पर काम कर रहा था तभी एकाएक बांकेगंज चौकी पुलिस के दीवान राजेंश यादव अपने अन्य सिपाही कर्मियों के साथ आकर मारना पीटना शुरू कर दिया। बुजुर्ग के द्वारा पूछे जाने पर दीवान और ज्यादा आग बबूला हो गए और इतना पीटा की बुजुर्ग का हाथ ही टूट गया। बुजुर्ग ने बताया कि वह जिस खेत पर काम कर रहा था उस पर पिछले कई वर्षो से खेती कर रहा है पास के ही एक व्यक्ति ने खेत पर अपना हक जताते हुए विवाद किया जिस पर बुजुर्ग ने लेखपाल को मौके पर बुलाकर निस्तारण करवाया और लेखपाल ने बुजुर्ग के पक्ष में बोलते हुए कहा कि यह खेत इन्हीं बुजुर्ग का है इस पर विपक्षी ने पुलिस से साठ गांठ करके पीड़ित बुजुर्ग को पिटवा दिया। बता दे ऐसी कोई घटना पहली बार नहीं बल्कि पिछले कई माह से बांकेगंज चौकी इंचार्ज द्वारा फरियादियों को प्रताड़ित करने और गाली-गलौज करने के मामले सामने आए हैं ।

एक माह पहले दो वीडियो वायरल हुए थे जिसमें वह महिला को गाली देते हुए चौकी से भगाते नजर भी आये थे। और दूसरी वीडियों में एक प्रतिष्ठित व्यापारी के पुत्र को गालियां देते नजर आ रहे थे। इसके अलावा पीड़ितों से रूपये लेन-देन के भी मामले सामने आये लेकिन, उच्चाधिकारियों की कार्रवाई शून्य उच्च अधिकारियों की नजर नहीं पड़ी। फिलहाल मामले से संबंधित क्षेत्राधिकारी गोला अजेंद्र यादव को जांच के लिए निर्देशित कर दिया गया है।



# प्रेमिका के बुलाने पर घर पहुंचे प्रेमी की भाई ने की हत्या

▸ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**मितौली खीरी। समृद्धि न्यूज**

थाना नीमगांव के गांव मिर्जापुर में उस वक्त सनसनी फैल गई जब प्रेमिका से मिलने आए प्रेमी युवक की हत्या कर दी गई। प्रेमिका के घरवालों ने मंगलवार तड़के करीब पांच बजे उसे पकड़ लिया। घर के अंदर ही उसे बेरहमी से पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई।सनसनीखेज वारदात से क्षेत्र में दहसत का महौल बना हुआ है। बताया जा रहा है कि 22 वर्षीय नागेश अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचा था जहां युवती के परिजनों ने पकड़ लिया। और उसको पीटना शुरू कर दिया और आरोपियों ने पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। युवक की हत्या से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद नीमगांव थाना पुलिस पहुंची। पुलिस ने छानबीन करते हुए युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। वारदात के बाद से युवती के परिजन घर से फरार बताए जा रहे हैं। लड़की का घर लड़के के घर से 50 मीटर की दूरी पर है। बताया जाता है कि लड़की के घर में ही युवक को बेरहमी से पीटा गया और घायल अवस्था में युवक ने खुद ही 112 पर कॉल की।इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को लहूलुहान अवस्था में लड़की के घर से बाहर निकाला।

उसके बाद युवक ने तुरंत ही दम तोड़ दिया। युवक और युवती दोनों एक ही बिरादरी के बताये का रहे हैं। सीओ और एसओ ने गांव पहुंचकर जांच की। वारदात के बाद से लड़की के घरवाले फरार हैं। पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है।





**वर्जन ---**

क्षेत्राधिकारी मितौली शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि नागेश पुत्र विनोद नाम के लड़के का प्रेम प्रसंग गांव के ही एक सजातीय लड़की से चल रहा था। लड़का उनके घर मिलने गया था लड़की के घर वाले जाग गए इसके बाद लड़की के घर वालों ने लड़का और लड़की दोनों को मारा। लड़के को काफी छोटे आई जिसके बाद उसकी इलाज के लिए जिला चिकित्सालय ओयल भेजा गया था। इलाज के दौरान लड़के की मृत्यु हो गई वही लड़की को भी चोटे आने की वजह से उसका भी इलाज चल रहा है।

# खेत देखने जा रहे किसान की सड़क हादसे में मौत

**ईसानगर खीरी। समृद्धि न्यूज**

अज्ञात वाहन की चपेट में आकर साइकिल सवार युवक की मौत हो गई वही साइकिल के पीछे बैठे युवक को गंभीर चोटें आईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर कर अग्रिम विधिक कार्यवाही शुरु की और गंभीर रुप से घायल युवक को इलाज के लिए चिकित्सालय भेजा गया। बीते सोमवार को समय करीब 22.00 बजे कमलेश कुमार वर्मा पुत्र उमेश कुमार उम्र करीब 40 वर्ष नि0 बिरसिंहपुर थाना ईसानगर जिला खीरी अपने साथी विनोद कुमार पुत्र शिवभगवान 30 वर्ष नि0 उपरोक्त के साथ साइकिल पर बैठकर अपने घर ग्राम बिरसिंहपुर से खेत की रखवाली करने जा रहे थे कि जैसे ही शाह फिलिंग सेन्टर बिरसिंहपुर के पास पहुँचे तभी पीछे से किसी अज्ञात वाहन चालक के द्वारा साइकिल मे टक्कर मार दी गयी जिससे साइकिल के पीछे बैठा कमलेश कुमार उपरोक्त की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरवाकर पोस्टमार्टम हेतु लखीमपुर खीरी भेज दिया तथा साइकिल चालक विनोद कुमार उपरोक्त गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसको तत्काल अस्पताल भिजवाया। पुलिस के मुताबिक घटना के सम्बन्ध मे मृतक कमलेश की पत्नी सीमा पत्नी स्व0 कमलेश वर्मा नि0 बिरसिंहपुर थाना ईसानगर जिला खीरी की लिखित तहरीर के आधार पर एमवी एक्ट बनाम अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध पंजीकृत किया गया है।

# पटरी पर मिला घर से निकले युवक का शव

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

फरधान कस्बे क़ी रेलवे स्टेशन क़ी पटरी पर युवक का शव पड़ा मिला। रेलवे पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक थाना कोतवाली सदर के गांव महेवागांव निवासी जमील का पुत्र जावेद है। पिता ने बताया सोमवार क़ी दोपहर को बिना बताए वह कही निकल गया था।

मंगलवार की सुबह रेलवे पुलिस कोतवाली लखीमपुर को सूचना मिली कि गोला रेलवे चौकी के फरधान स्टेशन के पास रेलवे लाइन की तीसरी लाइन पर एक युवक का शव पड़ा। सूचना पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। शव की शिनाख्त मौके पर नहीं हो सकी। अनुमान लगाया जा रहा हादसा बीतीरात रात को आठ बजे 09354 मैलानी से डालीगंज को जाने वाली पेसेंजर ट्रेन से हुआ है। स्टेशन मास्टर शिराज अहमद ने बताया जिस रेलवे लाइन पर शव पड़ा मिला है उस पर रात आठ के एक ट्रेन गुजरी थी उसके बाद कोई ट्रेन नहीं गुजरी। सुबह छह बजे रेलवे लाइन पर शव को देखा गया था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस गोला चौकी के इंचार्ज विनोद सिंह ने पोस्टमार्टम के भेज दिया था। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद मृतक की शिनाख्त हो गयी और पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। कोतवाली सादर के गांव जमील ने बताया कि उसका पुत्र जावेद 22 वर्ष एक माह पहले दिल्ली में काम करने गया था। सोमवार की सुबह दिल्ली से आया था और दोपहर को घर में किसी को कुछ बताये पर्स, मोबाईल घर में छोड़कर कही चला गया था। मंगलवार को करीब दस बजे उसके शव के मिलने की सूचना मिली।



# एक वर्ष पूर्ण होने पर नपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

**गोला गोकर्णनाथ खीरी। समृद्धि न्यूज**

विजय शुक्ला रिंकू चेयरमैन नगर पालिका परिषद ने एक वर्ष का कार्यकाल पूरा करने पर कैम्प कार्यालय गौशाला में कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील सिंह जिला अध्यक्ष भाजपा खीरी के सानिध्य में सम्पन्न हुआ।

पहली बार गोला गोकर्णनाथ की पालिका में भाजपा के विजय शुक्ला रिंकू को विजय दिलाने वाले नगर पदाधिकारी, शक्ति केन्द्र संयोजक, 25 वार्डों के वार्ड संयोजक,62 बूथों के एजेंट ,मतगणना अभिकर्ताओं सहित लगभग 200 कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित किया गया। कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते हुए जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू को बधाई दी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, विजय महेश्वरी, जिला मंत्री रामजी दीक्षित, पूर्व मण्डल प्रभारी राजा राज राजेश्वर सिंह, पूर्व जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा, पूर्व जिला मंत्री दीपक पुरी,डा. प्रीति पाण्डेय, अशोक सक्सेना, जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा विनोद स्वर्णकार, समाजसेवी रमेश अग्रवाल को स्मृति चिन्ह भेंट कर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर राजा जफर उल्ला, राम मोहन सोनी, शिव गोपाल गुप्ता, दीपेन्द्र गुप्ता, ठाकुर प्रसाद गंगवार, सौरभ दीक्षित, शैलेन्द्र सक्सेना, अनुज खरे, संजय तिवारी, वैजनाथ अग्निहोत्री, वेद अग्निहोत्री, श्रीकांत तिवारी, राकेश तिवारी, समीक्षा गुप्ता, पिंकी गुप्ता, गीता विश्वकर्मा, सीमा सक्सेना, अनीता शर्मा, नीलम ,सविता, पालिका के समस्त सभासद, विभिन्न संगठनों के सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजन उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा ने किया।




## नहर में नहाते समय डूबे युवक का शव बरामद

**उचौलिया खीरी।** थाना क्षेत्र के बरनैया में शारदा नहर में रविवार को नहाते समय युवक डूब गया था जिसकी तलाश में उचौलिया पुलिस ने रात दिन एक कर दिया और लगातार तलाश जारी रही लेकिन कोई पता नहीं चल सका। मंगलवार की दोपहर को उचौलिया पुलिस को सूचना मिली कि टोडरपुर जनपद हरदोई में नहर में एक शव की सूचना पर उचौलिया पुलिस पहुंची और शव को बाहर निकलवाया तो उसकी पहचान आशीष यादव पुत्र तारा शंकर यादव निवासी धुई थाना हंडिया जनपद प्रयागराज के रूप में हुई जो रविवार को उचौलिया क्षेत्र के बरनैया के निकट शारदा नहर में नहाते समय डूब गया था। मृतक की पहचान आशीष नाम के युवक से की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। मृतक आशीष तीन भाई व एक बहन है।

# गर्मी की वजह से बेहोश हुए 11 साल के किशोर की मौत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में 11 साल के बच्चे की गर्मी से मौत हो गई। वह अपने घर की तरफ जा रहा था, रास्ते में अचानक गिर गया। आसपास के लोगों ने बच्चे को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना लखनऊ के विकास नगर एरिया की है। पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक, 11 वर्षीय शिवा पुत्र सर्वेश कुमार निवासी, विकास नगर, बटाह, सबोली सोमवार को घर से खेलने के निकला था। शाम करीब 6.30 वह वापस घर लौट रहा था। तभी अचानक वह गिर गया, उसे उल्टियां होने लगीं और कुछ ही देर में वह बेहोश हो गया। आसपास के लोगों ने किशोर के घरवालों को सूचना दी और उसे अस्पताल पहुंचाया। प्राइवेट हॉस्पिटल ने शिवा की कंडीशन देखी और उसे इलाज के लिए केजीएमयू रेफर कर दिया। परिजन जब वहां पहुंचे तो डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस ने कहा, पीएम रिपोर्ट के बाद मौत की असली वजह का पता चलेगा।

# बड़े मंगल पर राजधानी में जगह-जगह लगे भंडारे, लोगों ने पाया प्रसाद

## प्रगति बाजार में बड़ा मंगल पर सुंदरकाण्ड की संगीतमयी प्रस्तुति

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ शहर की सड़कों पर बड़ा मंगल पर्व के अवसर पर सैकड़ों की संख्या में हुए भंडारों में लाखों लोगों ने प्रसाद पाया। शहर की हर सड़क पर प्रसाद लेते हुए लोगों ने प्रभु श्रीराम के भक्त हनुमान के भगवत स्वरूप को बारम्बार नमन किया।

शहर में आस्था पूर्ण करने वाले हनुमान मंदिरों में हनुमान सेतु मंदिर, अलीगंज हनुमान मंदिर, विकास नगर के गुलाचीन हनुमान मंदिर, राजाजीपुरम के बाला जी हनुमान मंदिर, बड़े हनुमान मंदिर गुडम्बा मार्ग, प्रसिद्ध हनुमान मंदिर बंथरा, बाला जी मंदिर तेलीबाग सहित कई मंदिरों के बाहर बड़ा मंगल के अवसर पर भक्तों ने भंडारे का आयोजन किया। मंदिरों में दर्शन-पूजन कर निकलने वाले भक्तों को भंडारे में प्रसाद स्वरूप पूड़ी सब्जी, कढ़ी चावल, शरबत, जूस इत्यादि का वितरण किया गया। कपूरथला क्षेत्र में प्रगति बाजार में बड़ा मंगल के अवसर पर सुंदरकाण्ड की संगीतमयी प्रस्तुति की गयी। इस स्थान पर भंडारा का शुभारम्भ महंत देव्या गिरी ने किया। महंत देव्या गिरी ने अपने हाथों से प्रसाद का वितरण भी किया। इसी क्षेत्र में सामुदायिक केन्द्र के भीतर गौ सेवा के कार्यकर्ताओं ने प्रसाद वितरण कार्यक्रम किया। गौ सेवा के प्रांत संयोजक सर्वजीत, विभाग संयोजक शरद चंद्र, नगर संयोजक डीपी सिंह, नगर संयोजक सच्चिदानंद की उपस्थिति में बड़ा मंगल का प्रसाद वितरण हुआ।

व्यापारिक क्षेत्र नजीराबाद में व्यापार मंडल की ओर से बड़ा मंगल पर भंडारा हुआ। नजीराबाद व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुरेश छबलानी ने व्यापारियों के साथ भगवान हनुमान के चित्र का पूजन किया और इसके बाद भंडारा आरम्भ कराया। अपराह्न बाद से सायंकाल तक भंडारे में प्रसाद वितरित होता रहा। ऐशबाग क्षेत्र में व्यापारी नेता सुरेन्द्र मोदी की ओर से भंडारा कार्यक्रम हुआ और स्थानीय लोगों ने उसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। बड़ा मंगल के अवसर पर गोमती तट लखनऊ स्थित हनुमत धाम पर राज्यसभा सांसद डॉ.दिनेश शर्मा ने पहले हनुमान जी का दर्शन-पूजन किया और इसके बाद प्रसाद वितरण में आयोजकों का सहयोग किया। हजरतगंज क्षेत्र में पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम ने लोगों को प्रसाद स्वरूप शीतल पेय का वितरण किया। शहीद स्मारक पार्क में नगर निगम के कर्मचारियों ने बड़ा मंगल पर हनुमान जी की पूजा की और इसके बाद भंडारा आरम्भ किया। पूड़ी सब्जी का प्रसाद बांटते हुए नगर निगम के कर्मचारियों ने लोगों की प्यास भी बुझायी। प्रसाद वितरण के करने वाले कर्मचारियों ने अपने बीच के कर्मचारी नेताओं के सम्मान में उन्हें सर्वप्रथम प्रसाद उपलब्ध कराये।

### विधायक डॉ. राजेश्वर ने पिपलेश्वर हनुमान मंदिर में कराया भंडारा

भाजपा के विधायक राजेश्वर सिंह की ओर से कानपुर रोड पर पिपलेश्वर हनुमान मंदिर और बंथरा के हनुमान मंदिर पर विशाल भंडारा का आयोजन कराया गया। विधायक राजेश्वर सिंह ने भंडारे को अपनी स्वर्गीय मां तारा सिंह की स्मृति में किया गया। जिसमें दोपहर दो बजे के बाद लोगों की भारी भीड़ उमड़ी और सायंकाल तक लोग प्रसाद लेते रहे।

## खबरें एक नजर में

### संयुक्त हिन्द कल्याण समिति के भंडारे में उमड़े भक्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी मकं आज बड़ा मंगल धूमधाम से मनाया जा रहा है। रविन्द्र पल्ली नारायण नगर इलाके में संयुक्त हिन्द कल्याण समिति की तरफसे भव्य भंडारा लगाया गया है। इसमें पूड़ी,सब्जी, बूंदी आम का पना और रसना बांटा जा रहा है। सुबह से भंडारा में भक्तों की लंबी कतारे दिख रही हैं। लोग प्रसाद लेने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। आयोजन समिति के मुताबिक, रात 7 बजे तक भंडारा जारी रहने वाला है। आयोजन समिति के हरीश चन्द्र छापरी, जय सिंह, सुरेश पैन्यूली, एनपी अवस्थी, दिलीप शुक्ला बताते हैं- 3000 लोगों के लिए हमने भंडारा में तैयारी की है, मगर भक्तों की कतार देखकर लग रहा है कि व्यवस्थाएं बढ़ानी होंगी। बड़ा मंगल से जुड़ी धार्मिक मान्यताएं हैं, मगर एक फैक्टर यह भी है कि ज्येष्ठ के महीने में 40 से0 से ज्यादा तापमान रहता है। लोग प्यासे न रहे, इसलिए भी जगह-जगह लोग ठंडा शरबत पिलाते हैं। चाहे हिंदू हो या मुस्लिम, कोई भेदभाव नहीं होता। अयोजन समिति के लोग कहते हैं- हमारा भंडारा 12 सालों से चलता आ रहा है। इसकी शुरुआत बहुत छोटी हुई थी, तब 6 लोग शामिल थे। मगर समय के साथ आस्था बढ़ती गई और भंडारा का स्वरूप भी बढ़ता गया। दूर-दूर से लोग भंडारा में आते हैं, अमीर-गरीब सब लाइन में लगकर प्रसाद लेते हैं। हनुमानजी का ध्यान करके सभी प्रसाद ग्रहण करते हैं।

### छुट्टी में ड्यूटी करने वाले कर्मियों को उपार्जित अवकाश दे सरकार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी को पत्र लिखकर छुट्टी में लोकसभा चुनाव में ड्यूटी पर तैनात शिक्षक-शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को काम के बदले उपार्जित अवकाश देने की मांग की है।संघ के प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह व प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा है कि माध्यमिक शिक्षा विभाग में 21 मई से 30 जून तक ग्रीष्मावकाश है। इस दौरान सामान्य लोकसभा चुनाव में प्रदेश के हजारों शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मचारी निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न करा रहे हैं। शासनादेश के अनुसार अवकाश अवधि में ड्यूटी करने वाले शिक्षक-शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को उपार्जित अवकाश देने की व्यवस्था पूर्व में विहित है किंतु माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। लोकसभा चुनाव में छुट्टी में काम करने वाले शिक्षक-शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को काम के बदले उपार्जित अवकाश दिए जाने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दें।

### ऑक्सफोर्ड ताइक्कांडो अकादमी ने जीते 7 स्वर्ण सहित 10 पदक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आगरा में हाल ही में आयोजित आगरा रीजनल समर कप ताइक्कांडो चौंपियनशिप-2024 में ऑक्सफोर्ड ताइक्कांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने लखनऊ ताइक्कांडो टीम का नेतृत्व करते हुए 7 स्वर्ण, 3 रजत सहित कुल 10 पदक जीते। आगरा के सेंट कॉनराड स्कूल में गत 24 व 25 मई, 2024 को आयोजित इस चौंपियनशिप में लखनऊ ने पूमसे में तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में लखनऊ, कानपुर, शाहजहांपुर, सीतापुर, हरदोई, फिरोजाबाद, मथुरा, बरेली, बदायूं आदि जिलों के लगभग 550 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर आगरा जिला ताइक्कांडो संघ के अध्यक्ष एमसी शर्मा ने पुरस्कार वितरित किए थे। खिलाड़ियों की इस सफलता पर अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक अतुल यादव व समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर पुस्तक मेला का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ मेट्रो पुस्तक प्रेमियों की सुविधा के लिए मेट्रो स्टेशनों पर ही समय-समय पर पुस्तक मेले का आयोजन करती आई है। लखनऊ मेट्रो के हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर 'बींग बुकिश' की तरफसे 23 जून तक पुस्तक मेले का आयोजन किया जा रहा है। लखनऊ मेट्रो इससे पहले भी कई पुस्तक मेलों का आयोजन कर चुकी है जिससे मेट्रो यात्रियों को यात्रा के साथ-साथ किताबों से जुड़ने का मौका मिल सके। यहां मौजूद बुक स्टोर्स में आत्मजीवनी, इतिहास, काल्पनिक-गैर काल्पनिक, विज्ञान एवं तकनीकी, कला एवं संस्कृति के साथ-साथ बच्चों एवं युवाओं के लिए ढेरों रोचक पुस्तकें उपलब्ध हैं।

### रुकी मेट्रो, पहले ज्येष्ठ मंगल पर परेशान हुए यात्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में यूपीपीसीएल की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इसके कारण मेट्रो ट्रेन रुक गई। यात्रा करने वाले लोग परेशान हो गए। हनुमान सेतु के पास मेट्रो रुकने का वीडियो सामने आया है। मेट्रो की तरफ से ज्येष्ठ मंगल पर यात्रियों से आवाजाही करने की अपील की थी। लखनऊ मेट्रो के पीआरओ पंचानन मिश्रा ने बताया कि यूपीपीसीएल की बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण मेट्रो रुकी थी। उनका कहना है कि करीब सवा तीन बजे सिर्फ दो मिनट तक मेट्रो का संचालन बाधित हुआ था। इसके साथ ही मेट्रो रुकने के अन्य कारणों की जांच की जा रही है। वहीं, कुछ दिन पहले बादशाह नगर मेट्रो स्टेशन पर तकनीकी खराबी आने के कारण मेट्रो का संचालन बाधित हुआ था।

### भाजपा महिला मोर्चा ने राजाजीपुरम में किया भंडारा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजाजीपुरम के ई ब्लॉक में मंगलवार को 19वां विशाल बड़ामंगल वार्षिक उत्सव मिश्रा बिजनेस सेंटर पर संपन्न हुआ। संयोजक भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा पश्चिम मंडल तीन की अध्यक्ष रजनी मिश्रा और वरिष्ठ समाजसेवी मनीष मिश्रा ने बताया कि अधिवक्ता सुनील द्विवेदी और राकेश मोहन मिश्रा के सहयोग से यह आयोजन होता है। जिसमें सैकड़ों परिवार प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक सुरेश चंद्र तिवारी, व्यापारी नेता अमरनाथ मिश्रा, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, सांसद प्रतिनिधि राघवेंद्र शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता अंजनी श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, सुधाकर त्रिपाठी, अनिल मोहन तिवारी अन्नू, बुद्धेश्वर विकास महासभा के राजेश शुक्ला, ब्राह्मण परिवार भारत के भानू पांडे, श्याम नारायण मिश्रा, वरिष्ठ चिकित्सक गण एवं अनेक समाजसेवी व प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा प्रत्याशी रविकिशन शुक्ल के पक्ष में की जनसभा

# सरकार ने बनवाए चार करोड़ गरीबों के घर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को रामद्रोही बताते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच है। बकौल मुख्यमंत्री, एक तरफ भगवान राम को नकारने वाले, रामभक्तों पर गोली चलवाने वाले, राम मंदिर को बेकार बनाने वाले लोग हैं तो दूसरी तरह पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त कराकर प्रभु श्रीरामलला को उनके भव्य मंदिर में विराजमान कराने वाले लोग हैं। राम मंदिर पूरे भारत की सनातन आस्था का प्रतीक है इसलिए आज पूरे देश मे एक ही स्वर सुनाई पड़ रहा है, रामभक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर।

## राम मंदिर पूरे भारत की सनातन आस्था का प्रतीक

तुष्टिकरण की राह पर चलने वाली कांग्रेस और सपा को देश की जनता वहां पहुंचा देगी, जहां उनका कोई नाम लेने वाला नहीं होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को पूर्वाह्न पीपीगंज में गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा प्रत्याशी रविकिशन शुक्ल के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में वह प्रचार के लिए देश मे जहां भी गए, हर जगह लोग मोदी को भरपूर समर्थन देते मिले। हर क्षेत्र से एक ही आवाज गूंज रही है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो राम मंदिर पूरे भारतवर्ष के लोगों के लिए गौरव है, उसे लेकर कांग्रेस कहती है कि यह मंदिर नहीं बनना चाहिए था इससे दुनिया में गलत संदेश गया है। वहीं समाजवादी पार्टी कहती है कि राम मंदिर बेकार बना है। इन बयानों के लिए कांग्रेस-सपा पर प्रहार करते हुए कहा राम मंदिर तो ठीक बना है लेकिन राम मंदिर को बेकार बताने वाले लोगों की बुद्धि में भूसा भर गया है। यह चुनाव राम भक्तों और रामद्रोहियों के बीच जा चुका है। एक तरफराम और राम मंदिर का विरोध करने वाले रामद्रोही लोग हैं। दूसरी तरफराम की सेवा करने वाले रामलला को विराजमान करने के लिए 500 वर्षों की प्रतीक्षा के कालखंड को समाप्त करने वाले रामभक्त हैं। ये वो रामभक्त हैं जिन्होंने रामलला के विराजमान होने से पहले अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि के नाम पर इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनवाया, श्रीराम के सखा निषादराज के नाम पर प्रतीक्षालय बनवाया, माता शबरी के नाम पर भोजनालय बनवाया।



### हिन्दू विरोधी दलों को सत्ता में नहीं देखना चाहती जनता



**लखनऊ/बलिया।** बलिया लोकसभा क्षेत्र के बैरिया विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर के समर्थन में मंगलवार को आयोजित जनसभा में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि चार जून को सपा समाप्तवादी पार्टी बन जाएगी। केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि इस बार उत्तर प्रदेश की जनता भ्रष्टाचार, हिंदू विरोधी मानसिकता, गुंडागर्दी जैसे दलों को सत्ता में नहीं देखना चाहती है। इनके माफियाओं द्वारा गरीबों व असहाय लोगों पर किए गए अत्याचार का बदला जनता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर द्वारा बनाए संविधान के लोकतांत्रिक तरीके से लेगी। उन्होंने कहा कि आगामी चार जून को समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी बन जायेगी। नरेन्द्र मोदी चार सौ सीटों के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर ने कहा कि यह चुनाव विकास के साथ साथ देश में राष्ट्रवादी ताकतों को मजबूत करने का भी चुनाव है। जो राम विरोधी हैं, उन्हें सबक सिखाने का चुनाव है। जनसभा में पूर्व सांसद भरत सिंह, पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह, सुनीता श्रीवास्तव, अनूप चौबे, विजय बहादुर सिंह, जय प्रकाश साहू, राकेश सिंह, मंटन वर्मा, अमिताभ उपाध्याय, अरविंद सिंह, मुक्तेश्वर सिंह, रंजीत मौर्य व परमेश्वर गिरी आदि थे।

# चुनावी किलेबंदी पर भारी जातीय गोलबंदी, बिना मुद्दे निपट रहा चुनाव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव समाप्ति की ओर है। सातवें एवं अंतिम चरण के लिए मतदाताओं के आकर्षण के लिए सूरमाओं ने ताकत झोक दी है। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन वोटरों की मजबूत किला बंदी करने की कोशिश में है। जातीय गोलबंदी भी पूर्वाचंल में परवान चढ़ रही है। तमाम कोशिशों के बावजूद कुछ जातियों को छोड़ बाकी सभी वर्गो में बिखराव दिख रहा है। करीब डेढ़ माह तक चले चुनाव प्रचार में जनता से जुड़े मुद्दों पर न तो नेताओं ने जिक्र किया और न जनता के बीच चर्चा में आए।

अधिकांश चुनाव प्रचार एक दूसरे पर कीचड़ उछालने में बीत गया। इस दौरान नये नये शब्द खटाखट, ठकाठक, भैस, मंगलसूत्र, बायलोजिकल, राम द्रोही, सनातन विरोधी, राम राम सत्य, गर्मी शांत हो जायेगी खूबे चले। अंतिम चरण में जातीय गोलबंदी मजबूत हो रही है। इसे रोकने के बजाए नेताओं द्वारा इस चुनाव को हिंदू बनाम मुस्लिम करने की कोशिश की जाती रही। दोनों पक्षों द्वारा मतदाताओं का मिजाज बदलने एवं अपने साथ रखने के लिए किला बंदी हो रही है लेकिन इस किलेबंदी पर जातीय गोलबंदी हावी होती दिख रही है। यादव एवं मुस्लिम वोटरों में सेंध कम लग रही है। ब्राम्हण, ठाकुर, वैश्य एवं पिछड़ा वर्ग की जातियों में सेंध लग रही है। कोई प्रत्याशी की जाति पर तो कोई उपेक्षा को लेकर बागी हो रहा है। पिछड़े वर्ग में कुर्मियों में सबसे अधिक सेंध लगती दिख रही है। भाजपा ने अयोध्या, देवीपाटन एवं बस्ती मण्डल में एक भी कुर्मी को टिकट नहीं दिया है जबकि गठबंधन में सपा ने अधिकांश सीटों पर पिछड़ा वर्ग पर ही दांव लगाया है। ऐसे में इस वोट बैंक का भी बिखराव हो रहा है। कांग्रेस नेत्री सीमा चौधरी कहती हैं कि पिछड़े वर्ग में मौर्या, पाल, निषाद, में भी 50 प्रतिशत के करीब वोट गठबंधन की ओर शिफ्ट हो रहा है। इससे भाजपा की हालत खराब है और यूपी की अधिकांश सीटों पर कड़ी चुनौती गठबंधन दे रहा है। इस चुनाव हर मध्यम वर्ग का तबका इस सरकार से परेशान है और विकल्प खोज रहा था जिसे अब इंडिया गठबंधन मिल गया है। चुनाव परिणाम देखियेगा, इस बार गठबंधन की ही सरकार बनने जा रही है।

# बड़े मंगल पर आयोजित भंडारे में एसडीएम ने बांटा राहगीरों को प्रसाद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मगंल को मोहनलालगंज कस्बे में स्थित संकट मोचन मंदिर व श्री बाला जी मंदिर में वीर बजरंगी के दर्शनो को भक्तो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मोहनलालगंज के कालेबीर बाबा मंदिर प्रणांग में आयोजित नौ दिवसीय रामकथा के समापन व ज्येष्ठ माह के बड़े मगंल पर विशाल भडांरे का आयोजन किया गया, बाला जी महाराज को भोग के बाद कन्याओ को भोजन कराकर मुख्य अतिथि एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा ने पत्रकार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक तिवारी व महामंत्री अखिलेश द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित दीक्षित व विजय जायसवाल, कोषाध्यक्ष नवनीत तिवारी की मौजूदगी में पूड़ी-सब्जी बूंदी के प्रसाद का राहगीरो को वितरण कर भंडारे का शुभारम्भ किया।

भंडारे का आयोजन बाला जी सेवा समिति व कालेबीर बाबा मंदिर सेवादार समिति व पत्रकार एसोसिएशन मोहनलालगंज के द्वारा सयुक्त रुप से किया गया। मोहनलालगंज कस्बे में विनोद गुप्ता व गौरा में बब्लू जायसवाल व मनोज जायसवाल ने रामचरित मानस पाठ के समापन पर भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया।

भंडारे में प्रमुख रूप से विधायक अमरेश कुमार रावत, एडीसीपी दक्षिणी शंशाक सिंह, एसीपी मोहनलालगंज राधा रमण सिंह, इंस्पेक्टर आलोक राव, थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी, इंस्पेक्टर जीडी शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी कृपा शंकर द्विवेदी, जिला सहकारी बैंक के पूर्व निदेशक अनिल त्रिपाठी, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र दीक्षित, भाजपा नेता नागेश्वर द्विवेदी, वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल शुक्ला, यूपीएल फैक्ट्री के महाप्रबंधक जी0एन0 श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार केजी मिश्रा, डा0 सिद्वार्थ पटेल, व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय पांडे,भाजयुमो जिलाध्यक्ष धीरू पांडे, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, देवेन्द्र पांडे,हरि गोविंद मिश्रा, राज कुमार अवस्थी, पत्रकार नीतिश रस्तोगी, शिवा मिश्रा, राघवेन्द्र तिवारी, मनोज यादव, भाजपा नेता अविचल शुक्ला, अभय सिंह, भाजपा नेता हंसराज समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**लखनऊ।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने आज मुख्यमंत्री के आधिकारिक ईमेल आईडी पर एक पत्र प्रेषित कर 2024-25 के वर्तमान स्थानांतरण सत्र को सामान्य स्थानांतरण के लिए शून्य घोषित करने की मांग किया है। उन्होंने अवगत कराया है कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने 10 अप्रैल को मुख्य मंत्री से वर्तमान स्थानांतरण सत्र शून्य करने की मांग की थी। राज्य कर्मचारी पांच महीने से लोकसभा चुनाव के महापर्व में निष्ठा पूर्वक कर्तव्यों के निर्वहन में लगे है। विषम परिस्थितियों में भी कर्मचारियों ने संकल्पित होकर निष्पक्ष चुनाव में भूमिका निभाई है। बहुत से कर्मचारी हीट स्ट्रोक के कारण बीमार भी पड़े ,जिनका इलाज अस्पतालों में चल रहा है। चुनाव के चलते एक कर्मचारी की हत्या भी हो चुकी है फिर भी कर्मचारियों ने लोकसभा चुनाव का संपादन निष्पक्षता पूर्वक कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। कर्मचारियों में थकान एवं मानसिक तनाव है। परिषद अध्यक्ष ने प्रदेश के राज्य कर्मचारियों को निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए बधाई देते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री से अपील की है कि लोकसभा चुनाव के बद स्थानांतरण सत्र शून्य करके कर्मचारियों को राहत देने पर विचार करें।

# ड्राइवर ने भाई व साथी के साथ मिलकर रची थी रिटायर्ड आईएएस के पत्नी की हत्या की साजिश

## पुलिस ने तीनों को किया गिरफ्तार, अखिलेश को एनकाउंटर में लगी गोली

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में रिटायर्ड आईएएस देवेंद्र नाथ दुबे की पत्नी मोहिनी दुबे की हत्या उनके ड्राइवर अखिलेश ने की थी। साजिश में उसका भाई रवि और दोस्त रणजीत भी शामिल था। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। अखिलेश को एनकाउंटर में गोली भी लगी है। गाजीपुर थाने का हेड कॉन्स्टेबल भी मुठभेड़ में घायल हो गया। मोहिनी दुबे हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया लूट की नीयत से हत्या की गई। आरोपियों की प्लानिंग घर में रखे जेवर और कैश चोरी करने की थी। लेकिन आखिरी वक्त में मोहिनी दुबे ने उनको देख लिया। पकड़े जाने के डर से आरोपियों ने उनकी गला दबाकर हत्या कर दी।

डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने बताया- गहने और रुपए के लालच में हत्या हुई है। अखिलेश यादव ने पुलिस से पूछताछ में कहा कि हत्या के बाद गहने को गोमती नदी के किनारे झाड़ियों में छुपा दिया था। पुलिस जब यहां उसको लेकर आई तो उसने बैग से असलहा निकालकर फायरिंग कर दी। यह असलहा उसने बैग में पहले से छुपा रखा था। मुठभेड़ में हमारा एक कॉन्स्टेबल भी घायल हुआ, जिसको इलाज के लिए भेजा गया है। अखिलेश रिटायर्ड आईएएस देवेंद्र नाथ दुबे का 14 साल पुराना ड्राइवर है। रवि उसका छोटा भाई है। जब अखिलेश छुट्टी पर होता था, रवि गाड़ी चलाता था। 25 मई (वारदात वाले दिन) को अखिलेश नहीं आया था। इस पर देवेंद्र नाथ गोल्फ क्लब रवि के साथ गए थे। जब वह लौटे तो उनको घर में पत्नी की हत्या का पता चला।

रवि ने ही अखिलेश को फोन करके बुलाया। अखिलेश ने ऐसा नाटक किया कि किसी को उस पर शक हु नहीं हुआ। वह अंतिम संस्कार तक सभी रस्मों में शामिल रहा। अखिलेश को पूरे घर का रूटीन पता था। उसे यह भी पता था कि घर में 90 लाख रुपए रखे हैं। जब मोहिनी दुबे नहाने के लिए बाथरूम में गई, तो उसने जेवर और कैश चोरी करने की कोशिश की। तभी वह बाहर आ गई। उन्होंने उसे देख लिया। इसके बाद अखिलेश और उसके साथी ने मोहिनी दुबे की हत्या कर दी। फिर वहां से भाग गए। पुलिस ने बताया स्कूटी का जो फुटेज सामने आया था, उसमें अखिलेश भी दिखा था। वारदात के बाद रिटायर्ड आईएएस देवेंद्र दुबे के ड्राइवर रवि यादव ने बताया था। सुबह करीब 7 बजे मैं साहब के साथ गया था। 9.30 बजे साहब के साथ घर लौटा। मेन गेट खुला था। हमें लगा स्वीपर कुछ काम कर रहा होगा। साहब ऊपर चले गए और मैं गाड़ी की चाबी रखने के लिए गया। ऊपर से साहब चिल्लाए रवि जल्दी इधर आओ। गए तो मैडम वहां गिरी पड़ी थीं। हमने अपने भाई को फोन किया। फिर मैडम के भाइयों को फोन कर बुलाया, जो लखनऊ के सदर बाजार में रहते हैं। साहब ने बोला 112 नंबर डायल करके पुलिस को बुलाओ। फिर हमने पुलिस को सूचना दी।

# सीएम योगी ने वीर सावरकर को उनकी जन्म जयंती पर किया नमन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर जयंती पर उन्हें नमन किया है। सीएम योगी सोशल साइट एक्स पर वीर सावरकर की एक फोटो शेयर करते हुए लिखा, असंख्य अमानवीय यातनाएं सहते हुए राष्ट्र आराधना में अपना जीवन अर्पित करने वाले माँ भारती के अमर सपूत, युगद्रष्टा, स्वातंर्त्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! क्रांति के मुकुट-मणि वीर सावरकर के असाधारण संघर्ष ने लोगों के मन में देश की आजादी के लिए अथाह देशभक्ति का दीप प्रज्वलित किया।

बता दें कि महान स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर एक प्रखर राष्ट्रवादी नेता थे। 28 मई 1883 को नासिक के भगूर गांव में जन्मे विनायक दामोदर सावरकर को वीर सावरकर के नाम से भी जाना जाता है।

माना जाता है कि सबसे पहले पूर्ण स्वतंत्रता को भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का लक्ष्य घोषित किया था, तब राष्ट्रध्वज तिरंगे के बीच में धर्मचक्र लगाने का सुझाव भी वीर सावरकर ने ही दिया था, जिसे राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने माना था। असंख्य अमानवीय यातनाएं सहते हुए राष्ट्र आराधना में अपना जीवन अर्पित करने वाले माँ भारती के अमर सपूत, युगद्रष्टा, स्वातंर्त्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि!

### स्लम क्षेत्रों में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन दिवस के उपलक्ष्य में, विज्ञान फाउंडेशन ने एपीपीआई के समर्थन से शिविंग विंग्स टू ड्रीमर्स परियोजना के अंतर्गत लखनऊ के चार स्लम क्षेत्रों-अहमदगंज पजावा, राधाग्राम-बालागंज, पूरवीदीन खेड़ा-पारा, और बड़ा खुदान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। लड़कियों को उनके लाभ के लिए आईएफए टैबलेट्स और ओआरएस मिश्रण भी प्रदान किए गए। शिविर का उद्देश्य मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रथाओं पर चर्चा को सुविधाजनक बनाना और मासिक धर्म पर बात करने के बारे में फैली वर्जनाओं को तोड़ना था। सीएचसी और पीएचसी से समर्पित स्वास्थ्य पेशेवरों की एक टीम ने 28 मई को समुदाय की सेवा की, और स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा दिया। सैकड़ों महिलाएं और लड़कियां इस स्वास्थ्य शिविर से लाभान्वित हुई।

लोकसभा चुनाव

निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से हो रहा अनुपालन

# पुलिस ने जब्त किए अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

सघन जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 27 मई तक पुलिस ने अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4766 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 28,28,174 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें 26,82,469 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है।

पुलिस विभाग द्वारा 10099 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 10258 कारतूस, 3099.32 किलोग्राम विस्फोटक व 604 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5289 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 188 केन्द्रों को सीज किया गया।27 मई को पुलिस विभाग द्वारा सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 5923 लोगों को पाबन्द किया गया। बिना लाइसेंस के 42 शस्त्र, 48 कारतूस व 09 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस नके अवैध शस्त्र बनाने वाले 37 केन्द्रों पर रेड डाली।

### उड़नदस्तों ने पकड़ी भारी मात्रा में अवैध शराब और नकदी

**लखनऊ।** सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों ने 01 मार्च से 27 मई तक 50480.33 लाख की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की। इसमें 9063.49 लाख रुपये नकद, 5647.32 लाख की शराब, 24028.90 लाख की ड्रग, 2830.42 लाख की बहुमूल्य धातुएं, 6079.07 लाख के मुफ्त उपहार एवं 2831.12 लाख रुपये की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 27 मई को 323.12 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी आदि जब्त की गई। इसमें 5.90 लाख रुपये नकद , 28.62 लाख की 10877.81 लीटर शराब, 153.77 लाख की 574183.80 ग्राम ड्रग, 120.38 लाख र के 143301 मुफ्त उपहार एवं 14.44 लाख की 98319 अन्य सामग्री जब्त की गयी। 27 मई को प्रमुख जब्ती में झांसी की बबीना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 1.12 करोड़ अनुमानित कीमत की 450 किग्रा ड्रग, गाजियाबाद की साहिबाबाद विस निर्वाचन क्षेत्र में 25.68 लाख की 102 किग्रा ड्रग पकड़ी गयी।

### हटाये गए बैनर व प्रचार सामग्री, 153 एफआईआर

**लखनऊ।** सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन में सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,84,06,531 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से 1,13,67,315 तथा निजी स्थानों से 70,39,216 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग13,04,328, पोस्टर 51,18,359, बैनर के 31,42,232 एवं अन्य 18,02,396 मामलों में कार्यवाही हुई। निजी स्थानों में वालराइटिंग10,12,978, पोस्टर 32,66,996, बैनर 17,87,877 एवं अन्य 9,71,365 मामलों में कार्यवाही की गयी।

# दाग कपड़ों में नहीं सोच में है, बदल डालिए: सीएमओ

- सही जानकारी से महफूज रहेगी आधी आबादी
- जनपद में मनाया गया विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस

राहुल सोनी



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मासिक धर्म का आना शरीर का सामान्य बदलाव है जो एक किशोरी को माँ बनने के लिए तैयार करता है। साथ ही यह स्वस्थ शरीर होने का संकेत भी देता है। यह न होता तो धरती पर मनुष्य भी नहीं होते। इसके बावजूद समाज में इसे अपवित्र माना जाता है और आधी आबादी को रसोई घर से लेकर धार्मिक क्रिया कलापों से दूर रखा जाता है। यह बाते विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर सीएमओ सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रभारी सीएमओ डॉ राजेश ने कही। उन्होंने कहा शर्म संकोच और भ्रांतियों के चलते समाज में मासिक धर्म पर खुल कर बात भी नहीं की जाती। इसकी वजह से आधी आबादी को उन मुश्किल दिनों में शारीरिक कष्ट के साथ-साथ मानसिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। वह मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के व्यवहारों को नहीं अपना पाती और कई प्रकार के संक्रमण के चपेट में आ जाती हैं। इस दौरान ममता फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने उपस्थित किशोरियों को खेल खेल में मासिक धर्म से जुड़ी जरूरी बातें समझाई। इस मौके पर डीपीएम सरजू खान, डीसीपीएम मो. राशिद, आरबीएसके डीइआईसी मैनेजर गोविन्द रावत सहित ममता संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### सफाई में चूक से हो सकता है संक्रमण

डिप्टी सीएमओ डॉ एसके सिंह ने बताया कि माहवारी के दौरान प्रत्येक चार घंटे में सैनेट्री पैड को अवश्य बदल देना चाहिए। कपड़ों का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं करना है क्योंकि इससे संक्रमण हो सकता है। हर बार सैनेट्री पैड बदलने के साथ ही जननागों की सफाई अच्छी तरह करना चाहिए। माहवारी में साफ़ सफाई का खास ध्यान न रखने पर बाँझपन, सर्वाइकल कैंसर और योनि संक्रमण जैसी गंभीर बीमारियाँ हो सकती हैं। इसके आलावा खुले में शौच या गन्दे शौचालय का उपयोग भी यौन जनित संक्रमण का कारण होता है। इसके लिए सार्वजानिक शौचालय का उपयोग करने से पहले उसमें एक बार पानी अवश्य डाल दें।

### पौष्टिक आहार के साथ करें आयरन गोली का सेवन

एसीएमओ डॉ पी के बांदिल ने कहा मासिक धर्म के दौरान पौष्टिक भोजन के साथ साथ आयरन की गोली का भी सेवन करना चाहिए . यह गोलियां स्वास्थ्य केन्द्रों या आशा कार्यकर्त्ता के माध्यम से प्राप्त की जा सकती हैं । इसके सेवन से कमजोरी चक्कर आना या खून की कमी से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया महिलाओं किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान अधिक पेट दर्द या कमजोरी होने पर चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

### प्राइमरी स्कूल और इंटर की छात्राओं को उपलब्ध कराया जा रहा है सैनेटरी पैड

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया किशोरी सुरक्षा योजना कार्यक्रम के तहत , अपर प्राइमरी स्कूल और इंटर की छात्राओं को सैनेटरी पैड उपलब्ध कराया जा रहा है साथ ही स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जनपद में 1066 उच्च प्राथमिक विद्यालय व इंटर कालेज का चयन कर माहवारी स्वच्छता प्रबंधन और इससे जुडी भ्रांतियों के प्रति जागरूकता लायी जा रही है। साथ ही पियर एजुकेटर के माध्यम से स्कूल जाने वाली व स्कूल न जाने वाली किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता की जानकारी दी जा रही है । इसकी वजह से माहवारी के दौरान स्कूल न आने वाली छात्राओं की संख्या में गिरावट आई है।

### जनपद में 91096 किशोरी सुरक्षा योजना के तहत सैनेटरी नैपकिन का हुआ वितरण

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला सलाहकार राकेश गुप्ता ने बताया कि जनपद में 91096 किशोरी सुरक्षा योजना के तहत सैनेटरी नैपकिन का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार में सैनेटरी पैड अथवा साफ़ सुथरे कपड़े के उपयोग की आदत को बढ़ावा दिया जाय जिससे किशोरियां उसके महत्त्व का अनुभव करें और विशेष परिस्थिति में खरीद कर भी इस्तेमाल कर सकें।

# युवक ने खेत में लगाया फंदा, जांच में जुटी पुलिस

- सीओ ने जांच कर शव पोस्टमार्टम को भेजवाया



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के बिराहिमडीहा गांव निवासी एक युवक ने गन्ने के खेत में फंदा लगाकर जान दे दी। जानकारी मिलने पर सीओ के साथ थानाध्यक्ष पहुंचे। जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिराहिमडीहा निवासी नानबाबू यादव (22) पुत्र राजेश यादव का शव गांव में स्थित गन्ने के खेत में फंदे से लटकता मिला। शव मिलने की सूचना मिलने पर मां और बहन रोते बिलखते खेत पहुंची। घर के पीछे स्थित दूसरे किसान के खेत में गमछे से शव लटक रहा था।

पुलिस को घटना से अवगत कराया गया। ।सीओ रूपेंद्र गौड़, थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय, एसएसआई विंदेश्वरी प्रसाद यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सीओ ने परिवार के लोगों का बयान दर्ज किया। इसके बाद शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मां ने बताया कि बेटे ने नित्य क्रिया के लिए जाने की बात कही थी। इसके बाद शव फंदे से लटकता मिला है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवक ने आत्महत्या की है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## धूमधाम से मना बालाजी महराज का भंडारा

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** ज्येष्ठ मास शुरू होते ही जहां गर्मी चरम पर हो जाती है तो वहीं आस्था भी बढ़ जाती है इस मास में बड़े मंगल पर जन आस्था के मुताबिक कलयुग के देवता माने जाने वाले श्री राम भक्त हनुमान का विशेष दिन होता है जिसमें श्रीराम भक्त हनुमान की पूजा पाठ के साथ ही भण्डारे का भी आयोजन होता है। ज्येष्ठ के बड़े मंगल पर पूरा शहर भक्ति मय रहता है कहीं जागरण, हनुमान चालीसा, रामायण पाठ के स्वर सुनने को माल जाते हैं।इस क्रम में वजीरगंज थाना क्षेत्र के बालेश्वर गंज बाजार कस्बे में बालाजी महराज के तत्वावधान में बालाजी महराज का भजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

# गांव पहुंचने पर पिंक रिक्शा चालक आरती का हुआ सम्मान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



पिंक रिक्शा चालक आरती कश्यप का मंगलवार को गांव पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया है। आरती को बुके, प्रशस्ति पत्र और ट्राफी के साथ शाल भेंटकर फूल मालाओं के साथ सम्मानित किया गया। सम्मान से गदगद आरती को यह सब सपना सरीखा लग रहा है।इंग्लैंड के बकिंघम पैलेस से यूके रॉयल अवार्ड से प्रिंस चार्ल्स से सम्मानित होकर आरती वापस बहराइच आ गई है। इन्हे अब प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जा रहा है। आरती का सफर कठिनाइयों के साथ सपने सरीखा रहा हैं, ब्लाक रिसिया के बभनी सैदा के गांव की निवासी आरती कश्यप पुत्री लक्ष्मी नारायण अब हाईस्कूल की तैयारी कर रही है। सात वर्ष पूर्व शादी होने के बाद इनकी गोद में पांच वर्षीय बेटी मीनाक्षी है। पति से संबंध बिगड़ने के बाद आजीविका मिशन से जुड़ गई, और समूह के कार्यों में रुचि लेने लगी। आगा खान फाउंडेशन के सहयोग से गांधी जयंती के दिन 2 अक्तूबर 2023 को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने आरती समेत पांच महिलाओ को पिंक रिक्शा भेंटकर चालक की सीट पर बिठाकर भेजा था, तब किसी को नहीं मालूम था कि इसकी गूंज लंदन तक सुनाई देगी।24 राज्यों में आरती के नाम पर ही मुहर लगी थी, जब लंदन के बकिंघम पैलेस में सम्मानित हुई, तो आंसू निकल पड़े, आरती स्वाभिमानी होने के नाते प्रतिदिन ई रिक्शा चलाती थी। ये मुख्य रूप से लहर परियोजना से जुड़ी थी,जिसमे महिलाओ को स्वालंबी बनाने की प्रेरणा दी जाती है। मंगलवार को भव्य स्वागत विनोद कुमार यादव खंड विकास अधिकारी ने बुके देकर किया। साथ ही यह भी बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी ने आरती के पांच वर्षीय बेटी के निशुल्क शिक्षा का बीड़ा उठाया है। इस मुकाम तक भेजने में सीडीओ राम्या आर का भी योगदान रहा। प्रधान प्रतिनिधि हसीब अंसारी ने शाल और ट्राफी देकर स्वागत किया। इस दौरान विजय वर्मा सचिव, पुनीत वर्मा एपी ओ और विवेक राव सहित मौजूद रहे।

**डीएम उठाएंगी बेटी की पढ़ाई का खर्च**

### यू.के. रॉयल अवार्ड विनर आरती ने डीएम से की भेंट

रिक्शा चालक आरती ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी मोनिका रानी से भेंट की।

डीएम मोनिका रानी ने यू.के. रॉयल अवार्ड से सम्मानित होने पर आरती को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर बधाई दी तथा अपने हाथों से मिष्ठान खिलाकर आरती का मुंह मीठा कराया। डीएम ने आरती से कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने से अब आप ज़िले की महिलाओं के रोल मॉडल बन गई हैं। उन्होंने आरती का आहवान किया कि आकांक्षात्मक जिले की अधिक से अधिक महिलाओं स्वावलाम्बन के लिए प्रेरित करें।

## भारत नेपाल के बीच कस्टम ने रोका आवागमन, एंबुलेंस भी फंसी,तीन से चार घंटे रुका रहा आवागमन




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** भारत नेपाल सीमा पर मंगलवार को कस्टम की ओर से आवागमन बंद कर दिया। इससे वाहनों की कतार लग गई। हालांकि आवागमन कस्टम के अधिकारियों ने क्यों रोका, इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिल रही है। आवागमन बंद होने से नेपाल के लोगों में नाराजगी हुई। भारत नेपाल के बीच आवागमन सामान्य चल रहा है। लेकिन मंगलवार को एकाएक कस्टम के सिपाहियों ने आवागमन रोक दिया। आवागमन रुकने से नेपाल और भारत के वाहनों की कतार लग गई। नेपाल से भारत आ रही एंबुलेंस रुक गई। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कस्टम के सिपाही ने आवागमन बंद करने की बात की। लेकिन कारण नहीं बता सके। इसको लेकर भारतीय क्षेत्र के लोगों में भी नाराजगी है। आवागमन बंद होने के दौरान बाइक सवारों को भी नहीं जाने दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### कोतवाली नगर के उप निरीक्षक की तबियत खराब, लखनऊ रेफर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली नगर में तैनात उप निरीक्षक की तबियत खराब हो गई। जिस पर उप निरीक्षक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। गाजीपुर जिले के थाना दुल्लापुर अंतर्गत सवना गांव निवासी हरिश्चंद्र दूबे (58) पुत्र विक्रमा दूबे की तैनाती जिले के कोतवाली नगर में है। सोमवार को उप निरीक्षक की ड्यूटी के दौरान तबियत बिगड़ी। जिस पर उप निरीक्षक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल में सीओ सिटी राजीव सिसोदिया, कोतवाल मनोज कुमार पांडेय और चौकी इंचार्ज अस्पताल अभिलाष सिंह मौके पर पहुंचे। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने जांच कर इलाज शुरू की। लेकिन हालत गंभीर होने पर उप निरीक्षक को लखनऊ रेफर कर दिया गया।

### खरगोश को निगल गया अजगर

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कतर्नियाघाट रेंज के सदर बीट में मंगलवार सुबह नजदीक आए खरगोश को अजगर ने दबोच लिया। इसके बाद अजगर को जिंदा निगल गया। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज के सदर बीट में मंगलवार सुबह एक अजगर चलकदमी कर रहा था। तभी एक खरगोश अजगर के निकट से जाने लगा। अजगर ने खरगोश को दबोच लिया। इसके बाद उसे जिंदा निगल गया। मौके पर मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना लिया। इस मामले में वन क्षेत्राधिकारी राम कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जंगल में ऐसी घटनाएं सामान्य हैं। जंगली जीव के दूसरे के वाहक हैं।

### लैंगिक भेदभाव व बाल विवाह समाज में अभिशाप : खुशबू यादव



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर मंगलवार को फातिमा गर्ल्स इंटर कॉलेज जरवल में छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के साथ मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इण्डिया द्वारा उम्मीद परियोजना के अंतर्गत विवाह की सही उम्र एवं लैंगिक भेदभाव पर एक चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि अधिशासी अधिकारी जरवल खशबू यादव ने लैंगिक भेदभाव एवं बाल विवाह को समाज में व्याप्त एक अभिशाप बताया। कालेज की प्रधानाचार्या तरन्नुम फातिमा ने कहा कि हम किशोरियों को न केवल पढाई के द्वारा बल्कि अन्य शैक्षिक सत्र के द्वारा भी समय समय पर सशक्त करने का काम करते , जिससे किशोरियों में समभाव की भावना को बढ़ाया गया है। कार्यक्रम में विद्यालय की तरफ से हाई स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त कु. सुम्बुल माज एवं इंटर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कु. खुशबु यादव समेत विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं को पुरस्कृत कर मनोबल बढ़ाया गया। कार्यक्रम में पहुंचे सीएचसी मुस्तफाबाद अधीक्षक डॉ कुंवर रीतेश ने किशोरियों को बताया की सीएचसी पर किशोर-किशोरियों हेतु साथिया केंद्र संचालित है जिस पर किशोरों से सम्बन्धित स्वास्थ्य एवं अन्य मुद्दों पर परामर्श प्रदान किया जाता है।

# सेवानिवृत्त हो रहे मण्डलायुक्त को जिले में दी गई भावभीनी विदाई

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



आसन्न 31 मई 2024 को अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा योगेश्वर राम मिश्र को कलेक्ट्रेट सभागार बहराइच में आयोजित समारोह में जिले के अधिकारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह के लिए धर्म पत्नी डॉ. सुधा मिश्र, प्रोफेसर के.जी.एम.जी.पी.जी. कालेज लखनऊ के साथ पधारे आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र का कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचने पर डीएम मोनिका रानी, एसपी बृन्दा शुक्ला, सीडीओ रम्या आर, सीआरओ देवेन्द्र पाल सिंह, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर सहित अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए डीएम मोनिका रानी, एसपी बृन्दा शुक्ला, सीडीओ रम्या आर, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, एसडीएम कैसरगंज पंकज दीक्षित, तहसीलदार नानपारा अजय यादव, ईओ बहराइच प्रमिता सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बी.पी. सत्यार्थी, बीडीओ फखरपुर अजय प्रताप सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र के कृतत्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। डीएम मोनिका रानी ने कहा कि मण्डलायुक्त की मानवीय संवेदना, सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक सरोकार एवं कुशल प्रशासनिक क्षमता के कारण श्री मिश्र का कार्यकाल अविस्मरणीय रहेगा। डीएम ने कहा कि आयुक्त के सहज व्यक्तित्व के कारण आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की गई है।

डीएम ने कहा कि मण्डलायुक्त की विशेष खूबी यह है कि जब भी कोई अच्छा कार्य होता है तो एक वरिष्ठ अधिकारी, संरक्षक एवं परिवार के मुखिया के नाते हमेशा हौसला अफज़ाई भी करते हैं। इस सन्दर्भ में डीएम ने कहा कि जनपद में आयोजित किये गये सेवा से संतृप्तिकरण अभियान की आयुक्त की ओर से सराहना मिलने से जिले के अधिकारियों को और अच्छा करने की प्रेरणा मिली। मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र व उनकी धर्म पत्नी डॉ. सुधा मिश्र ने विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए डीएम व एसपी सहित सभी अधिकारियों का आभार ज्ञापित किया। आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने जिले के अधिकारियों को सीख दी कि सरकारी सेवा को एक अवसर की तरह से लें। सरकारी अधिकारी व कर्मचारी के नाते हमें एक ओर जहां अधिकार मिले हैं कुछ जिम्मेदारियां भी दी गई हैं। हमें पूरे अनुशासन और लगन के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए ताकि सेवाकाल के दौरान हम ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ पहुँचा सकें। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कवि संतोष कुमार सिंह ने किया।



## क्रिकेट ट्रायल में खिलाड़ी दिखा रहे अपना दमखम

**बहराइच।** उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में व डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन बहराइच के आयोजन में अंतर जिला अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जोन टीम का चयन स्थानीय इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में ट्रायल के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। ट्रायल में बहराइच जोन की सीतापुर, लखीमपुर,श्रावस्ती, बलरामपुर व बहराइच के खिलाडियो द्वारा ट्रायल दिया जा रहा है। डिस्ट्रीक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव इशरत महमूद खान ने बताया कि चयन प्रक्रिया बुधवार सुबह 8:30 बजे से शुरू हुई है और चार दिनों तक चलेगी। ट्रायल में सबसे अधिक संख्या बल्लेबाजो की रही। एक-एक कर खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहे। इन खिलाड़ियों की प्रतिभा को चयनकर्ता बारीकी से समझ रहे है। चयन प्रक्रिया में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन बहराइच जोन टीम के लिए किया जाएगा। शिविर में अनुशासन से लेकर उनके खेलने की क्षमता, संयम सहित अन्य सभी जरूरी मापदंडों की परख की जा रही है। ट्रायल में यूपीसीए की तरफ से ऑब्जर्वर के रूप में रंजीत यादव ,स्कोरर - रितेश घोष , व अंपायर की भूमिका में सतेंद्र सिंह व अभय भानु मौजूद रहे। इस दौरान डीसीए लखीमपुर के सचिव अभिषेक शुक्ला,डीसीए बहराइच के अध्यक्ष अमित ठाकुर, वरिष्ट उपाध्यक्ष शेख जहीरुद्दीन ,सहित सैकड़ो खिलाड़ी व अभिभावक मौजूद रहे।

# ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगल पर हुआ सुंदरकांड पाठ व भंडारा



**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को शहर के जानकीनगर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज में प्रथम बड़े मंगल पर सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया।सुंदर कांड पाठ और भंडारे में स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका शामिल हुई।उसके बाद दुखहरण नाथ मंदिर के पास भव्य भंडारे का आयोजन किया गया इस दौरान आयोजक शाश्वत जोशी,माया शंकर जोशी, प्रवीण मिश्रा, एस पी पाठक,अशोक कुमार मिश्रा,सुनीत श्रीवास्तव,सुधीर तिवारी, अनिल सिंह, के पी यादव,शंशाक यादव, सिद्ध नाथ चतुर्वेदी,रिशु पांडेय, प्रकाश चंद्र शुक्ला, शुभम् शुक्ला, रोहित गुप्ता,मनीषा जोशी, पंखुड़ी श्रीवास्तव, तस्मीन उस्मानी, नाहिद ,अनुपमा श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गल्ला व्यवसाई के पुत्र की हत्या से व्यापारियों में रोष

- शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।**



नगर कोतवाली क्षेत्र में सड़क के किनारे आज सुबह एक युवक का शव पड़ा मिला। राहगीरों ने शव देखा तो शोर मचाया। लाश मिलने की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गयी और भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस, फारेंसिक व डॉग स्क्वायड की टीमों ने घटना की पड़ताल की और सबूत जुटाने की कोशिश की।

अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी व सीओ की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के चेहरे और आंख पर चोट के निशान मिले हैं। युवक की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। नगर कोतवाली क्षेत्र के लालपुर चंद्रभान गांव के प्रधान प्रतिनिधि के मुताबिक मंगलवार की सुबह गांव के बाहर सम्मय माता मंदिर को जाने वाली सड़क के किनारे एक युवक का शव पड़ा देखा गया। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गयी। शव मिलने की सूचना पर पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत व सीओ सदर विनय कुमार सिंह नगर कोतवाल राकेश सिंह व एससीपीएम चौकी प्रभारी के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद डॉग स्क्वायड व फारेंसिक टीम भी पहुंच गयी। एएसपी की मौजूदगी में पुलिस टीमों ने घटनास्थल की गहनता से पड़ताल की और घटना के संबंध में साक्ष्य संकलित किए। मृतक के चेहरे और आंख के ऊपर चोट के निशान होने के कारण उसकी पहचान नहीं की जा सकी। पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र करीब 30 वर्ष के आसपास है। ग्रामीणों की मानें तो युवक की हत्या कर उसे यहां लाकर फेंका गया है? फिलहाल, शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच-पड़ताल में जुटी है।

विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त मिली हुई लाश रानी बाजार के गला व्यापारी धर्म प्रकाश गुप्ता के पुत्र सूरज गुप्ता की है।

# प्रधान भाइयों ने मिलकर प्रभारी प्रधानाध्यापक को पीटा, प्राथमिकी दर्ज

- 25 दिन बीतने के बाद भी ग्राम प्रधान के विरुद्ध पुलिस ने नहीं की कोई कार्रवाई

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम प्रधान ने अपने भाई के साथ प्राथमिक विद्यालय में घुसकर प्रभारी प्रधानाध्यापक को न सिर्फ शिक्षकों व बच्चों की मौजूदगी में मारा-पीटा, बल्कि आरोप है कि जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में करीब पच्चीस दिन बाद भी मोतीगंज पुलिस ने आरोपी ग्राम प्रधान के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे पीड़ित शिक्षक दहशत में है। मामला जिले के शिक्षा क्षेत्र झंझरी अंतर्गत मोतीगंज थाना के प्राथमिक विद्यालय छछपारा कानूनगो का है।

आरोप है कि इसी ग्राम पंचायत के प्रधान अवधेश तिवारी व उसके भाई सतराम तिवारी ने 2 मई को सुबह करीब 9 बजे विद्यालय पहुंचे और जबरन कक्षा में घुस गए। आरोप है कि प्रभारी प्रधानाध्यापक शशांक शुक्ला के साथ गाली-गलौज किए, उन्हें मारे-पीटे, जान से मारने की धमकी दिए और शिक्षण कार्य में व्यवधान उत्पन्न किए। पीड़ित शिक्षक के द्वारा घटना के संबंध में मोतीगंज थाने में ग्राम प्रधान अवधेश तिवारी व उसके भाई सतराम तिवारी के खिलाफ तहरीर दी गई जिसमें कहा गया कि प्रधान व उसके भाई ने कहा कि एमडीएम के लिए रसोइयों से कॉल कराते हो। पहले भी जिलाधिकारी से मेरी शिकायत कर चुके हो। शिकायत वापस ले लो, नहीं तो ठीक नहीं होगा। इतना ही नहीं, आरोप है कि शिक्षक को यहां से ट्रांसफर कराकर चले जाने की धमकी भी दी गई। तहरीर में कहा गया कि स्कूल में घटना के समय अध्यापक रत्नेशधर द्विवेदी व रसोइयों के साथ विद्यालय में अध्यनरत बच्चे भी मौजूद थे। पीड़ित शिक्षक शशांक शुक्ला द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ग्राम प्रधान अवधेश तिवारी व उसके भाई सतराम तिवारी के विरूद्ध आईपीसी की धारा 332, 353, 323, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया और ग्राम प्रधान के भाई सतराम को गिरफ्तार कर शांतिभंग की धारा 151 के तहत चालान कर दिया, लेकिन घटना के 25 दिन बाद भी ग्राम प्रधान के विरुद्ध अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे पीड़ित शिक्षक दहशत में है। गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद ग्राम प्रधान के विरुद्ध मोतीगंज पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने से शिक्षा क्षेत्र झंझरी के अंतर्गत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है। इस संबंध में मोतीगंज थानाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने बताया कि शिक्षक द्वारा दी गई तहरीर पर सुसंगत धाराओं में ग्राम प्रधान व उनके भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी सतराम तिवारी को गिरफ्तार कर सीआरपीसी की धारा 151 के तहत चालान किया जा चुका है। मामले की विवेचना प्रचलित है।

# गर्मी में किसानों के फसलों का दुश्मन बना नलकूप

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।**



गोंडा /मनकापुर/अंम्बरपुर ग्राम सभा में लगे नलकूप संख्या 70 के सारे प्वाइंट पिछले लगभग पांच साल से बंद होने से किसानों को खेतों की सिंचाई की समस्या एक गंभीर समस्या बन गया है. निजी नलकूप के सहारे किसान कर रहे हैं खेतो की सिंचाई. बारिश नहीं होने पर किसानों के लिए वरदान साबित होने वाले ये सरकारी नलकूप पिछले पांच सालो से किसानों के लिए बस दिखावे के लिए रह गए हैं।

अम्बरपुर गांव में एक समय था कि सरकारी नलकूप होने से लोग अपने खेती का सिचाई समय समय पर कर लेते थे लेकिन वही अब इस महंगाई के दौर में किसान अपने खेतों के सिचाई करने में अस्मर्थ है जिन लोगो के पास निजी नलकूप है वे लोग तो अपना खेती कर लेते है लेकिन जिनके पास निजी नलकूप का कोई उचित सुबिधा नही है. उन लोगों के खेतों की सिचाई नही हो पाता है एक तरफ सरकार का कहना है कि किसानो को लाभ पहुचाये बिना देश का विकास संभव नही है वहीं दूसरी तरफ सरकार की अनदेखी के कारण अस्मर्थ किसानो की आर्थिक स्थिति कमजोर होने कारण कर्जो के बोझे तल्ले दबते दिखाई दे रहे हैं गांव में लगे नलकूप पांच साल बाद भी चालू नहीं हो पाई है। जिससे क्षेत्र के किसानों को सरकारी स्तर पर लगाए गए नलकूप से सिंचाई का लाभ नहीं मिल पा रहा है नलकूप बंद होने के कारण किसानों को फसलों की सिंचाई करने में भारी परेशानिया हो रहा है. जिनके पास निजी नलकूप है वो अपने फसलों की सिंचाई कर लेते है लेकिन जो किसान आर्थिक रूप से कमजोर है. उनको खेतों की सिचाई करने में जेब ढीली हो जाती है ऐसे में सिचाई उनके सामने एक बड़ी समस्या बनी हुई है किसानों की खेती में घाटा हो जाने से कर्ज में डूब जाते है उन्हें दूसरों के नलकूप से प्रति बीघा 400 सौ रुपये की दर से खेत मे पानी सिंचाई करनी पड़ती है किसान पैसे की तंगी कारण सिंचाई नहीं कर पाते है जिससे खेतों में लगे फसल सुख जाती है।

# दरोगा पर लगा महिलाओं से मारपीट का आरोप

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



थाने में तैनात एक दरोगा पर महिलाओं ने मारपीट करने और कपड़े फाड़ने का आरोप लगाया है। न्याय की आस लेकर एसपी ऑफिस पहुंचे पीड़ित परिवार को एसपी अभिषेक अग्रवाल ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मामले की जांच क्षेत्राधिकारी को सौंप दी है। मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र के जोहवाशर्की गांव का है।

जहां जमीनी विवाद के कारण दो पक्षों द्वारा हरचंदपुर थाने में तहरीर दी गई थी। जिसके बाद थाने में तैनात दरोगा प्रकाश पांडे द्वारा एक पक्षीय कार्रवाई करने पर महिला ने विरोध किया। उसके बाद दरोगा प्रकाश पांडे और सिपाही द्वारा महिला से बदसलूकी की गई। पीड़ित के माता पिता व भाई के साथ मारपीट की गई। आरोप है कि पीड़िता द्वारा विरोध करने पर उसका मोबाइल छीन लिया गया। घायल अवस्था में एसपी ऑफिस पहुंची पीड़िता सरोज कुमारी ने बताया कि उसे दरोगा प्रकाश पांडे ने मारा है। जमीन के विवाद में भाई को जब पुलिस पीट रही थीए तब वह छुड़ाने लगी तो दरोगा ने मुझे मारना शुरू कर दिया। बाद में पुलिस उनकी मां राजकुमारी व भाई सिद्धार्थ और विजय सेन को थाने में बंद कर दिया। जबकि दूसरे पक्ष से किसी को भी थाने में बंद नहीं किया गया है।

**क्या है पूरा मामला:** उन्होंने बताया कि हमारी पुश्तैनी जमीन थी। हमारे यहां पर बगल में रास्ता था। पड़ोस में रहने वाले लोगों ने अपना रास्ता बंद कर दिया। फिर गांव के सुशील द्विवेदी व अवधेश ने मिलकर के हमारे रास्ते पर कब्जा कर लिया। रास्ते पर जान बूझकर विवाद डाला गया। इन लोगों ने पुलिस में हमारी शिकायत करके हमको दरोगा से पिटवाया। उनके बड़े भाई ने दरोगा से कहा कि यह तो राजस्व का मामला है पुलिस इसमें क्यों पड़ रही है तो दरोगा ने उन्हें मारना शुरू कर दिया। जब हमारी बहन छुड़ाने लगी तो उनको भी माराए जिससे उनके नाक पर चोट आ गई। मारपीट में हमारे कपड़े भी फट गए थे। थाने में हमारी मां और भाई को बंद कर दिया गया है। दूसरे पक्ष की तरफ से किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया है। घर के बगल में रहने वाला सुधीर हमको जान से मारने की कोशिश कर रहा है। हमें न्याय चाहिए।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**रायबरेली।** ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के इंदिरा नगर रेलवे क्रासिंग के पास मंगलवार सुबह एक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। युवक के ट्रेन से कटने की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक पुष्पेंद्र सिंह डीह थाना क्षेत्र के कचनावा गांव का रहने वाला था और वह इन दिनों शहर में ही रह रहा था। शहर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो जख्मी, एक रेफर

**बछरावां,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

> इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुँचाया

थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसमें एक की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है पहली घटना लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर कन्नावा गांव के पास की है।

जहां कुंदनगंज निवासी लवकुश पुत्र राजकुमार उम्र 16 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस के द्वारा उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया जहां उनकी हालत को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी घटना थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर खैरहनी गांव के पास की है।

जहां कुंदनगंज से अपने घर मल्हीपुर आ रहे देशराज उम्र 25 वर्ष पुत्र राम प्रकाश को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा उन्हें भी इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुँचाया गया जहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया।

## मामूली विवाद को लेकर महिला की पिटाई, दी तहरीर

**ऊंचाहार,रायबरेली।** दरवाजे पर पानी जाने को लेकर हुए विवाद में जेठ व जेठानी ने महिला की पिटाई कर दी पीड़ित महिला ने कोतवाली में मामले की तहरीर दी है। पूरे निरही मजरे कंदरांवा गाँव निवासी रेनू मौर्या का कहना है कि मंगलवार की सुबह वो नहा रही थी। जिसका पानी बहते हुए जेठ के दरवाजे पर चला गया। इसी बात को लेकर आरोप है कि उसने गाली गलौज करनी शुरू कर दी और विरोध करने पर उसने अपनी पत्नी के साथ मिलकर उसे पीट दिया। कोतवाल अनिल कुमार सिंह का कहना है कि मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्यवाई की जायेगी।

# मतगणना को लेकर डीएम-एसपी ने प्रत्याशियों के साथ की बैठक




**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना कार्य को सकुशल निष्पक्ष निर्भीक व शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट सभागार में प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतगणना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने उम्मीदवारों तथा उनके प्रतिनिधियों को मतगणना को लेकर गणना एजेंट बनाए जाने की पात्रता, प्रति उम्मीदवार गणना एजेंटों की संख्या, काउंटिंग हाल के अंदर के नियम आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा बैठक में डीएम व एसपी ने निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों तथा उनके प्रतिनिधियों के सुझावों को भी सुना।

बैठक में जिलाधिकारी ने प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों को बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना 04 जून 2024 को प्रातः 8ः00 बजे से राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोरा बाजार में 06 विधानसभावार बनाए गए मतगणना सेंटरों पर करायी जाएगी। सर्वप्रथम ईटीपीबीएस एवं पोस्टल बैलेट से पड़े मतों की गणना की जाएगी तत्पश्चात ईवीएम से पड़े मतों की गणना प्रारंभ की जाएगी। विधानसभावार मतगणना के पश्चात परिणाम संबंधित एआरओ द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। विधानसभावार ईवीएम से पड़े मतों की गणना हेतु टेबलें स्थापित की गई हैं एआरओ हेतु एक टेबल अतिरिक्त लगाई जाएगी। प्रत्येक टेबल पर मतगणना हेतु एक मतगणना पर्यवेक्षक, एक मतगणना सहायक प्रथम, एक मतगणना सहायक द्वितीय तथा एक माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किया जा रहे हैं।

निर्वाचन अभ्यर्थियों के एजेंट के पास निर्वाचन कार्यालय से निर्गत किए जाएंगे पास हेतु प्रारूप पर आवेदन दो प्रतियों में करते हुए साथ में दो फोटोग्राफ एवं एक फोटो अवश्य उपलब्ध करा दें जिससे समय से एजेंटो के पास जारी किए जा सके। मतगणना स्थल पर उम्मीदवार/एजेंट निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व अवश्य प्रवेश कर लें। मतगणना की विजयी घोषणा के उपरांत विजयी प्रत्याशी द्वारा कोई विजय जुलूस नहीं निकल जाएगा।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मतगणना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। मतगणना स्थल से 100 मी के बाहर वाहनों की पार्किंग की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मतगणना कार्मिकों को दिया जायेगा प्रशिक्षण

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना 04 जून 2024 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोरा बाजार रायबरेली में होनी है। मतगणना कार्य को सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए मतगणना कार्य में लगाए गए समस्त मतगणना कार्मिक, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को मतगणना सम्बन्धी प्रशिक्षण दिये जाने हेतु निर्देश दिये है कि मतगणना गतिविधियों का संचालन विधिवत समझ के साथ ही समस्त मतगणना कार्मिको माइक्रो आब्जर्वर को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण दिलाना जरूरी है। जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार ने बताया है कि समस्त मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण राजकीय इण्टर कॉलेज रायबरेली में 30 मई 2024 को दो पालियों में प्रथम पाली में प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक द्वितीय पाली अपरान्ह 02:00 बजे से 04:00 बजे तक सम्पन्न कराया जायेगा। इसी प्रकार समस्त मतगणना पर्यवेक्षक मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण राजकीय इण्टर कॉलेज रायबरेली में 03 जून 2024 को दो पालियों में प्रथम पाली 11:00 से 01:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली 02:00 बजे से 04:00 बजे तक मतगणना कार्य को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रशिक्षण दिया जायेगा।

जिला विकास अधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी से कहा कि मतगणना कार्मिकों एवं माइक्रो आब्जर्वर के आयोजित प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण स्थल पर समुचित साफ-सफाई, फॉगिंग, समुचित प्रकाश व्यवस्था लाउडस्पीकर, डैस व्यवस्था पीने हेतु स्वच्छ एवं शुद्ध शीतल पेयजल तथा पानी हेतु पर्याप्त संख्या में गिलास व अन्य आवश्यक प्रशिक्षण सामग्री तथा प्रशिक्षण हेतु पर्याप्त कुर्सी और मेज की व्यवस्था निर्धारित प्रशिक्षण तिथि से एक दिन पूर्व प्रशिक्षण स्थल पर कराये जाये। मतगणना कार्मिकों माइक्रो आब्जर्वर को मतगणना सम्बन्धी कोई निर्देश अथवा निर्देश पुस्तिका उपलब्ध करायी जानी हो तो प्रशिक्षण के दौरान उपलब्ध कराये जाने की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित कराया जायें। प्रशिक्षण तिथियों में प्रशिक्षण स्थल पर ध्वनि रहित जनरेटर ;ईंधन सहित की व्यवस्था हो जिससे प्रशिक्षण सुचारू रूप से संचालित होने में कोई गतिरोध उत्पन्न न हो सके। प्रशिक्षण हेतु आवश्यक स्टेशनरी आदि पर्याप्त मात्रा में आचार्य, क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान सहायक प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण को समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करायें।

## भीषण गर्मी से अधेड़ की गई जान

**डलमऊ,रायबरेली।** कड़ाके की धूप के चलते एक अधेड़ घर में बेहोश हो गया, परिजन आनन फानन में अधेड़ को डलमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया नवाबगंज कोतवाली क्षेत्र के परियावां निवासी मोहनलाल 55 वर्ष पुत्र दुर्गा दीन अपने बेटी संगीता निवासी बहेरिया चौदह मिल के घर दो दिन पहले ही आया था। बेटी संगीता ने बताया कि गर्मी की वजह से बीपी हाई हो जाने के कारण पिता बेहोश हो गये,जिनको एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भीषण गर्मी के चलते सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है तो वहीं दूसरी तरफ तहसील न्यायालय में वादी एवं प्रतिवादी न के बराबर पहुंच रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने लगायी फांसी

**रायबरेली।** जिले के गदागंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुतवल्लीपुर गांव का है। जहाँ आज दोपहर को नाबालिक 17 वर्षीय किशोरी ने फाँसी लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों को जानकारी मिलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करने के लिए भेज दिया है और मामले की जांच करने में जुट है। वही इस पूरे मामले में मृतका के माता पिता की माने तो सुबह उठने के बाद बेटी खुसबू ;मृतकाद्ध ने घर के सभी कामो को दिनचार्य के अनुसार पूरा और माँ से बोली कि पापा को दवा लाने के लिए रायबरेली भेज दो वह अपनी दवाएं ले आये। माँ के मुताबिक सब अच्छे से चल रहा था अचानक क्या हुआ कैसे हुआ कुछ नही पता। हम घर से बाहर खेत गए जब वहां से वापस आये तो हमारे बिटिया फँसी लगाय रही। फिलहाल इस पूरे मामले से पूरे गाँव मे गम का मौहाल छा गया है। मौके पर पहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जाँच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में युवक हुआ घायल

**ऊंचाहार,रायबरेली।** बाइक से घर से ऊंचाहार जा रहा युवक कार की टक्कर से घायल हो गया। जिसे सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गुलरहिया गांव निवासी अमित कुमार 24 वर्ष मंगलवार की सुबह बाइक से किसी कार्य से ऊंचाहार आ रहा था तभी सवैया तिराहे के निकट लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिसके कारण युवक सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया राहगीरों द्वारा उसे इलाज के लिये सीएचसी लाया गया।जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल युवक सीएचसी आया था जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### तहसील बार अध्यक्ष के लिए पहले दिन एक नामांकन



**ऊंचाहार, रायबरेली समृद्धि न्यूज।** तहसील बार एसोसिएशन के लिए हो रहे चुनाव में प्रथम दिन एक नामांकन हुआ है। यह नामांकन अध्यक्ष पद के लिए किया गया है। जबकि विभिन्न पदों के लिए कुल 18 नामांकन पत्र बिके हैं। चुनाव संचालन समिति के सदस्य एडवोकेट गजाधर लाल वर्मा ने बताया कि मंगलवार से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया में पहले दिन अध्यक्ष पद हेतु दिनेश कुमार सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसके साथ ही अध्यक्ष पद हेतु दो, महामंत्री पद हेतु दो, कोषाध्यक्ष पद हेतु दो, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु दो, संयुक्त मंत्री पद हेतु दो,वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु दो, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु एक, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य हेतु एक ,कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य हेतु तीन और पुस्तकालय मंत्री हेतु एक नामांकन पत्र की बिक्री हुई है।

# रहस्यमय तरीके से उठाए गए दो बच्चे कुछ देर बाद लौटे वापस

> सड़क पर खेल रहे तीन बच्चों में से दो को रहस्यमय तरीके से बाइक सवार धौरहरा की तरफ बिठाकर ले गए थे

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**



धौरहरा थाना क्षेत्र के सिसैया धौरहरा मार्ग पर सड़क पर खेल रहे तीन बच्चों में से दो को रहस्यमय तरीके से बाइक सवार धौरहरा की तरफ बिठा ले गए। साथ खेल रहे तीसरे बच्चे ने घटना की सूचना परिजनों को दी। घटना की सूचना पर परिजनों में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना पर कोतवाली पुलिस भी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। जबकि कुछ देर बाद ही बच्चे घर वापस आ गए। बच्चों के घर वापस लौटने पर परिजनों सहित पुलिस ने राहत की सांस ली।

धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के सिसैया कला निवासी राकेश (10) पुत्र रामलाल , पंकज (09) पुत्र श्याम लाल , राज (08) पुत्र गुड्डू धौरहरा सिसैया हाइवे पर सिसैया गांव के पास खेल रहे थे। बताया जाता है कि सिसैया की तरफ से आए बाइक सवार ने खेल रहे राकेश, पंकज को बाइक पर बिठा लिया और धौरहरा की तरफ चले गए। साथ खेल रहे राज ने बाइक पर बिठा ले जाने की सूचना परिजनों को दी। घटना की सूचना पाकर परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरु ही की थी कि दोनों बच्चे रहस्यमय तरीके से घर वापस आ गए।

> तीनों बच्चे सिसैया की तरफ से घर वापस आ रहे थे बच्चों ने बाइक सवार को रुकने को कहकर आगे तक छोड़ने की बात कही। बच्चे रास्ता बताना भूल गए और घर की तरफ जाने वाले रास्ते के बजाय आगे निकल गए। एक बच्चे ने मामले की सूचना घर आकर दी जिससे अफरातफरी मच गई कुछ देर खेलने के बाद वह बच्चे भी घर वापस आ गए।
> **-राघवेन्द्र प्रताप सिंह उपनिरीक्षक**

## चोरों ने मंदिर में चोरी की घटना को दिया अंजाम



**बछरावां,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुबंश खेड़ा मजरे इचौली गांव में प्रसिद्ध काली माता मंदिर में बीती रात चोरों ने चोरी की घटना की वारदात को अंजाम दिया जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि मंदिर में टांगे 21-21 किलो के 2 घंटे चोर उड़ा ले गए लोगों की मानी जाए तो उनका कहना है कि चोरों ने दूसरी बार दुस्साहसिक तरीके से इस घटना को अंजाम दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर रही है इस बाबत थाना प्रभारी बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है जांच की जा रही है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## बड़े मंगल पर हुआ भंडारे का आयोजन, भक्तों ने छका प्रसाद

**डलमऊ,रायबरेली।** जेष्ठ मास के पहले बड़े मंगल के अवसर पर हनुमान भक्तों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन कस्बे के विभिन्न मोहल्ले में किया गया कस्बे में भक्तों द्वारा स्टॉल लगाकर शरबत छोले चावल तो कहीं पूडी सब्जी का प्रसाद वितरित किया गया मुराई बाग कस्बे के शंकर नगर मोहल्ले में हनुमान भक्तों द्वारा राम भक्त हनुमान की पूजा आरती अर्चना के पश्चात भंडारी का शुभारंभ किया भक्तों द्वारा भंडारे में पूरी सब्जी छोले चावल शरबत आदि का वितरण किया गया भंडारी का आयोजन सुबह 10:00 बजे से आरंभ हुआ जो देर शाम तक चलता रहा जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया भंडारे के आयोजक शिवेंद्र गुप्ता एवं दुर्गेश गुप्ता ने बताया कि विशाल भंडारे का आयोजन पिछले कई वर्षों से ज्येष्ठ मास के पहले बड़े मंगल पर आयोजित होता है जो प्रभु की कृपा से निरंतर आयोजित हो रहा है रहा है भंडारे का आयोजन सामूहिक सहयोग से आयोजित होता है इस मौके पर विमल अग्रहरि दीपक जायसवाल बिरजू ऋतिक जयसवाल रामकृष्ण सोनी लल्लन गुप्ता शैलेंद्र गुप्ता अमन सहित बड़ी संख्या में हनुमान भक्त मौजूद रहे।

**ज्येष्ठ का बड़ा मंगल** — संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरे हनुमत बलबीरा

# बड़े मंगल पर हनुमतलला मंदिर में भक्तों ने किया पूजन-अर्चन

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

शास्त्रों में हनुमान जी की अपार महिमा का गान है यहां तक वर्णित है कि उनके नाम-जस का बखान प्रभु राम ने स्वयं किया है रामदूत की यह अपार महिमा ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार पर भी परिलक्षित हुई। वही बछरावां विकासखंड के अंतर्गत जनपद के सिंह द्वार पर स्थित पीपलेस्वर चुरूवा हनुमान मंदिर पर आज माह के प्रथम बड़े मंगल के अवसर पर भक्तों ने बजरंग बली बाबा का दर्शन व विधि विधान से पूजन अर्चन किया। सुबह सर्वप्रथम हनुमत लाल का श्रृंगार विधि विधान से किया गया। मंदिर के पुजारी चंद्रमणि अवस्थी व अनूप अवस्थी ने बताया की मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के पूजन अर्चन व दर्शन की व्यवस्था कर दी गई है। जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी अव्यवस्था का सामना ना करना पड़े। भक्तों ने भी संयम का परिचय देते हुए खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया और मंदिर की चौखट पर अपनी मनौती मानकर मत्था टेका लोगों ने बताया मंदिर बहुत प्रसिद्ध है इस मंदिर पर सभी भक्तों की मनोकामना अवश्य पूरी होती है। लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर होने के कारण आने जाने वाले छोटे से लेकर बड़े अधिकारी तक इस मंदिर की चौखट पर मत्था टेकते हुए मनौती मांगते हैं। वही श्रद्धा अनुसार मंदिर में आकर सहयोग भी करते हैं। लोगों का ऐसा मत है की पीपलेश्वर धाम से आज तक कोई निराश नहीं लौटा बस मन में विश्वास होना चाहिए। यहां वैसे तो सैकड़ों की संख्या में हर मंगलवार भक्त लोग आते हैं किंतु जेष्ठ माह के मंगलवार को दर्शन पूजा का विशेष महत्त्व है। जिसके कारण प्रत्येक मंगलवार से ज्यादा पूजा अर्चना करने हजारों की संख्या में महिला पुरुष भक्त यहां पहुंचते हैं। मंदिर की पूरी व्यवस्था पुजारी चंद्रमणि अवस्थी व अनूप अवस्थी की देखरेख में छोटे पुजारी अनूप अवस्थी गोलू पंडित, विजय, विनय सबसे ज्यादा छोटे पुजारी ऋषि अवस्थी का योगदान रहता है। सभी हनुमान भक्तों को टीका लगाकर आशीर्वाद देते हैं।

### मंदिरों में भक्तों का उमड़ा सैलाब,भीषण गर्मी मे आस्था रही भारी

**रायबरेली।** जनपद में ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार सभी हनुमान मंदिरों में उमड़ा जन सैलाब सुबह से ही मंदिरों के बाहर भक्तों की लंबी-लंबी लाइनें लगी रही और अपनी बारी का इन्तजार करते नजर आए। बता दे धार्मिक शास्त्रों के अनुसार ऐसी मान्यता है कि जेठ माह में मंगलवार के दिन किष्किंधा पर्वत पर हनुमान जी की भगवान श्रीराम से मुलाकात हुई थी और भगवान राम ने हनुमान जी को आशीर्वाद देते हुए भक्त के रूप में स्वीकार किया था तभी से जेठ माह के मंगलवार को हनुमान जी के दिन के रूप में मनाया जाता है ऐसी मान्यता है की जेठ माह में पड़ने वाले मंगलवार को अगर कोई भी भक्त अपनी सच्ची श्रद्धा और आस्था के साथ हनुमान जी का विधि-विधान से पूजन करता है तो हनुमान जी उसकी सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं। इसी आस्था और विश्वास के साथ आज बड़ी दूर-दूर से लोग चुरुवा हनुमान मंदिर बछरावां,महावीरन हनुमान मंदिर बल्ला महराजगंज। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जहांनाबाद रायबरेली,बरखंडी हनुमान मंदिर शिवगढ़,अभय दाता हनुमान मंदिर रायबरेली सहित गांवों में स्थित हनुमान मंदिरों पर भीड़ रही इस तरह पूरे जनपद के मंदिरों पर सुबह से ही मंदिर के बाहर भक्ति भाव से सुंदरकांड हनुमान चालीसा और बजरंग बाण का पाठ शुरू हो गया था और शामं तक चलता रहा। साथ ही जगह-जगह छोले पूड़ी चावल छोलेएव शरबत आदि से भक्तों द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। वही सुरक्षा दृष्टि गत पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।

### विशाल भंडारे सहित पूजा कर भक्तों ने मांगी मनौती



**महराजगंज,रायबरेली।** ज्येष्ठ मास के प्रथम मंगल पर कस्बा स्थित सुप्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर पर सुबह से ही भक्तों की लंबी-लंबी कतारें पूजा अर्चना करने के लिए लगी रही लोगों ने महाबली बजरंगबली की पूजा अर्चना की और सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। वही इस मौके पर हनुमानगढ़ी परिसर में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और सुंदरकांड का पाठ हवन पूजन सहित विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। महराजगंज कस्बे मे स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर पर कस्बे वासियों सहित क्षेत्र वासियों की अपार श्रद्धा है और लोग भारी संख्या में मंदिर पर पहुंचकर बजरंगबली की पूजा अर्चना करते हैं। ज्येष्ठ मास को शुरू हुए कई दिन हो गए और आज प्रथम मंगलवार पड़ने पर हनुमानगढ़ी मंदिर पर भंडारे सहित विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया ।इस मौके पर लक्ष्मी शंकर श्रीवास्तव प्रांतीय परिषद सदस्य डॉक्टर एमडी पासी ज्ञान प्रकाश जायसवाल चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू सुधा अवस्थी निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा अनुराग अग्रहरी ;विक्कीद्ध राजाराम त्यागी पप्पू कसेरा मनोज कसेरा सोभनाथ वैश्य किरण वर्मा घनश्याम चौरसिया द्वारिका सिंह राम अभिलाष लोधी चंद्रशेखर अंकुर जायसवाल सहित हजारों की संख्या में बजरंगबली के भक्त मौजूद रहे।

### महावीरन मंदिर पर हजारों भक्तों ने किया बजरंगबली के दर्शन

**महराजगंज,रायबरेली।** वीरों के वीर महावीर बजरंगबली की पूजा अर्चना भक्तों द्वारा जेष्ठ के प्रथम मंगल पर विधि विधान से की गई महराजगंज क्षेत्र के बावन बुजुर्ग बल्ला में स्थित सुप्रसिद्ध महावीरन मंदिर पर सुबह से ही भक्तों की अपार भीड़ देखने को मिली वहीं विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महावीरन हनुमान मंदिर की समिति द्वारा एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें अनुमान के हिसाब से लगभग 5000 से अधिक लोगों ने बजरंगबली का प्रसाद ग्रहण किया ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पंकज गुप्ता ने बताया कि महावीरन मंदिर पर ज्येष्ठ मास में हर वर्ष कई भंडारे किए जाते हैं जिसमें क्षेत्र की अपार जनता शामिल होती है क्योंकि इस मंदिर का इतिहास बहुत ही पुराना है। कुछ लोगों ने बताया कि महावीरन मंदिर का इतिहास रायबरेली जिले के लाल एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राणा बेनी माधव बक्श सिंह से जुड़ा है लोगों द्वारा बताया जाता है कि अंग्रेजों से लोहा लेते-लेते राणा बेनी माधव बक्श सिंह एक बार यहीं पर रात्रि विश्राम किया था उनको सपने में हनुमान जी के दर्शन हुए लोग बताते हैं कि राणा बेनी माधव बक्श सिंह के द्वारा ही हनुमान जी को यहां पर स्थापित किया गया था तब से लेकर अब तक क्षेत्र के जनमानस का विश्वास बजरंगबली पर बना हुआ है और लोग आपार संख्या में आकर बजरंगबली के भंडारे का जहां प्रसाद लेते हैं वही सुख समृद्धि का आशीर्वाद भी मांगते हैं इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पंकज गुप्ता नवनीत मौर्य विनीत मिश्रा बंसी मौर्य हरीश रामकिशोर वैश्य राम लखन सहित हजारों लोग मौजूद रहे।



### अष्ट सिद्ध नव निधि के दाता से भक्तों ने मांगा सुख समृद्धि का आशीर्वाद

**महराजगंज,रायबरेली।** हनुमान मंदिरों पर जेष्ठ के प्रथम मंगल पर सुंदरकांड के पाठ सहित जगह-जगह भंडारों का आयोजन पूरा दिन होता रहा पहरेमऊ चौराहे पर अशर्फाबाद गांव निवासी एवं व्यापारी सोभनाथ साहू उर्फ पुत्तन द्ववारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने बजरंगबली का प्रसाद ग्रहण किया अपने प्रतिष्ठान पर व्यापारी सोभनाथ साहू ने विशाल भंडारे की शुरुआत हवन पूजन के साथ की उसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने अष्ट सिद्धि नव निधि के दाता से आशीर्वाद प्राप्त किया ।इस मौके पर सुशील साहू सुनील साहू राम कुबेर सिंह सतीश सिंह लाखन सिंह पहरेमऊ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामकिशोर यादव ओया ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अशोक यादव पूर्व प्रधान पहरेमऊ अशोक पासवान पहरावां कोटेदार राम सजीवन यादव बहादुर नगर कोटेदार रावेद्र सिंह उर्फ ललऊ संतोष निर्मल भोला साहू लल्लू साहू सहित सहित हजारों की संख्या में बजरंगबली के भक्त मौजूद रहे।

## बढ़ता ताप, झुलसती धरती

दुनिया और कितनी गर्मी झेलने को तैयार है? यह सवाल बेहद गंभीर है और लोग इससे कब तक बेखबर रहेंगे यह समझ से परे है। अब तो इंसान क्या दूसरे जीव, जन्तु भी गर्मी से बेहाल होकर इस कदर बेकाबू हो रहे हैं कि कई तरह की तबाहियों का कारण बने हुए हैं। लेकिन हम हैं कि अपनी प्यारी धरती की तपिश को बजाए कम करने के और बढ़ाए जा रहे हैं। दुनिया में क्या धरती का तापमान बढ़ाकर ही विकास की कहानी लिखी जा सकती है? क्या दुनिया में अबकी बार साल 2023 से अधिक गर्म 2024 कहलाएगा? जलवायु शोधकर्ता इसी पर चिंतित हैं। हमें नहीं भूलना चाहिए कि वैज्ञानिकों ने ही खुलासा किया था कि पिछले साल उत्तरी गोलार्ध में इतनी गर्मी पड़ी कि करीब 2,000 साल का रिकॉर्ड टूटा और इसीलिए 2023, धरती पर अब तक का सबसे गर्म वर्ष कहलाया। अब इंग्लैंड में रोहेम्पटन विश्वविद्यालय का सामने आया नया शोध बेहद चिंताजनक है जो बताता है कि जब पृथ्वी का बाहरी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार हो जाता है तो इंसान का शरीर इससे ज्यादा गर्मी सहन करनी की शक्ति खोने लगता है। इसके चलते कई अंग प्रभावित होने लगते हैं। अनेकों चिकित्सकीय शोधों से भी साफ हो चुका है कि मानव शरीर अनुकूल परिस्थितियों तक ही तापमान सहजता से सहन कर पाता है। प्रतिकूल परिस्थितियों में कई अंगों के प्रभावित होने या शिथिल या काम बंद कर देने के खतरे बढ़ जाते हैं। सबको पता है कि शरीर का 70 फीसदी से ज्यादा हिस्सा जलतत्व से निर्मित है। यही शरीर के तापमान को स्थिर बनाए रखने के लिए गर्मी से मुकाबला करते हैं। इसका साधारण उदाहरण शरीर में गर्मी लगते ही पसीना आना है। लेकिन जब शरीर में मौजूद जलतत्व, पसीना बनकर उड़ जाएगा तो स्वाभाविक है कि शरीर में पानी की कमीं होगी। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। वहीं शरीर के कई ऐसे संवेदनशील आंतरिक अंग हैं जो पानी या जलतत्व के निश्चित मात्रा में रहे आने पर ही सुचारु पूर्वक काम करते हैं। जब भीषण गर्मी में लगातार शरीर में पानी की आवश्यक मात्रा को बनाए रखना अनजाने या मजबूरी में संभव नहीं हो पाता है तब इसका असर हमारे आंतरिक अंगों पर भी पड़ता है। इससे शरीर कई गंभीर बीमारियों का अनायास शिकार हो जाता है। शरीर में जलतत्व की कमीं का प्रभाव लोगों पर सेहत के हिसाब से अलग-अलग पड़ता है। किसी को चक्कर आता है तो कोई सिरदर्द की शिकायत करता है। कई बेहोश हो जाते हैं तो किसी की नाक से खून आ जाता है। कई लोगों को सांस में दिक्कत होने लगती है। कई कारण हैं जो बाहर से तो समझ आ जाते हैं लेकिन आंतरिक अंगों पर पड़ने वाले गंभीर दुष्परिणाम बाहर न तो दिखते हैं और न ही जल्द समझ आते। यही बहुत हानिकारक होते हैं। सांस फूलने से हृदय में रक्त का प्रवाह अनियमित हो जाता है। फेफड़ों पर भी बुरा असर पड़ता है। रक्तचाप भी अनियंत्रित हो जाता है और मौत तक संभव है। हम भारत के संदर्भ में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी को देखें तो इससे जहां आम मध्यम लोगों में गुर्दों पर बुरा असर पड़ने के साथ हृदय या सांस संबंधी बीमारियां एकाएक बढ़ सकती हैं। वहीं गरीबों या आर्थिक रूप से कमजोर बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, किसान और रोजाना कमाने खाने वाले मजदूर इसके ज्यादा शिकार होते हैं। अब भारत में गर्मियों में पहाड़ों वह भी ठंडे इलाकों के जंगलों में लगातार आग की घटनाएं और भी ज्यादा चिंताजनक हैं।

# बड़े खिलाड़ी बनकर उभरे अखिलेश यादव

**प्रो. रविकान्त**



यूपी में साढ़े तीन मुख्यमंत्री का मेटाफर प्रयोग करते हुए मीडिया अखिलेश यादव को आधा मुख्यमंत्री बताकर कटाक्ष करता रहा। पार्टी, सरकार और प्रशासन में ज्यादातर सवर्णों के इर्द गिर्द रहे अखिलेश यादव को शायद पिछड़े होने का एहसास नहीं था। लेकिन 2017 का चुनाव हारने के बाद जब अखिलेश यादव ने अपना मुख्यमंत्री आवास खाली किया तो उसी मीडिया के जरिए अखिलेश यादव को टोंटी चोर कहकर प्रचारित किया गया। लेकिन इसे राजनीतिक आलोचना का एक हिस्सा मानकर शायद अखिलेश यादव ने भुला दिया। हालांकि आज भी सवर्ण मीडिया और भाजपा की ट्रोल आर्मी अखिलेश यादव को टोंटी चोर कहने से गुरेज नहीं करती। जाहिर तौर पर समय बदल गया है। सामाजिक संरचना भी बदली है। लेकिन सवर्ण सामन्तों के भीतर भरी हुई नफरत और हिकारत पीढ़ी दर पीढ़ी चली जा रही है। इसलिए गालियों की जगह सिर्फशब्द बदले हैं।

2024 के लोकसभा चुनाव में देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव एक बड़े खिलाड़ी के तौर पर उभरे हैं। इस चुनाव में अखिलेश यादव पीडीए फार्मूला लेकर आए हैं-पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक। पीडीए दरअसल कांशीराम के 15 बनाम 85 की राजनीति का ही नया संस्करण है। अखिलेश यादव की रैलियों में बढ़ती भीड़ से ऐसा लगता है कि समाजवादी पार्टी में लोगों का विश्वास लौट रहा है। अखिलेश यादव के टिकट वितरण के सामाजिक समीकरण की तारीफहो रही है। महंगाई और बेरोजगारी से पीड़ित देश का जनमानस इस समय विपक्ष इंडिया गठबंधन की तरफ देख रहा है।

खास बात यह है कि इंडिया गठबंधन जनता के मूल मुद्दों को लगातार उठा रहा है। 80 लोकसभा सीटों वाले सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश पर पूरे देश की निगाहें लगी हुई हैं। आज उत्तर प्रदेश में भाजपा के सामने सबसे बड़ी ताकत अखिलेश यादव हैं। पिछली तीन असफलताओं के बावजूद इस चुनाव में उनका पीडीए फार्मूला कारगर होते हुए दिख रहा है। ऑस्ट्रेलिया से पढ़ाई करके लौटे अखिलेश यादव पिता मुलायम सिंह यादव का साथ देने के लिए राजनीति में आ गए। सपा के नौजवानों में अखिलेश भैया तेजी से लोकप्रिय हो गए। पहली बार अखिलेश यादव 2010-11 में तब सुर्खियों में आए जब उन्होंने साइकिल से यात्रा करते हुए पूरे प्रदेश का दौरा किया। मायावती के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ अखिलेश यादव की साइकिल यात्रा से समाजवादी पार्टी को नई ऊर्जा मिली। 2012 के विधानसभा चुनाव में बसपा को हराकर सपा ने 403 की विधानसभा में 224 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत हासिल किया। उम्र की ढलान पर पहुंच चुके पिता मुलायम सिंह यादव ने तब उत्तर प्रदेश की बागडोर अपने नौजवान बेटे अखिलेश यादव को सौंप दी। 2012 से 2017 के बीच अखिलेश यादव यूपी के सबसे युवा मुख्यमंत्री रहे। कुछ गलतियों और अनेक उपलब्धियों के साथ अखिलेश यादव को मीडिया में बहुत तवज्जो नहीं मिली। सवर्ण मीडिया लगातार उनकी खिल्ली उड़ाता रहा।

यूपी में साढ़े तीन मुख्यमंत्री का मेटाफर प्रयोग करते हुए मीडिया अखिलेश यादव को आधा मुख्यमंत्री बताकर कटाक्ष करता रहा। पार्टी, सरकार और प्रशासन में ज्यादातर सवर्णों के इर्द गिर्द रहे अखिलेश यादव को शायद पिछड़े होने का एहसास नहीं था। लेकिन 2017 का चुनाव हारने के बाद जब अखिलेश यादव ने अपना मुख्यमंत्री आवास खाली किया तो उसी मीडिया के जरिए अखिलेश यादव को टोंटी चोर कहकर प्रचारित किया गया। लेकिन इसे राजनीतिक आलोचना का एक हिस्सा मानकर शायद अखिलेश यादव ने भुला दिया। हालांकि आज भी सवर्ण मीडिया और भाजपा की ट्रोल आर्मी अखिलेश यादव को टोंटी चोर कहने से गुरेज नहीं करती। जाहिर तौर पर समय बदल गया है। सामाजिक संरचना भी बदली है। लेकिन सवर्ण सामन्तों के भीतर भरी हुई नफरत और हिकारत पीढ़ी दर पीढ़ी चली जा रही है। इसलिए गालियों की जगह सिर्फ शब्द बदले हैं।

दरअसल, अपमानजनक शब्दों के जरिए पिछड़ों और दलितों को उनकी हैसियत बताने की कोशिश की जाती है। उनके हौंसले को तोड़ा जाता है। इससे उनके भीतर हीनताबोध पैदा होता है। सवर्ण वर्चस्ववादियों के लिए चुना हुआ मुख्यमंत्री हो या चयनित आईएएस अथवा प्रोफेसर, सब निम्न और घृणास्पद हैं। हिंदुत्व के नाम पर आरएसएस और भाजपा इसी वर्चस्ववाद को पोसती है। उनके भीतर के जातिवादी अभिमान और श्रेष्ठताबोध को बढ़ावा देती है। लोकतंत्र और संविधान के बावजूद उनके भीतर का यह भेदभाव समाप्त नहीं हुआ है। सत्ता मिलते ही यह वर्चस्ववाद और श्रेष्ठताभाव कुलाचें भरने लगता है। पिछड़े या शूद्र होने का एहसास अखिलेश यादव को पहली बार शायद तब हुआ जब मुख्यमंत्री आवास से निकलने के बाद 5, कालिदास मार्ग को धोया गया। 2017 का विधानसभा चुनाव जीतकर भाजपा ने गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मठ के महंत योगी आदित्यनाथ को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया। मुख्यमंत्री आवास में प्रवेश करने से पहले 5, कालिदास मार्ग को गंगाजल से धोया गया और मंत्रोच्चार के जरिए पवित्र किया गया। अखिलेश यादव के लिए यह बेहद अपमानजनक था। इसके बाद भी भाजपा की ट्रोल आर्मी द्वारा लगातार उनके खिलाफभद्दे-भद्दे कमेंट किए जाते रहे। अखिलेश यादव ने 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा के साथ गठबंधन किया। इस गठबंधन के लिए अखिलेश यादव ने खुद पहल की। बसपा सुप्रीमो के घर जाकर उन्होंने मायावती का सम्मान किया। चुनाव के दरम्यान कन्नौज की सभा में अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव ने मंच पर मायावती के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। हालांकि डिंपल यादव गठबंधन प्रत्याशी के तौर पर चुनाव हार गयीं। चूंकि 2019 का लोकसभा चुनाव पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले और पीओके में भारतीय सेना द्वारा एयर स्ट्राइक के कारण राष्ट्रवाद के मुद्दे पर केंद्रित हो गया। इसके अलावा सपा और बसपा के कार्यकर्ताओं में तालमेल की कमी के कारण गठबंधन को सिर्फ 15 सीटों पर सफलता मिली। चुनाव के बाद मायावती ने सपा के वोट ट्रांसफर नहीं होने का आरोप लगाकर एक तरफा गठबंधन तोड़ दिया। समाजवादी पार्टी को मूलरूप से पिछड़ों, किसानों और नौजवानों की पार्टी माना जाता था। बसपा से गठबंधन टूटने के बाद अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी का विस्तार करने का प्रयास किया। दलित समाज को जोड़ने के लिए सपा कार्यालय में अम्बेडकर जयंती मनाने की शुरुआत हुई। डॉ राममनोहर लोहिया के साथ अब डॉ अम्बेडकर का चित्र भी सपा कार्यालय में लगा दिया गया। दलित वोटर तक पहुंच बढ़ाने के लिए अखिलेश यादव ने लोहिया वाहिनी की तर्ज पर बाबा साहब वाहिनी का गठन किया। डॉ अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर अखिलेश यादव ने अपने पिता मुलायम सिंह यादव की मौजूदगी में 14 अप्रैल 2021 को बाबा साहब वाहिनी बनाने का ऐलान किया। पार्टी के संविधान में संशोधन करके बाबा साहब वाहिनी को सपा का एक फ्रंटल ऑर्गेनाइजेशन घोषित किया गया। इसके राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष पद पर दलित समाज को नेतृत्व दिया गया। अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी के दरवाजे बसपा के नेताओं के लिए खोल दिए। परिणामस्वरूप कई पुराने नेता बसपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। लालजी वर्मा, स्वामी प्रसाद मौर्य, रामअचल राजभर, राजाराम पाल, इंद्रजीत सरोज, रामप्रसाद चौधरी जैसे कई नेता अखिलेश यादव के साथ आ गए। 2022 के विधानसभा चुनाव से पूर्व अखिलेश यादव का कुनबा और मजबूत हो गया।

## विचार

# शांति रक्षकों में भारत के बलिदानी सर्वाधिक

**योगेश कुमार गोयल**



संयुक्त राष्ट्र एक ऐसा अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जो अपनी स्थापना के बाद से ही विश्व शांति के साथ-साथ मानवाधिकार, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति तथा अंतरराष्ट्रीय कानूनों को सुविधाजनक बनाने के लिए कार्यरत रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 29 मई 1948 को पहला संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन स्थापित किया गया था। उस समय इजराइल तथा अरब देशों के बीच फैली अशांति को दूर करने के लिए वहां यूएन द्वारा शांति रक्षक सैनिकों की तैनाती की गई थी।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा अफ्रीका, अमेरिका, एशिया, यूरोप तथा मध्य पूर्व में 71 शांति अभियानों की स्थापना की गई। दुनियाभर में शांति बहाल करने में संयुक्त राष्ट्र के शांति रक्षकों की अहम भूमिका रहती है, जो कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपनी जान दांव पर लगाकर कार्य करते रहे हैं और फिलहाल विश्वभर में एक लाख से भी अधिक पुरुष व महिला बतौर शांति रक्षक यूएन के शांति अभियानों में संलग्न हैं। संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन में सबसे ज्यादा संख्या इथोपिया और बांग्लादेश के शांति रक्षकों की है और इन दोनों देशों के बाद इसमें सर्वाधिक योगदान देने वाले देशों में भारत है। फिलहाल सात हजार से भी अधिक भारतीय सैन्य और पुलिस जवान अफगानिस्तान, कांगो, हैती, लेबनान, लाइबेरिया, मध्य पूर्व, साइप्रस, दक्षिण सूडान, पश्चिम एशिया और पश्चिम सहारा में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशनों में शांति रक्षा के लिए तैनात हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2002 में प्रस्ताव संख्या ए/ईएस/57/129 के जरिये आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए पहली बार 'शांति रक्षा मिशन' को अधिकार दिए गए और 29 मई को 'शांति रक्षक दिवस' के रूप में नामित किया गया, तभी से प्रतिवर्ष इसी दिन को 'संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की अपनी कोई स्वतंत्र सेना नहीं होती और शांति रक्षा का प्रत्येक कार्य सुरक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित होता है। यूएन के शांति रक्षा कार्यों में भाग लेना वैकल्पिक होता है और कनाडा तथा पुर्तगाल ही विश्व में अब तक सिर्फ दो ऐसे देश हैं, जिन्होंने प्रत्येक शांति रक्षा अभियान में हिस्सा लिया है। शांति रक्षक दल संयुक्त राष्ट्र को उसके सदस्य देशों द्वारा प्रदान किए जाते हैं, जो प्रायः ऐसे क्षेत्रों में भेजे जाते हैं, जहां हिंसा कुछ समय पहले से बंद है ताकि वहां शांति संघ की शर्तों को लागू रखते हुए हिंसा को रोककर रखा जा सके।

यूएन का शांति रक्षा मिशन इस साल अपनी 76 वीं सालगिरह मना रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव का कहना है कि दुनिया भर में हिंसक संघर्षों में फंसे लाखों लोगों के लिए शांति रक्षा एक आवश्यकता एवं आशा है तथा शांति रक्षा को और ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए जरूरत है कि हम सब मिलकर इसके लिए काम करें ताकि लोगों को सुरक्षा दी जा सके और शांति को बढ़ावा मिल सके। उनका कहना है कि वैश्विक शांति और सुरक्षा में संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा एक अहम निवेश है लेकिन इसके लिए मजबूत अंतरराष्ट्रीय

**(संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस/29 मई/विशेष)**

संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2002 में प्रस्ताव संख्या ए/ईएस/57/129 के जरिये आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए पहली बार 'शांति रक्षा मिशन' को अधिकार दिए गए और 29 मई को 'शांति रक्षक दिवस' के रूप में नामित किया गया, तभी से प्रतिवर्ष इसी दिन को 'संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। यूएन का शांति रक्षा मिशन इस साल अपनी 76 वीं सालगिरह मना रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव का कहना है कि दुनिया भर में हिंसक संघर्षों में फंसे लाखों लोगों के लिए शांति रक्षा एक आवश्यकता एवं आशा है तथा शांति रक्षा को और ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए जरूरत है कि हम सब मिलकर इसके लिए काम करें ताकि लोगों को सुरक्षा दी जा सके और शांति को बढ़ावा मिल सके।

संकल्प चाहिए। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 'एक्शन फॉर पीस कीपिंग' पहल की शुरुआत की गई है, जिसका मूल उद्देश्य यूएन मिशनों को मजबूत, सुरक्षित और भविष्य के लिए उपयुक्त बनाना है। अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस वैश्विक शांति के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले ऐसे संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षकों की स्मृति के सम्मान में मनाया जाता है, जिन्होंने शांति स्थापना में अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। इस दिन संयुक्त राष्ट्र के शांति प्रबंधन कार्यों में अपने उच्च स्तर की व्यावसायिकता, समर्पण और साहस का प्रदर्शन करते अपनी जान गंवाने वाले शांति रक्षकों को श्रद्धांजलि दी जाती है। शांति रक्षकों को मरणोपरांत 'डैग हैमारस्जोल्ड मेडल' प्रदान किया जाता है। यह पदक कर्तव्य निर्वहन के दौरान अदम्य साहस और बलिदान के लिए दिया जाता है। इस सम्मान की स्थापना वर्ष 2000 में संयुक्त राष्ट्र के दूसरे महासचिव डैग हैमारस्जोल्ड की स्मृति में की गई थी, जिनकी 1961 में एक विमान हादसे में मौत हो गई थी। शांति रक्षक अत्यधिक जोखिम उठाते हुए प्रतिदिन विभिन्न देशों में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की हिंसा से रक्षा करते हैं। यूएन के पिछले 76 वर्षों के शांति रक्षक अभियानों में जहां अब तक दुनियाभर के चार हजार से भी ज्यादा शांति रक्षकों ने अपने प्राणों की आहुति दी, वहीं इनमें भारत के शहीद हुए शांति रक्षकों की संख्या करीब 200 है, जो किसी भी अन्य देश के मुकाबले सर्वाधिक है।

## अमीर होते देश में आत्महत्या करते लोग

**विवेकानंद माथने**


भारत में बढ़ती आत्महत्याएं चिंता का विषय है। वैसे इसके कई कारण दिये जा सकते हैं, लेकिन आत्महत्या मुक्त भारत की दिशा में आगे बढ़ने और उसके सही कारणों को जानकर उपाय करना जरुरी है। श्एनसीआरबीश् (नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो) की रिपोर्ट के अनुसार भारत में हुई आत्महत्याओं का आर्थिक, व्यवसायिक, शैक्षणिक और आयु के आधार पर विश्लेषण करने पर जो तस्वीर उभरती है, उससे स्पष्ट होता है कि बढ़ती आत्महत्याओं के लिये सरकारी नीतियां अधिक जिम्मेदार हैं।

एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार भारत में वर्ष 2022 में कुल 1 लाख 70 हजार 924 आत्महत्याऐं हुई हैं और आत्महत्याओं की दर 12.4 रही है। भारत में प्रतिदिन 468 आत्महत्याएं हुई हैं। वर्ष 2014 में कुल 1 लाख 31 हजार 666 आत्महत्याएं हुई थीं और आत्महत्याओं की दर 10.6 रही थी। पिछले 9 साल में आत्महत्याएं और उसकी दर निरंतर बढ़ती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार 2019 में दुनिया में 7 लाख 3 हजार आत्महत्याएं हुई हैं। इसमें से 77 प्रतिशत आत्महत्याएं निम्न और मध्यम आय वाले देशों में हुई हैं। वैश्विक स्तर पर 15 से 29 साल के बच्चों में आत्महत्या मृत्यु का चौथा प्रमुख कारण रहा है। आत्महत्या की दर भेदभाव के शिकार हुये कमजोर समूहों में अधिक है। संख्या की दृष्टि से आत्महत्याओं में भारत दुनिया में नंबर एक पर है।

आत्महत्याओं के लिये मानसिक स्वास्थ्य, व्यक्तिगत समस्याएं, सामाजिक और आर्थिक कारक प्रमुख कारण माने जाते हैं। मानसिक कारकों में अवसाद, चिंता, तनाव और सामाजिक-आर्थिक कारकों में गरीबी, बेरोजगारी, कर्ज, सामाजिक बहिष्कार, भेदभाव आत्महत्या के जोखिम को बढ़ाते हैं। संघर्ष, आपदा, हिंसा, दुर्व्यवहार, नुकसान का अनुभव और अकेलेपन की भावना आत्मघाती व्यवहार से करीबी से जुड़ी हुई है। संकट के क्षणों में आवेग में अधिक आत्महत्याएं होती हैं। शैक्षणिक स्थिति के आधार पर दसवीं कक्षा से कम पढ़े 67.9 प्रतिशत और दसवीं से बारहवीं कक्षा तक पढ़े 15.9 प्रतिशत लोगों ने आत्महत्याएं की हैं। कुल आत्महत्याओं में 12 वीं कक्षा तक पढ़े 83.8 प्रतिशत लोगों ने आत्महत्या की हैं। इनमें से 9 प्रतिशत लोगों की शिक्षा की जानकारी नहीं है। इसमें बारहवीं से कम की संख्या जोड़ने पर बारहवीं तक पढ़े लोगों में आत्महत्याएं करने वालों की संख्या में और बढ़ोतरी होगी।

आत्महत्याओं में बारहवीं से अधिक पढ़े 7.2 प्रतिशत लोगों का समावेश है। आर्थिक स्थिति के आधार पर वार्षिक 1 लाख रुपये से कम आय वर्ग में, याने मासिक 8 हजार रुपये से कम मासिक आय वर्ग में 64.3 प्रतिशत लोगों ने आत्महत्याएं की हैं। वार्षिक 1 से 5 लाख रुपये आय वर्ग, याने मासिक 8 हजार से 42 हजार रुपये आय वर्ग में 30.7 प्रतिशत लोगों ने आत्महत्याएं की हैं। कुल आत्महत्याओं में 5 लाख से कम आय वर्ग में 95 प्रतिशत लोगों ने और 5 लाख से अधिक आय वर्ग में 5 प्रतिशत लोगों ने आत्महत्या की हैं।

व्यवसायिक स्थिति के आधार पर गृहिणी 14.8 प्रतिशत, विद्यार्थी 7.6 प्रतिशत, बेरोजगार 9.2 प्रतिशत, स्वयं रोजगार करने वाले 11.4 प्रतिशत, खेती कार्य करने वाले 6.6 प्रतिशत, दैनिक मजदूरी करने वाले 26.4 प्रतिशत लोग हैं। वेतन पाने वाले 9.6 प्रतिशत और सेवानिवृत्त 0.8 प्रतिशत हैं। अन्य 13.5 प्रतिशत हैं। इससे एक बात स्पष्ट होती है कि लगभग 76 प्रतिशत आत्महत्याएं असुरक्षित रोजगार के क्षेत्र में हुई हैं। अज्ञात आंकड़ों में जोड़ने से यह आंकड़ा और बढ़ेगा। आयु के आधार पर कुल आत्महत्या पीड़ितों में सबसे अधिक 59 हजार 108 याने 34.58 प्रतिशत आत्महत्याएं 18 से 30 साल आयु के लोगों की हुई हैं और 54 हजार 351 याने 31.8 प्रतिशत आत्महत्याएं 30 से 45 साल आयु के लोगों की हुई हैं। व्यक्ति को आर्थिक और सामाजिक स्थिरता प्राप्त करने के लिहाज से यह उम्र सबसे महत्वपूर्ण होती है। कुल आत्महत्याओं में 5 लाख से कम आय वर्ग में 95 प्रतिशत लोगों ने आत्महत्या की हैं। 12 वीं कक्षा तक पढ़े 83.8 प्रतिशत लोगों ने आत्महत्या की है। 76 प्रतिशत से अधिक आत्महत्या असुरक्षित रोजगार के क्षेत्र में हुई है। रोजगार और आर्थिक स्थिरता प्राप्त करने की उम्र में 66.38 प्रतिशत आत्महत्या हुई हैं।



## राशिफल

**मेषः-** आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में संलग्न रहेंगे। गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेगी। बोलने पर संयम रखने से अनर्थ से बच जाएंगे।

**वृषभः-** आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोह में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाएंगे और आनंद में समय व्यतीत होगा।

**मिथुनः-** अधूरे कार्यों की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। कार्यों में यश और कीर्ति मिलेगी। नौकरीपेशा वालों को लाभ होगा।

**कर्कः-** अच्छे मन से दिन व्यतीत करने की गणेशजी सलाह देते हैं, क्योंकि आज का दिन शारीरिक और मानसिक रूप से उद्वेगपूर्ण रहेगा। पेट दर्द परेशान करेगा। धन खर्च की संभावना है।

**सिंहः-** आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति आएगी। माताजी की तबीयत खराब हो सकती है।

**कन्या :-** बिना विचारे साहस करने के प्रति गणेशजी चेतावनी देते हैं। भावनात्मक सम्बंध स्थापित होंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी।

**तुलाः-** आज की मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोध आवेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होगा। अनावश्यक खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य खराब होगा।

**वृश्चिकः-** आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय बीतेगा। धन लाभ का योग है।

**धनुः-** क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों के साथ सम्बंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

**मकरः-** आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी।

**कुंभः-** हर कार्य सरलतापूर्वक हल होंगे और उनमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थिति बनेगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा। धन प्राप्ति का योग है।

**मीनः-** आज के दिन की शुरुआत भय के साथ होगी। शरीर में सुस्ती और थकान रहेगी। कोई भी कार्य पूरा न होने पर हताशा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा। व्यर्थ में पैसे खर्च होंगे।

# धर्मस्थलों के अतिक्रमण हटाने में देखने में आया सांप्रदायिक सौहार्द

**प्रमोद भार्गव**

अकसर हमारे राजनेता या प्रदेश प्रमुख हिंदू एवं मुस्लिम संप्रदायों से जुड़े मंदिर एवं मस्जिदों के अतिक्रमण हटाने से भयभीत दिखाई देते हैं। इनके पीछे उनकी स्वयं की धार्मिक भावना एवं आस्था तो होती ही है, कहीं सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़ न जाए, इसका डर भी मन में रहता है। अतएव ज्यादातर मुख्यमंत्री ऐसे अतिक्रमणों को हटाने से बचते हैं। हालांकि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनेक धार्मिक स्थलों एवं भू-माफिया के अतिक्रमण हटाकर एक मिसाल पेश की है। अब ऐसा ही उदाहरण मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन में पेश किया है। उन्होंने उज्जैन के केडी मार्ग चौड़ीकरण में आ रही बाधाओं को दूर करने में दृढ निर्णय के साथ सभी धर्मावलंबियों और शासन के बीच सामंजस्य बिठाकर इन अतिक्रमणों को हटाने का अनूठा उदाहरण पेश किया है। कुल 18 धार्मिक स्थलों के अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। इनमें 15 मंदिर, 2 मस्जिद और एक मजार शामिल हैं। इन्हें पीछे करने या अन्य स्थल पर स्थापित रजामंदी से किया जा रहा है। जो भी धार्मिक स्थल विस्थापित किए जा रहे हैं,



उन्हें प्रशासन अपने-अपने धार्मिक विधि-विधान से प्रशासन के जरिए स्थापित कराएगा। जिन भवनों के अतिक्रमण हैं, उन्हें भवन मालिक स्वयं हटा रहे हैं।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन में पेश किया है। उन्होंने उज्जैन के केडी मार्ग चौड़ीकरण में आ रही बाधाओं को दूर करने में दृढ निर्णय के साथ सभी धर्मावलंबियों और शासन के बीच सामंजस्य बिठाकर इन अतिक्रमणों को हटाने का अनूठा उदाहरण पेश किया है। कुल 18 धार्मिक स्थलों के अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। इनमें 15 मंदिर, 2 मस्जिद और एक मजार शामिल हैं। इन्हें पीछे करने या अन्य स्थल पर स्थापित रजामंदी से किया जा रहा है। जो भी धार्मिक स्थल विस्थापित किए जा रहे हैं, उन्हें प्रशासन अपने-अपने धार्मिक विधि-विधान से प्रशासन के जरिए स्थापित कराएगा। जिन भवनों के अतिक्रमण हैं, उन्हें भवन मालिक स्वयं हटा रहे हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव पूरी तरह धार्मिक हैं, लेकिन उनमें धर्मजन्य मिथकीय जड़ता नहीं है। जब वे मुख्यमंत्री बने थे, तब उन्होंने इस पद पर असीन होने के बाद पहली बार उज्जैन में रात बिताने का निश्चय किया था। इस खबर के फैलने के बाद कथित धर्म के प्रचारकों ने प्रश्न उठाया कि राजा महाकाल की नगरी की परिधि में कोई दूसरा राजा या मुखिया रात बिताएगा तो उसे महाकाल के आक्रोश से पद गंवाना पड़ सकता है।

मुख्यमंत्री मोहन यादव पूरी तरह धार्मिक हैं, लेकिन उनमें धर्मजन्य मिथकीय जड़ता नहीं है। जब वे मुख्यमंत्री बने थे, तब उन्होंने इस पद पर असीन होने के बाद पहली बार उज्जैन में रात बिताने का निश्चय किया था। इस खबर के फैलने के बाद कथित धर्म के प्रचारकों ने प्रश्न उठाया कि राजा महाकाल की नगरी की परिधि में कोई दूसरा राजा या मुखिया रात बिताएगा तो उसे महाकाल के आक्रोश से पद गंवाना पड़ सकता है। इस पर मुख्यमंत्री यादव ने सार्थक टिप्पणी करते हुए कहा था, मैं तो उज्जैन का ही निवासी हूं और महाकाल भगवान की शरण में ही रहा हूं। आज मेरी जो भी राजनीतिक व अन्य उपलब्धियां हैं, वह उन्हीं की कृपा और आशीर्वाद से हैं। भगवान महाकाल का दायरा कोई उज्जैन नगर निगम तक सीमित नहीं है। वे विश्व के कण-कण में व्याप्त हैं। अतएव उन्हें मुझे दंडित करना होगा तो उज्जैन नगर की सीमा से बाहर भी दंडित कर सकते हैं। इसलिए मैं उन्हीं की शरण में उज्जैन में रात बिताऊंगा और मुझ पर उनकी कृपा भी रहेगी। हम सब जानते हैं कि मोहन यादव ने उज्जैन में रात बिताई और महाकाल की उन पर कृपा बरसती रही।

इसी विश्वास का परिणाम है कि वे आज उन तीर्थयात्रियों के लिए उज्जैन में सुलभ मार्ग बना रहे हैं, जिनकी संख्या महाकाल लोक के निर्माण के बाद निरंतर बढ़ रही है। ऐसे में एक उदार और जबावदेही शासक का दायित्व बनता है कि वह भोले शंकर के दर्शन हेतु जितने सरल उपाय हो सकें, उन्हें क्रियान्वित करें, यह काम इसी दृष्टिकोण के मद्देनजर किया जा रहा है। साफ है, जब केडी मार्ग का चौड़ीकरण पूर्ण हो जाएगा, तब दर्शनार्थी तो उसका लाभ उठाएंगे ही, प्रशासन को भी व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के लिए किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। अन्यथा हम देख रहे हैं कि संकरे मार्गों पर ज्यादा भीड़ बढ़ जाने के कारण कई लोग दम घुट जाने से बेमौत मारे जाते हैं। धार्मिक यात्राओं में श्रद्धालुओं का इस तरह से मारे जाने की घटनाएं निरंतर देखने में आ रही हैं। धार्मिक नगरों में मार्गों का चौड़ा होना इसलिए भी जरूरी है, कि कहीं यदि किसी होटल या अन्य भवन में आगजनी की घटना घट जाती है तो चौड़े मार्गों से सुरक्षादलों और फायर बिग्रेड को मौके पर पहुंचने में बाधा सामने नहीं आती।

यदि समय पर ये दोनों सुविधाएं घटनास्थल पर उपलब्ध हो जाती हैं तो भवन में फंसे लोगों के प्राण तो बचा ही लिए जाते हैं, आग पर नियंत्रण भी जल्द हो जाता है। इसलिए आग आसपास के इलाकों में नहीं फैल पाती। अतएव मार्गों के चौड़ीकरण में मंदिर या मस्जिद जैसी बाधाएं आती हैं तो उन्हें उज्जैन की तरह ही समन्वय व सौहार्द से हटा लेना चाहिए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# कई स्थानों पर अग्निशमन विभाग ने किया निरीक्षण

## महिला जिला अस्पताल, राजकीय पॉलीटेक्निक पर अन्य संस्थानों में अग्निशमन उपकरणों की जांच कर दिए निर्देश

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



उत्तर प्रदेश शासन व एसपी महोबा के निर्देश पर बीते दिवस महोबा मुख्यालय में ज़िला महिला अस्पताल लाइब्रेरी, होटल समेत राजकीय पॉलीटेक्निक महोबा का अग्निशमन सुरक्षा की दृष्टि से औचकनिरीक्षण किया गया।

इस दौरान इन स्थानों पर लगे अग्निशमन उपकरणों को चेक करते हुए उपकरणों को सदैव क्रियाशील रखने हेतु संबंधित जगहों पर जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गये। इसके साथ ही अग्निकांड के खतरों से बचाव व सुरक्षा के उपायों के विषय में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी ने निरीक्षण के दौरान बताया कि शहरी क्षेत्रों में होटल, कोचिंग, स्कूल, व्यवसायिक व शैक्षिक संस्थानों में अग्निशमन संयंत्रों की स्थापना के साथ पर्याप्त रोशनी, हवा आदि के प्रबंध के साथ आपात निकास द्वार भी बनाए जाने चाहिए। प्रभारी अग्निशमन ने बताया कि पुराने मकानों में बिजली फिटिंग वायरिंग आदि को दुरुस्त रखते हुए एसी, कूलर, फ्रिज, वाशिंग मशीन, ओवन आदि का लोड बढ़ाने से बचना चाहिए ताकि लोड बढ़ने के साथ केबल गर्म न हो सके। इन उपकरणों की सर्विस कराते रहना ज़रूरी है। कोई भी उपकरण लगातार नहीं चलाना चाहिए। बीच बीच में उपकरणों को रेस्ट देते रहना आवश्यक है। घर से बाहर जाते समय लाइट पंखे, गैस सिलेंडर व अन्य उपकरण बड़े ही ध्यान से बंद कर देने चाहिए। मोबाइल चार्जर लैपटॉप व अन्य दूसरे चार्जिंग डिवाइसेज को चार्ज पर लगाकर न छोड़ें जबकि बीड़ी सिगरेट सिगार आदि घर और बाहर दोनों जगहों पर बुझाकर फेंकना आग के खतरों से बचाने वाला है। उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी प्रकार के अग्निकांड की घटना घटित हो जाने पर उत्तर प्रदेश अग्निशमन एवं आपात सेवा के मोबाइल नंबर 9454418600 अथवा 112 पर सूचना देकर अवगत कराते हुए आपात सहायता प्राप्त की जा सकती है।

### लू लगने से चरवाहा की मौत,पारा 47 डिग्री के पार

**कुरारा,हमीरपुर।** जिले में गर्मी व तेज धूप के चलते पारा 47 डिग्री के पार हो गया। थाना क्षेत्र के पतारा गांव निवासी चरवाहा की बीती शाम खेत में बकरिया चराते समय लू की चपेट मे आकर मौके पर मौत हो गई। राहगीर ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। तब उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो वह मृत अवस्था में मिला। क्षेत्र के पतारा गांव निवासी जयकरण (65) पुत्र सिद्धा सोमवार को अपनी बकरियां लेकर खेत की तरफ चराने ले गया था। देर शाम वह खेत में लू की चपेट में आकर बेहोश होकर गिर गया। तथा मौके पर उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई विजय नारायण ने बताया कि गांव के ही रिक्शा चालक श्रीराम पुत्र धनीराम ने देखा कि एक व्यक्ति अचेत अवस्था में खेत के चक रोड के किनारे पड़ा हुआ है।



### विद्युत विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

**चरखारी, महोबा।** विद्युत उप खंड अधिकारी अखिलेश कुमार, अवर अभियंता अल्ताफ हुसैन ने चरखारी के वार्ड तुर्कीयाना में संघन चेकिंग अभियान चलाकर विद्युत बकायदारों उपभोक्ताओं को चेतावनी दी गई वहीं चेकिंग अभियान में दो लाख रूपए से अधिक मौके पर ही जमा कराया गया वहीं अन्य उपभोक्ताओं ने बकाया जमा करने का समय मांगा । चरखारी नगर में चैकिंग अभियान में रावबाग महल रोड़, कजियाना सदर बाजार रोड़, रूपनगर में नमामि गंगे की पेयजल सप्लाई व एलपीजी गैस की भूमि तल पाईपलाईन के दौरान विद्युत केविल क्षतिग्रस्त हो गई है लेकिन जेई अल्ताफ हुसैन के प्रयास से अस्थाई रूप से गर्मी के मौसम को देखते हुए तुरन्त क्षतिग्रस्त विद्युत केबिल को दुरुस्त कराया गया एवं विद्युत केबल को नष्ट करने वाले विभागीय ठेकेदारों को नोटिस भेजा गया। विद्युत चेकिंग अभियान में मोहम्मद अहमद,संविदा कर्मी सतीश सेन, इमरान,अजीज, आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी चिकित्साधिकारी ने लू से बचने के बताए उपाय



**जैतपुर,महोबा। समृद्धि न्यूज**

भीषण गर्मी कर रही बेहाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर में सोमवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर आशीष तिवारी ने अस्पताल आए मरीजो व तीमारदारों को लू के प्रकोप से बचने के उपाय बताते हुए और हीटस्टोक से बचने के लिए पंपलेट वितरित किए। चिकित्साधीक्षक डॉ आशीष तिवारी ने बताया कि बढ़ते तापमान के चलते हीट स्ट्रोक से बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है।

गर्म हवाओं से डिहाइड्रेशन, चक्कर आना और पेट दर्द जैसी अन्य बीमारियों के लोग शिकार हो रहे हैं। ऐसे में लू के थपेड़ों से बचने के लिए खानपान और लाइफस्टाइल थोड़ा बदलाव जरूरी हो जाता है। भीषण गर्मी ने अपना सितम ढाना शुरू कर दिया है। ऐसे में चाहे बच्चे हों या बड़े, हर किसी को थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है। इन दिनों खानपान को लेकर या घर से बाहर निकलते समय बरती जाने वाली छोटी-सी लापरवाही भी आपको बड़े खतरे में डाल सकती है। ऐसे में डॉक्टर्स अक्सर बाहर के खाने के खाने पीने की चीजों से दूरी बनाए रखने की सलाह देते हैं।

# पर्यावरण वनमंत्री ने स्नेहलता शुक्ला को दिया पारस रत्न सम्मान

▸ पूर्व में राज्य अध्यापक पुरस्कार से नवाजी जा चुकी है अध्यापिका

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



हाल ही में मतदाता जागरूकता के अभिनव कार्यक्रम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता स्लोगन लिखे हीलियम गैस भरे हवाई जहाज, पतंगें उड़ाकर लोकसभा निर्वाचन में उमंग भरकर जनपद स्तरीय अधिकारियों से सराहना पा चुकीं तथा जल संरक्षण रैलियां एवं पक्षियों को जल रखना, गौरैया संरक्षण के लिए रैली , वन्य जीवों का संरक्षण , तितली बचाओ,विद्या दान करना, निर्धन बच्चों को शैक्षिक भ्रमण, महापुरुषों का जन्मदिन मनाना ,मार्ग दुर्घटना में घायल यात्रियों को चिकित्सालय पहुंचाने में सहायता करना, बिछड़े बच्चों को परिवार से मिलाना,जैव विविधता,अनाथ और निर्धन बच्चों को सहयोग करना जैसे पर्यावरण व समाज हितैषी कार्यों के लिए राज्य अध्यापक पुरस्कार से अलंकृत शिक्षिका स्नेह लता शुक्ला को वन एवं पर्यावरण मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार डाक्टर अरुण कुमार ने बरेली में उत्तर प्रदेश पारस रत्न सम्मान 2024 प्रदान किया। बताते चलें प्राथमिक विद्यालय तिंदौली ब्लाक करबई की प्रधानाध्यापक स्नेह लता शुक्ला बच्चों में राष्ट्रीयता की भावना संवर्धन के लिए उनके द्वारा प्रत्येक राष्ट्रीय दिवस मनाना सरदार भगत सिंह, सरदार पटेल आदि महापुरुषों का जन्मदिन मनाना, संविधान दिवस मनाना, महिला सशक्तिकरण रंगोली, बेटी पढ़ाओ,बेटी बचाओ, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, जेण्डर इक्विटी में नाटक, दहेज प्रथा निषेध,बाल विवाह निषेध रैली, रैली नुक्कड़ नाटक आयोजित कराए निपुण भारत अभियान नुक्कड़ नाटक अभियान चलाने के साथ साथ,नम भूमि, ओजोन दिवस के कार्यों में अनवरत संलग्न हैं सम्मान समारोह में विधान परिषद सदस्य कुंवर महराज सिंह, महापौर ओमेश गौतम तथा आयोजक प्रतिपाल सिंह सहित अनेक राज्यों के सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चेयरमैन को मिली जानमाल की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा,हमीरपुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष कुरारा के मोबाइल पर मंगलवार सुबह जान माल की धमकी देने की काल आने पर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।नगर पंचायत चेयरमैन आशारानी कबीर ने पुलिस को बताया कि सुबह दस बजकर दो मिनट पर व्हाट्स एप के माध्यम से मेरे मोबाइल पर एक दरोगा की फोटो लगे नंबर जिसका शुरू नंबर 92था जो कि पाकिस्तान का कंट्री कोड हैं।से कॉल आई कालर द्वारा मेरे परिवार व बच्चो के बारे में जानकारी मांगी गई जानकारी न देने पर कुरारा आकर घर में जान से मारने की धमकी दी गई है। जिससे चेयरमैन का परिवार भ्यभीत है।चेयर मैन ने बताया कि उसके खिलाफ कोई साजिश कर रहा है।मुझे व मेरे बच्चो को जान माल का खतरा है। थाना प्रभारी योगेश तिवारी ने बताया कि इस नंबर को सर्विलांस में लगाया गया है। इसके बाद कार्यवाही की जायेगी।

## खबरें एक नजर में

### कूलर से लगा करंट युवक की मौत

**इटावा।** कूलर संभालते वक्त करंट लग जाने के कारण 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। बताया गया है कि जसवंतनगर के कीरतपुर गांव निवासी संजीव कुमार का पुत्र अपने घर में कूलर सही कर रहा था तब बिजली नहीं थी कुछ देर में ही बिजली आ गई जिससे उसे जोरदार करंट लगा। घटना के बाद परिजन युवक को सैफई पीजीआई लेकर गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

### वीरांगना अहिल्याबाई होलकर की जयंती 31 को

**इटावा।** होलकर रियासत की राजमाता वीरांगना अहिल्याबाई होलकर की 299 वीं जयंती नगर में आगामी 31 मई को भारी धूमधाम से धनगर, पाल, बघेल समाज के लोग मनाएंगे। यह जानकारी देते हुए देवी अहिल्याबाई होलकर सेवा समिति के संयोजक पूर्व प्रधानाचार्य दाऊ दयाल धनगर ने बताया कि 31 मई को नगर के इटावा रोड स्थित लक्ष्मी मैरिज हॉल में प्रातः 10 बजे से राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### छात्रा अगवा कर दुष्कर्म करने पर आरोपी को कारावास

**हमीरपुर।** मंगलवार को विशेष न्यायाधीश (एससी एसटी) एसके खरवार ने दस वर्ष पूर्व बीए की छात्रा को अगवा कर ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में आरोपितों को बीस वर्ष का कठोर कारावास व 25-25 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है।विशेष लोक अभियोजक एससी/एसटी विजय सिंह ने बताया कि जरिया थाने में छात्रा की मां ने तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री एक अप्रैल 2014 को सरीला महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष की परीक्षा देने निकली थी। जो वापस घर लौटकर नहीं आई। काफी खोजबीन के बाद 15 अप्रैल को पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया। 21 जून 2014 को उसकी पुत्री घर आई। उसने बताया कि उरई के इंदिरा नगर निवासी लेखपाल राजपूत उसे महाविद्यालय गेट के पास से जबरन कार में डालकर ले गये इस दौरान उसके साथ जबरन दुष्कर्म करता रहा। इसके बाद वापस जरिया लाया और महेंद्र राजपूत निवासी पुरैनी के घर में आठ दिनों तक रखा। इस बीच वह मौका पाकर गुजरात चली गई। पुलिस ने लेखपाल राजपूत व महेंद्र राजपूत के खिलाफ अपहरण व दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया। मंगलवार को विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी) एसके खरवार ने मुकदमे की सुनवाई करते हुए लेखपाल राजपूत व महेंद्र राजपूत को दोषी मानते हुए बीस वर्ष का कठोर कारावास व 25-25 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई। जुर्माने की धनराशि पीड़िता को प्रतिकर के रूप में देने का आदेश दिया है।

### कप्तान ने चौकियों का किया निरीक्षण

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा थाना सिलिल लाइन क्षेत्रान्तर्गत राजा का बाग चौकी, पूठन चौकी का निरीक्षण कर निर्देश दिए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत राजा का बाग चौकी, पूठन चौकी निरीक्षण किया और उन्होंने पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी आवास, भोजनालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित प्रभारी से समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निस्तारण एवं चौकी परिसर की साफ-सफाई व सौंदर्यीकरण/सुदृढ़ीकरण हेतु निर्देशित किया गया।

### हत्या के मामले में पति को दस वर्ष का कारावास

**हमीरपुर।** पति द्वारा पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने के मामले में मंगलवार को विशेष न्यायाधीश कोर्ट- प्रथम पीके जयंत ने दोष साबित होने पर आरोपित पति को दस वर्ष के कठोर कारावास व अर्थदंड लगाया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मणिकर्ण शुक्ला ने बताया कि चंडौत गांव निवासी लड्डी अहिरवार ने 31 जनवरी 2022 को थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका बड़ा भाई पन्नालाल अपनी पत्नी पान कुंवर के साथ बगल के मकान में रहता है। भाई के दो पुत्र व दो पुत्रियां है। जिसमें दोनों पुत्र परिवार सहित ईंट भट्ठा में मजदूरी करते हैं जबकि दोनों पुत्रियों की शादी हो चुकी है। वह ससुराल में हैं। बीती 31 जनवरी की रात खाना खाने के बाद बड़े भाई पन्नालाल व भाभी पान कुंवर का किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

# दिल्ली जा रहे युवक की सड़क दुर्घटना में मौत, हत्या का आरोप

**राठ,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

दोस्त के साथ बाइक से दिल्ली जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। जरिया पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। वहीं स्वजनों ने मारपीट कर उसे केमिकल खिलाकर मार डालने का आरोप लगाया है। जरिया थाने के अतरौली गांव निवासी नीरज श्रीवास(19) पुत्र अरविंद कुमार 21 मई को दिल्ली से अपने दोस्त जीतेन्द्र के यहां ममना गांव आया था। 22 मई को वह दोस्त दीपक के साथ बाइक से दिल्ली जा रहा था। तभी मथुरा के पास वह सड़क हादसे का शिकार हो गया। जिसे आगरा के मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंचे स्वजन उसे मेडिकल कालेज ग्वालियर ले गए। मृतक के पिता ने बताया कि उसका पुत्र बिना जानकारी के ममना गांव आया था। वह दूसरे दिन अपने दोस्त के साथ बाइक से दिल्ली जा रहा था। आरोप लगाया कि उसके पुत्र के साथ मारपीट कर उसे केमिकल खिलाया गया है।

हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज ग्वालियर ले गए। बताया कि धनाभाव के कारण उसका उपचार नहीं हो पा रहा था। जिसे घर ले आए थे। बताया कि सोमवार की देर रात उसके पुत्र ने दम तोड़ दिया। मृतक घर का इकलौता चिराग था। दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। पुत्र की मौत पर मां दयावती व बहन बबली का रो रोकर बुरा हाल है।

### राजीनामा न करने पर जान से मारने की धमकी, पुलिस से लिखित शिकायत

**राठ,हमीरपुर।** राजीनामा न करने पर दबंग ने जान से मारने की धमकी दी है,पुलिस से लिखित शिकायत की गयी है। कोतवाली के गल्हिया गांव निवासी अनिल पुत्र मानसिंह ने पुलिस को बताया कि उसके स्वजनों का गांव के पूर्व प्रधान व उसके भाई से एससी-एसटी का मुकदमा कोर्ट में चल रहा है। सोमवार की सुबह वह खेत के पास सड़क पर बैठा था। तभी गांव का पूर्व प्रधान आया और मुकदमा में राजीनामा का दबाव बनाने लगा। जब उसने राजीनामा न करने की बात कही तो उसने गाली गलौज कर स्वजनों को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# आग लगने से गृहस्थी का सामान राख, परिवार दाने-दाने को मोहताज

**मौदहा, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

▸ राजस्व विभाग क्षति का कर रहा आंकलन

क्षेत्र के ग्राम भोगयचा में एक सूने घर में अज्ञात कारणों आग लगने से घर में रखे अनाज समेत लाखों की संपत्ति जलकर राख में बदल गई। इस घटना से पीड़ित परिवार दाने-दाने को मोहताज हो गया है।। गांव के श्री राम कुशवाहा पुत्र जागेश्वर अपनी रिश्तेदारी में गया हुआ था तथा उसकी पत्नी व बच्चे मौदहा में थे तभी सोमवार को दोपहर अज्ञात कारणों उसके घर में आग लग गई जिससे उसके छप्पर से आग की लपटे व धुआ उठता देख ग्रामीणों ने एकजुट होकर आग पर धूल, पानी डाल उसे बुझाने का प्रयास शुरू किया लेकिन घर के अंदर लकड़ी कण्डा इत्यादि अधिक मात्रा में होने के कारण देखते-देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया और जब तक ग्रामीण आग पर काबू कर पाते तब तक श्री राम कुशवाहा के घर में रखा लगभग 30 कुंतल भूसा, 2 कुंतल गेहूं, एक ट्राली लकड़ी व एक ट्राली कंडा के अलावा घर में रखा अन्य सामान तथा घर के छप्पर राख में तब्दील हो गए। इस घटना के कारण पीड़ित परिवार दाने-दाने को मोहताज हो गया है। सूचना मिलने पर राजस्व विभाग ने मौके पर पहुंच इस अग्निकांड में हुई क्षति का आंकलन करना शुरू कर दिया है।

# युवक की मौत पर परिजनों ने जहरीला पदार्थ से मौत की जताई आशंका

**राठ, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

▸ मंगलवार को दोस्त के साथ दिल्ली से आया था मृतक, नहीं पहुंचा घर

मंगलवार की दोपहर दोस्त के साथ दिल्ली से आए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। स्वजनों ने जहरीला पदार्थ से मौत होने की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कस्बे के अतरौलिया मोहल्ला निवासी रामशरण राजपूत ने बताया कि 30 वर्षीय पुत्र शैलेंद्र राजपूत 25 दिन पहले दिल्ली में काम करने के लिए गया था। सोमवार को वह अपने एक साथी के साथ दिल्ली से राठ के लिए निकला था। मंगलवार दोपहर 12 बजे वह रोडवेज बस स्टैंड आया और अपने दोस्त से बैंक से रुपए निकालने की बात कहते हुए चला गया। इसके बाद अतरौलिया गेट की तरफ पहुंचा था। तभी वह बेहोश होकर गिर गया। दुकानदारों और राहगीरों की सूचना पर स्वजन आए और शैलेंद्र को सीएचसी ले गए। जहां डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक अपने पीछे दो वर्षीय पुत्री गुनगुन छोड़ गया है। पुत्र की मौत पर मां इंद्र कुमारी, पत्नी पूनम का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# गर्मी व लू से डायरिया के मरीजों में लगातार हो रहा है इजाफा



**मौदहा, हमीरपुर समृद्धि न्यूज।**

सरकारी अस्पताल में अधिक भीड़ होने के चलते मरीजों को इलाज करने के लिए बेडों की कमी पड़ रही है। अधिकांश मरीज पेट दर्द, बुखार व डायरिया से पीड़ित होकर अपना इलाज कर रहे हैं।

नगर के समेत क्षेत्र में चल रही गर्म हवाओं व आग उगलती धूप के चलते लोग बुखार, पेट दर्द व उल्टी दस्त का शिकार होकर नगर के सरकारी अस्पताल समेत निजी अस्पतालों में अपना इलाज करने के लिए पहुंच रहे हैं। मंगलवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 440 मरीज ने अपना रजिस्ट्रेशन करा कर अपना इलाज कराया जिसमें तीन दर्जन से अधिक मरीज डायरिया से पीड़ित थे। अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिअस्पताल के वार्डों में कूलर आदि ना लगे होने से मरीज का को गर्मी का सामना करना मजबूरी बना हुआ है वही स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ द्वारा अपनी मनमर्जी के द्वारा काम करने के चलते अस्पताल में मौजूद सुविधायें मरीज को नहीं उपलब्ध हो पा रही हैं जिससे यहां इलाज कराने आए मरीजों व उनके तीमारदारों में खासा आक्रोश व्याप्त है। स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ रजत रंजन तिवारी का कहना है कि धूप में घर से निकलते वक्त कुछ खा पीकर निकले तथा सिर पर अंगोछा अवश्य बांधे, इसके अलावा बासी खाना खाने से परहेज बरते हैं तथा पानी खूब पिए। जरूरी काम ही होने पर अपने घरों से बाहर निकले।

### लू से मनरेगा मजदूर की मृत्यु

**मौदहा,हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम टोला माफ में मनरेगा के तहत काम कर रहे मजदूर की सोमवार की दोपहर गर्मी के चलते अचानक तबीयत खराब हो गई। उसकी हालत बिगड़ने के बाद घर पहुंचने पर मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परजनों में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र सिसोलर के ग्राम टोला माफ निवासी रामचरण(55) पुत्र विश्राम सोमवार को सुबह मनरेगा के तहत खेत में मजदूरों के साथ काम करने गया हुआ था। दोपहर छुट्टी होने पर अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने पर वह खेत में ही लेट गया तथा बाद में हालत बिगड़ते देख मजदूरों की मदद से उसे उसके घर पहुंचा दिया गया जहां देर शाम उसकी मौत हो गई। एस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। रामचरण की मौत का कारण तेज गर्मी व धूप माना जा रहा है।

# शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र पर मना विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस

**इटावा। समृद्धि न्यूज**

विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर मंगलवार को यूपीयूएमएस के सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ पीके जैन के निर्देशन में शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र पर मासिक धर्म और स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता वार्ता का आयोजन हुआ। सामुदायिक चिकित्सा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सुगंधी शर्मा ने कहा कि मासिक धर्म से जुड़े मिथकों को तोड़ना जरूरी है क्योंकि माहवारी कोई बीमारी या समस्या नहीं है यह एक जैविक प्रक्रिया है व नारीत्व का अभिन्न अंग है इसीलिए सामाजिक रूप से महावारी के दिनों में किशोरियों और महिलाओं को अलग बिस्तर या किचन में ना जाना व अन्य मिथकों को तोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि 28 मई को इस दिवस मनाने का उद्देश्य है की मासिक धर्म का चक्र 28 दिन का होता है और यह 5 दिन तक चलता है तो इसीलिए 5 वें महीने को चुना गया है। डॉ सुगंधी ने किशोरी व महिलाओं को बताया कि माहवारी के समय विशेष साफ सफाई का ध्यान रखें व जेनिटल अंगों को साफ रखें व जन औषधि केंद्र पर बहुत ही कम दामों पर मिलने वाले बेहतर गुणवत्ता युक्त पैड का प्रयोग माहवारी में करें और पैड बदलने के बाद साबुन से अच्छे से हाथ धोएं और माहवारी में दर्द, अनियमित माहवारी होने पर डॉक्टर्स की सलाह अवश्य लें।

# मतगणना सकुशल संपन्न कराने के लिए डीएम ने दिए निर्देश

**इटावा। समृद्धि न्यूज**




बैठक में उपस्थित डीएम, एसएसपी।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 मतगणना को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उन्होंने बताया कि मतगणना के दौरान अनावश्यक तरीके से जुलूस आदि को ना निकाले जिससे किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच एवं अन्य कोई भी डिवाइस नहीं जाएगी। उन्होंने बताया कि स्ट्रांग रूम सभी राजनीतिक दलों की निगरानी में ही खोले जाएंगे। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि गाड़ियां सभी की बेरीकटिंग पर ही खड़ी की जाएगी जिससे कोई भी जाम की स्थिति उत्पन्न ना हो, साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया कि मतगणना शांतिपूर्ण एवं सौहार्द तरीके से संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि मतगणना के दिन प्रत्येक मतगणना अभिकर्ता को अपने पास मतगणना पास रखना अनिवार्य होगा तथा मतगणना पास के बिना मतगणना स्थल पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतगणना परिणाम की घोषणा के उपरांत विजयी प्रत्याशी द्वारा कोई विजयी जुलूस नहीं निकाला जाएगा, संपूर्ण जनपद में पूर्व से ही धारा 144 निषेधाज्ञा प्रभावित है।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह ,जितेंद्र कुमार दोहरे समाजवादी पार्टी, सारिका सिंह बघेल बीपी सिंह बहुजन समाजवादी पार्टी, प्रो. राम शंकर कठेरिया चंद्रशेखर भारती जनता पार्टी , विवेक राज जनता समाजवादी पार्टी सहित समस्त राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### जितेन्द्र दोहरे की जीत के लिए की पूजा अर्चना

**इटावा।** बकेवर वन खंडेश्वर मंदिर में पूर्व सीएम अखिलेश यादव का चित्र लेकर सपा नगर अध्यक्ष ने लोकसभा 2024 मे जीत के लिए मनौती मांगी? बकेवर सपा नगर अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी ज्वाला प्रसाद कठेरिया ने परिवार समेत वन खंडेश्वर मंदिर पहुंचे। जहाँ पूर्व सीएम अखिलेश यादव का चित्र लेकर वनखंडेश्वर मंदिर में लोकसभा 2024 चुनाव में जीत को लेकर भगवान बोलेनाथ पर जलअभिषेक कर पूजा अर्चना की गयी। लोकसभा 2024 चुनाव में सपा एवं इटावा लोकसभा प्रत्याशी जितेन्द्र दोहरे के पक्ष ने जीत को लेकर मंदिर में पूजा अर्चना कर मनौती मांगी।

# गरीबों के आशियानों में समस्याओं का अम्बार

उतरौला(बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

**मान्यवर काशीराम** शहरी गरीब आवास योजना के तहत उतरौला के मोहल्ला आर्य नगर में स्थित कालोनी में समस्याओं का अम्बार लगा हुआ है, दो मंजिला कॉलोनी में कुल 276 परिवारों के रहने की व्यवस्था है। मगर बसपा के बाद सपा व लगातार दूसरी बार भाजपा सरकार बनने के बाद भी निदान के लिए ठोस प्रयास नहीं हो रहे हैं। बसपा की सत्ता गई तो बेहतर इंतजाम ने भी मुंह फेर लिया।

शहरी क्षेत्रों के गरीबों को आशियाना देने के उद्देश्य से बसपा सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट में शुमार मान्यवर कांशीराम शहरी गरीब आवास योजना के तहत बनी कालोनी में रह रहे गरीबों के समक्ष समस्याएं सुरसा की तरह मुंह बाये खड़ी है, मगर बसपा सरकार के जाने के बाद कोई पुरसाहाल नहीं है। बरसात के मौसम में भारी जल जमाव हो जाता है। कालोनी वासियों को पानी में घुसकर आवागमन करने को विवश हैं। कालोनी में सफाई व्यवस्था भी दयनीय है। सीसी रोड पर यदा-कदा सफाई तो हो जाती है, मगर कूड़ों का



अम्बार लगा रहने से स्वच्छ तरीके से सांस लेना मुश्किल हो गया है। महीनों से कूड़ा का उठान ना होने के कारण कॉलोनी के पीछे चारों तरफ कूड़े और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। नालियां टूटी,भठी व चोक हैं। नालियों में जाने वाला पानी ओवरफ्लो होकर बाहर बहता है। नालियों की सफाई न होने से संक्रामक रोगों का खतरा पैदा हो गया है। रामकुमार, कन्नान, बाबा, जान मोहम्मद, रामप्रकाश, साधु समेत अन्य कालोनी वासी कहते है कि पिछले कई वर्ष में सिर्फ एक बार नाली की सफाई भी हुई तो मिट्टी व कचरा न उठाये जाने से पुनः नाली में चला गया है। जिससे नाली जाम हो गई है। पिछले 12 वर्षों में कभी भी कालोनी का रंग रोगन व मरम्मत का कार्य नहीं हुआ। जिससे कॉलोनी धीरे-धीरे जर्जर होती जा रही है। दूसरी मंजिल पर स्थित सभी आवासों के छत बरसात में बुरी तरह टपकते हैं। पिछले बरसात में जीने का छज्जा टूट कर गिर गया था जिसका अभी तक मरम्मत नहीं कराया गया। कालोनी वासियों का आरोप है कि सफाई व्यवस्था ध्वस्त, समस्याओं का अम्बार, पेयजल की किल्लत बढ़ गई है।

सर्वाधिक दिक्कत शुद्ध पेयजल को लेकर है। बनने के साथ ही ओवरहेड टैंक लीकेज होने के कारण आज तक संचालित नहीं हो सका। निर्धारित समयानुसार मोटर चला कर पानी दिया जाता है। प्रथम व द्वितीय तल पर पानी न पहुंचने से ज्यादा दिक्कत हो रही है। इसमें सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को होती है। जाहिदा बेगम व नाजमा खातून कहती है कि दिनचर्या में पानी का काफी अहम भूमिका है। ऐसे में कालोनी में लगे हैंडपंप से पानी भरकर लाना पड़ता है।

# लोकसभा सीट रॉबर्ट्सगंज और विधानसभा दुद्धी उपचुनाव सीट पर पूर्व विधायक का मिला समर्थन

- समर्थन देने से पच्चास हजार वोट कि बढ़ोत्तरी: हरीराम चेरो

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

लोकसभा सीट रॉबर्ट्सगंज और विधानसभा दुद्धी सीट पर उपचुनाव के लिए खड़े प्रत्याशियों के समर्थन में एक निजी होटल में दुद्धी विधान सभा 403 के पूर्व विधायक हरीराम चेरो ने आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को बताए कि में अपना दल एस और भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से प्रभावित होकर अपना समर्थन देता हूं।

गौरतलब है कि लोकसभा सीट रॉबर्ट्सगंज 80 और विधानसभा दुद्धी 403 सीट पर उपचुनाव के लिए खड़े प्रत्याशियों के समर्थन में एक निजी होटल में दुद्धी विधानसभा 403 के पूर्व विधायक हरीराम चेरो ने आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को बताए कि में अपना दल एस और भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से



प्रभावित होकर अपना समर्थन देता हूं। लोक सभा चुनाव में खड़ी एनडीए की प्रत्याशी रिंकी कोल और उपचुनाव विधानसभा दुद्धी से भाजपा प्रत्याशी श्रवण गोंड के पक्ष में मतदान करने की अपील किया।

पूर्व विधायक हरी राम चेरो ने कहा कि मोदी जी ने चेरो समाज के लिए बहुत कार्य किए हैं। मेरे समर्थन देने से लोक सभा चुनाव में खड़ी एनडीए की प्रत्याशी रिंकी कोल और उपचुनाव विधानसभा दुद्धी से भाजपा प्रत्याशी श्रवण गोंड लगभग 50000 (पच्चास हजार वोट) कि बढोतरी होंगी।

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष नंद लाल गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत रेणुकूट अध्यक्ष अनिल सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी, अपना दल एस संजीव राठौर समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में मतगणना कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न

- जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में मतगणना की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**डीएम** / जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद सिंह के निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण व सकुशल ढ़ग से सम्पन्न कराए जाने हेतु 04 जून को मतगणना की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है। इसी क्रम में भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दिशा निर्देश में मतगणना कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन डीएम / जिला निर्वाचन



अधिकारी श्री सिंह के अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर पर संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, जिला विकास अधिकारी गिरीश पाठक , जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित कुमार उपस्थित रहें। डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया की मंडी समिति में लोकसभा सीट श्रावस्ती की 03 विधान सभावार बलरामपुर , तुलसीपुर, गैंसड़ी तथा लोकसभा सीट गोंडा की विधानसभा उतरौला तथा गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव के मतों की गणना दिनांक 04 जून को होगी। मतगणना हेतु समस्त तैयारिया युद्धस्तर पर जारी है। मतगणना स्थल पर विधान सभावार 14 -14 टेबल लगाई जाएगी, जिन पर मतो की गणना होगी । इसके अलावा प्रत्येक विधानसभा 03 - 03 रिजर्व टेबल , 01 - 01 रिटर्निंग ऑफिसर / सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की टेबल होगी। उन्होंने बताया की मतगणना कार्य को निष्पक्ष , पारदर्शी , सकुशल रूप से संपन्न कराए जाने हेतु 420 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई हैं। मतगणना कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न करा दिया गया है। द्वितीय रेंडमाइजेशन मतगणना के एक दिन पहले प्रेक्षक की मौजूदगी में होगा। प्रत्येक गणना टेबल पर एक-एक मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, मतगणना माइक्रो आब्जर्वर, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी लगेंगे। मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण कल दिनांक 29 मई 2024 तथा द्वितीय प्रशिक्षण 01 जून को कराया जाएगा।

# ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार को हुआ सुंदरकांड पाठ का आयोजन

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

**बार एसोसिएशन** के तत्वाधान में ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार के अवसर पर वकालत खाना में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।सुंदरकांड पाठ के उपरांत उपस्थित अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन अध्यक्ष पारसनाथ पांडेय तथा महामंत्री विपिन कुमार मिश्रा की उपस्थिति में हवन में वैदिक मित्रों का उच्चारण करते हुए आहुतियां डाली। कार्यक्रम के अंत में वृहद स्तर पर प्रसाद वितरण का किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बार एसोसिएशन अध्यक्ष पारस नाथ पांडेय,महामंत्री विपिन कुमार मिश्रा,एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष केशव राम वर्मा,संयुक्त मंत्री प्रथम राजेश कुमार श्रीवास्तव,संयुक्त मंत्री द्वितीय रविंद्र



पांडेय,कोषाध्यक्ष मुन्ना कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य योगेश पांडेय एवं रणधीर पांडेय, अधिवक्ता मनीष कुमार पांडेय, सुरेंद्र प्रताप श्रीवास्तव,अनुराग श्रीवास्तव, सुरेश सिंह,वीरेंद्र कुमार शर्मा, शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी, रामशंकर तिवारी, शैलेंद्र जायसवाल,अजेन्द्र पांडेय, अश्वनी पांडेय, विश्वनाथ तिवारी जे.पी.शर्मा, दीपक तिवारी, राजेश पांडेय, अखंड यादव, चंद्रभान सिंह, धनुष श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव, घनश्याम मौर्य, आदर्श मिश्रा, शिवम पांडेय, प्रभाशंकर पांडेय, सहित सैकड़ो की संख्या में अधिवक्ता एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रचनात्मक पहल पर चढ़ाया आध्यात्मिक रंग

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

महाराष्ट्र, लातूर जनपद के उदगीर निवासी पांच युवको ने अपनी रचनात्मक पहल को आध्यात्मिकता में सराबोर करने का प्रयास किया है। साइकिल चलाओ, पर्यावरण बचाओ का सन्देश



देते हुए युवाओं ने रामलला के चरणों में माथा टेक विश्व कल्याण की कामना की। उदगीर निवासी विवेक होलसंबरे, बालाजी महाडंकर,संजीव कुमार माने, विष्णु तैलंग व प्रवीण होलसंबरे ने घरेलू व सार्वजनिक वाहनों से बढ़ते प्रदूषण के प्रति चिंतन करते हुए जन जागरूकता की ठानी। पांचो मित्रों ने रोजमर्रा के कामों में साइकिल के प्रयोग को प्रोत्साहित करना शुरू किया तथा इससे होने वाले शारीरिक लाभ का भी प्रचार किया।अपने जागरूकता सन्देश को व्यापक करने के लिए बीती 16 माई को श्री रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान किया।विवेक के अनुसार चार साइकिल यात्रियों के साथ किसी आकस्मिक पूर्तिकर (बैकअप) के लिए एक कार साथ चल रही थी। अत्यधिक थकान अथवा अन्य कारण से साइकिल यात्री बदलाव लेते रहे। प्रतिदिन लगभग 110 से 120 किलोमीटर साइकिल चला कर महाराष्ट्र,मध्य प्रदेश होते हुए 28 मई को 13 दिनों में अयोध्या कारसेवकपुरम पहुंचे।इसके पूर्व 2019 से सभी लोग पंजाब, हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना तथा आँध्रप्रदेश आदि राज्यों का भ्रमण कर चुके है। जल्दी ही शेष रह गए पूर्वोत्तर राज्यों का भी भ्रमण कर संदेश देंगे। 13 दिनों में 12 पड़ाव वाली यह 1350 किलोमीटर की साइकिल यात्रा रामलला के चरणों में समाप्त कर यहाँ से काशी, प्रयागराज व चित्रकूट होते हुए घर वापसी करेंगे।

# नदियों के संरक्षण को लेकर आयोजित की गई बैठक, हुआ मंथन

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

**शहरी क्षेत्र** में प्रवाहित नदियों के संरक्षण हेतु मंगलवार को (अर्बन रीवर मैनेजमेंट प्लान) के सम्बन्ध में नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के उप निदेशक नलिन कुमार श्रीवास्तव,राष्ट्रीय नागर कार्य संस्थान के प्रतिनिधियों एवं सहयोगी विभाग जिनमें अयोध्या विकास प्राधिकरण,सिंचाई, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,पर्यटन,वन विभाग,छावनी परिषद,उद्योग विभाग तथा राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गयी।बैठक में सरयू नदी के संरक्षण हेतु कार्ययोजना तैयार किये जाने पर विस्तृत चर्चा की गयी।इसके साथ जल स्रोतों, तालाबों/कुण्डों आदि के जीर्णोद्धार करते हुए जल संरक्षण के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। इसके साथ साथ नदियों को स्वच्छ एवं निर्मल स्वरूप में रखे जाने के कार्यवाही के सम्बन्ध में विचार विमर्श किया गया। सहयोगी विभागों से भी



इस योजना के क्रियान्वयन हेतु अपेक्षित सहयोग प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया।उल्लेखनीय है कि अर्बन रिवर मैनेजमेन्ट प्लान के अन्तर्गत सरयू नदी को पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में चयनित किया गया।नगर आयुक्त श्री शर्मा ने बताया कि हम सभी नदियों को स्वच्छ रखने एवं संरक्षण हेतु पूर्णरूपेण प्रतिबद्ध है।अयोध्या प्राचीन धार्मिक एवं आध्यात्मिक नगरी है,जिससे सरयू नदी के प्रति आमजन की प्रगाढ़ आस्था है।इस योजना के अन्तर्गत सरयू नदी को स्वच्छ एवं निर्मल रखने हेतु सहयोगी विभागों के साथ योजना पर कार्यवाही की जायेगी।इस सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों से सहयोग प्राप्त किया जा रहा है।बैठक के दौरान अयोध्या विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अश्विनी पाण्डेय,अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह, मुख्य अभियन्ता राजवीर सिंह, अधिशाषी अभियन्ता अनूप सिंह, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम आनन्द कुमार दूबे,अधिशाषी अभियन्ता सिंचाई रजनीश गौतम,प्रभागीय वन अधिकारी के.एन. सुधीर,अधिशाषी अभियन्ता अयोध्या विकास प्राधिकरण आलोक कुमार सिंह, सहायक अभियन्ता संजीव यादव तथा भरत सिंह वर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### गृहमंत्री अमित शाह की चुनावी रैली को लेकर जिले के आलाधिकारियों ने तैयारियों का लिया जायजा

**चोपन/ सोनभद्र।** स्थनीय नगर के रेलवे फुटबॉल ग्राउंड में बुधवार को चुनावी समर में एनडीए प्रत्याशी रिंकी कोल व विधानसभा उपचुनाव दुद्धी के भाजपा प्रत्याशी श्रवण गोंड़ के पक्ष में रैली को संबोधित करने के लिए अमीत शाह गृह मंत्री भारत सरकार के चुनावी सभा को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है जहां एक तरफ रेलवे इंटर कालेज में हेलीपैड बनकर तैयार हो गया है जिसको लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह अपने अधिनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों संग पहुंचकर हैलीपेड से लेकर सभास्थल तक हर तरह की तैयारियों का अवलोकन किये साथ ही उपस्थित संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये 7 गौरतलब हो कि चोपन में पहली बार देश के बड़े नेता के रूप में गृहमंत्री अमित शाह का आगमन हो रहा है जिसको लेकर नगर के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है वहीं बेतहाशा पड़ रही गर्मी के मद्देनजर नजर सभास्थल पर आने वाले लोगों के लिए सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ पेयजल आदि की भी व्यापक रूप से व्यवस्था की गई है सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर डाग स्कायड टीम ,बम निरोधक दस्ता द्वारा हेलीपैड स्थल से लेकर सभास्थल तक सघन जांच करते देखे गये 7 इस दौरान उप जिलाधिकारी ओबरा, ईओ चोपन लल्लन राम यादव,प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

### आईजीएल द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता वॉकथान रैली कार्यक्रम का आयोजन

**सहजनवा गोरखपुर।** इंडिया ग्लाइकॉल्स लिमिटेड के बिज़नेस हेड के मार्गदर्शन में और प्लांट हेड शैलेन्द्र कुमार पांडेय के नेतृत्व में आईजीएल के कर्मयोगियों द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता वॉकथान रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज सहजनवां तहसील प्रशासन से तहसीलदार राकेश कन्नौजिया एवं नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह एवं आईजीएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में वॉकथान रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक कर मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। तहसीलदार राकेश कन्नौजिया एवं आईजीएल के बिज़नेस हेड एस के शुक्ल वॉकथान रैली को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान लोगों को जगह जगह रोक कर मतदान के प्रति जागरूक किया गया और साथ ही मतदान के दिन पहले मतदान फिर जलापन के नारे लगा कर लोगो को प्रेरित किया, और अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की गई। रैली का आयोजन एवं व्यवस्था आईजीएल के प्रशासन विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर आईजीएल के सहायक महाप्रन्धक मानव संसाधन एवं प्रशासन अजय गोस्वामी, इंजीनियरिंग हेड शैलेश चन्द, प्रोजेक्ट हेड आशीष गुप्ता प्रबन्धक बॉटलिंग आनन्द सिंह, धीरेन्द्र पाण्डेय, सब्बीरअहमद एवं अन्य सैकड़ों की संख्या में कर्मयोगी उपस्थित रहे एवं शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

### सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का आगमन दुद्धी में 29 मई को

**दुद्धी सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का आगमन 29 मई को होगा। समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अवध नारायण यादव ने बताया कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आगमन 29 मई सुबह 10:00 बजे हेलीकॉप्टर से होगा। उन्होंने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज खेल मैदान पर पूर्व राज्य मंत्री दुद्धी विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी विजय सिंह गोंड और समाजवादी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी छोटेलाल खरवार के चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की जनता से अपील किया है कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के विचारों को सुने। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में सभा में उपस्थित होने का अपील किया है।

### कस्बा कोन में एरिया डोमिनेशन की कार्रवाई

**कोन।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार को असम बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट नवा कुमार कलिता दास के कुशल निर्देशन में कस्बा कोन सहित चकरिया में एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही की गई प्रभारी निरीक्षक कोन लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि 1 जून को लोकसभा निर्वाचन को मद्दे नजर रखते हुए पुलिस बल एवं असम बटालियन के साथ कोन कस्बा एवं चकरिया कस्बा में एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही की गई उन्होंने बताया कि इस नक्सल प्रभावित क्षेत्र में हमारी फोर्स शांति पूर्वक मतदान कराने के लिए तैयार है ।

### युवती के गायब होने पर युवक के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज

**कालपी (जालौन)।** दवा लेने के बहाने घर से निकली युवती गायब हो गई। पुलिस ने गैरजनपद निवासी युवक के खिलाफअपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। नगर के मुहल्ला कागजीपुरा निवासी एक व्यक्ति के मुताबिक गत 22 मई को लगभग 10 बजे उसकी पुत्री दवा लेने के लिए घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली थी लेकिन वह देरशाम तक नहीं लौटी थी जिसके चलते खोजबीन की तो पुत्री को प्रदीप निवासी रूरा जिला कानपुर देहात बरगलाकर ले गया है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर सोमवार देर शाम उक्त युवक के खिलाफ363 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी के निरीक्षक के अनुसार गायब हुई युवती की खोज शुरू कर दी है शीघ्र ही आरोपी भी पुलिस की पकड़ में होगा।

### महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**जालौन (उरई)।** अज्ञात कारणों के चलते बेवा महिला ने सूने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लहचूरा में सुनीता देवी (50) बेवा पूरन साहू के बेटे मुकुल व मोहित खेत पर गए थे। घपर पर महिला अकेली थी। दोपहर में महिला ने घर के बरामदे में लगे टिन शैड के सरिया में रस्सी बांध ली और उस पर लटक गई। फांसी लगने से महिला की मौत हो गई। जब बेटे घर आए तो मां के शव का फांसी के फंदे पर लटका देखा। शव को देखते ही घर में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को फंदे से उतरवाया और उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि महिला के पति ने भी लगभग सात वर्ष पूर्व आत्महत्या की थी।

हीट स्ट्रोक — गीष्म ऋतु में लू (हीट स्ट्रोक)/गर्म हवाओं से बचाव हेतु जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने जनहित में जारी की एडवायजरी

# अधिक से अधिक पियें पानी व पसीना शोषित वस्त्र पहनेः जिलाधिकारी

अमिताभ श्रीवास्तव

अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने गीष्म ऋतु में लू (हीट स्ट्रोक)/गर्म हवाओं से बचाव हेतु जनहित मे एडवायजरी जारी की है।जिलाधिकारी ने बताया कि भारतीय मौसम विभाग के अनुसार जब किसी जगह का स्थानीय तापमान लगातार तीन दिनों तक वहाँ के सामान्य तापमान से 03 डिग्री से0 या उससे अधिक रहें तो उसे लू या हीट वेव कहते हैं।जब वातावरणीय तापमान 37 डिग्री से0 तक रहता है तो मानव शरीर पर उसका कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है,पर जैसे ही तापमान 37 डिग्री से0 से ऊपर बढ़ता है तो हमारा शरीर वातावरणीय गर्मी को शोषित कर शरीर के तापमान को प्रभावित करने लगता है।गर्मी में सबसे बड़ी समस्या होती है लू लगना।गर्मी में उच्च तापमान में ज्यादा देर तक रहने से या गर्म हवा के झोंकों के सम्पर्क में आने पर लू लगने की प्रबल सम्भावना होती है।उन्होंने बताया कि गर्मी में शरीर के द्रव्य यठवकल थ्सनपकद्ध सूखने लगते हैं,शरीर में पानी,नमक की कमी होने पर, शराब की लत,हृदय रोग,पुरानी बीमारी,मोटापा,पार्किंसंस रोग, अधिक उम्र,अनियंत्रित मधुमेह के मरीजों तथा डाययूरेटिक, एंटीस्टामिनिक,मानसिक रोग की कुछ औषधियां लेने वाले मरीजों को लू लगने का खतरा अधिक रहता है।लू लगने पर परिलक्षित होने वाले लक्षण जैसे-त्वचा का गर्म,लाल,शुष्क होना,पसीना न आना,पल्स तेज होना,उल्टे श्वास गति में तेजी,सिरदर्द,मिचली, थकान और कमजोरी का होना या चक्कर आना तथा मूत्र न होना अथवा इसमें कमी



होना है।उच्च तापमान से शरीर के आंतरिक अंगों,विशेष रूप से मस्तिष्क को नुकसान पहुँचता है तथा इससे शरीर में उच्च रक्तचाप उत्पन्न हो जाता है।मनुष्य के हृदय के कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव उत्पन्न होता है।जो लोग एक या दो घंटे से अधिक समय तक 40.6 डिग्री से0ध्105 डिग्री एफ0 या अधिक तापमान अथवा गर्म हवा में रहते हैं,तो उनके मस्तिष्क में क्षति होने की सम्भावना प्रबल हो जाती है। जिलाधिकारी ने लू (हीट वेव) से बचने के उपायों यथा-'क्या करें और क्या न करें' की जानकारी देते हुए बताया कि अधिक से अधिक पानी पियें,यदि प्यास न लगी हो,तो भी पानी पियें ताकि शरीर में पानी की कमी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके।

हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले हल्के वस्त्र पहनें।धूप में गमछा,चश्मा,छाता,टोपी व पैरों में चप्पल का उपयोग अवश्य करें। खुले में कार्य करने की स्थिति में सिर,चेहरा,हांथ-पैरों को गीले कपड़े से ढँके रहें तथा छाते का प्रयोग करें।लू से प्रभावित व्यक्ति को छाये में लिटाकर सूती गीले कपड़े से पोंछें अथवा नहलायें तथा चिकित्सक से सम्पर्क करें। यात्रा करते समय पीने का पानी अवश्य साथ रखें।शराब,चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें,यह शरीर को निर्जलित करते हैं। ओ0आर0एस0 घोल या घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड़), नीबू-पानी,छाछ,कच्चे आम से बना पना आदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी न हो।अगर आपकी तबीयत ठीक न लगें,तो गर्मी से उत्पन्न हाने वाले विकारों,बीमारियों को पहचाने और किसी भी प्रकार की तकलीफ होने पर तुरन्त चिकित्सकीय परामर्श लें।अपने घर को ठण्डा रखें,पर्दे,दरवाजे आदि का उपयोग करें तथा शामध्रात के समय घर तथा कमरों को ठण्डा करने हेतु इसे खोल कर रखें यअपनी सुरक्षा का विषेश ध्यान रखते हुए)।पंखे,गीले कपड़ों का उपयोग करें तथा आवश्यकतानुसार स्नान करें। कार्य स्थल पर ठण्डे पीने का पानी रखें और उसका नियमित उपयोग करते रहें।श्रमसाध्य कार्यों को ठण्डे समय में करनेध्कराने का प्रयास करें।घर से बाहर होने की स्थिति में आराम करने की समयावधि व आवृत्ति को बढ़ायें तथा गर्भवती महिला कर्मियों तथा रोगग्रस्त कर्मियों का अतिरिक्त एवं विषेश ध्यान रखें।उन्होंने यह भी बताया कि धूप में खडें वाहनों में बच्चे एवं पालतू जानवरों को न छोड़ें।कड़ी धूप में जाने से बचें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार की जानकारी रखें।गहरे रंग के भारी एवं तंग वस्त्र ना पहने इससे से बचें।जब गर्मी का तापमान ज्यादा हो तो श्रमसाध्य कार्य न करें।नशीले पदार्थ, शराब/अल्कोहल के सेवन से बचें।उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें, बासी भोजन न करें ।

# मतगणना कार्य में किसी प्रकार की कोई चूक अथवा गलती न हो इस पर विशेष ध्यान रखें: जिला निर्वाचन अधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**जिला निर्वाचन** अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत मतगणना संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि काउंटिंग की प्रक्रिया पूरी सावधानी के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ की जाए। कहा कि प्ररूप में मतदेय स्थल का नाम, टेबल नंबर, कंट्रोल यूनिट नंबर, चक्र संख्या को सही से भरा जाए। मतगणना कार्य में लगे माइक्रो ऑब्जर्बर, सुपरवाइजर सहित अन्य कर्मियों को जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है उसे गहनता से समझे और अपने अपने नोट बुक में अंकित जरूर कर लें, ताकि उस दिन किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मतगणना कार्य में किसी प्रकार की कोई चूक अथवा गलती न हो इस पर विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि प्रारूप को साफ शब्दों में भरें और फॉर्म भरने में जो अंतरराष्ट्रीय अंक है उसी का प्रयोग करें। कहा कि प्ररूप 17 सी महत्वपूर्ण है। पार्ट-1 को पीठासीन अधिकारी ने तैयार किया है और पार्ट-2 को आप लोग अच्छे से तैयार करेंगे। एआरओ के माध्यम से कंट्रोल यूनिट (सीयू) जो आपके टेबल में एलॉट की गई है उसी को काउंट करना है इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। सीयू को खोलते समय



काउंटिंग एजेंट को अवश्य दिखाएं, उसे विश्वास में लेकर कार्य करना है। जो काउंटिंग का प्रोसेस है शतप्रतिशत पालन किया जाए। कहा कि अगर बूथ में दो सीयू प्रयोग हुई है तो ऐसी स्थिति में हर सी0यू0 का रिजल्ट निकाल कर फाइनल 17 सी फॉर्म भरकर देना होगा। कहा कि सभी लोग इस बात का विशेष ध्यान रखना है कि पार्टी के प्रत्याशियों अथवा कार्यकर्ताओं के साथ सरल व्यवहार रखेंगे और यथा समय पर मतगणना से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराते रहेंगे। मतगणना स्थल पर मोबाइल अथवा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूर्णतः प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मतदान कार्य अत्यंत ही निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ है, उसी प्रकार आगामी 4 जून को नवीन मंडी स्थल कन्नौज में होने वाले मतगणना कार्य को भी अत्यंत ही पारदर्शिता के साथ संपन्न कराना हम सबका दायित्व है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# एएचटीयू तथा एसजेपीयू की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक संपन्न

- अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित हुई बैठक

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**मंगलवार को** पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह की अध्यक्षता में एएचटीयू तथा एसजेपीयू की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक संपन्न हुई। बैठक मे महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जारी विभिन्न एसओपी, अनुसंधान एवं अभियोजन, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी/विवेचक के समक्ष आ रही



समस्या, आश्रय गृह तथा वन स्टॉप सेंटर की आ रही समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई, पीड़िता के आवासन, तथा वर्तमान में चल रहे बाल श्रम उन्मूलन व रोकथाम अभियान तथा थानों में बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों को आ रही विवेचनात्मक समस्याओं पर कार्यवाही, किशोर न्याय अधिनियम ,पॉक्सो एक्ट के अभियोग पंजीकृत करते समय कार्यवाही, जमानत संबंधी समस्याएं , रेस्क्यू किए बालको के पुनर्वास के संबंध में चर्चा की गयी और बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य और दिशा-निर्देश का पालन आदि के संबंध में आकड़ों के साथ चर्चा की गई। बैठक में संयुक्त जिला अभियोजन कार्यालय जनपद कन्नौज, बाल संरक्षण अधिकारी कन्नौज व एएचटीयू तथा एसजेपीयू जनपद कन्नौज के मौजूद समस्त स्टाफ व सभी थानों के बाल कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।

## खबरें चलते-चलते

### नींद के धोखे में छत से गिरा युवक, मेडिकल कॉलेज में मौत

**तिर्वा।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के धम्मापुर्वा गांव में सोमवार की देर रात एक युवक छत नीचे आ गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान मंगलवार की सुबह उसकी मौत हो गई। धम्मापुर्वा गांव निवासी आलोक कुमार (25) पुत्र राधाकृष्ण सोमवार की रात घर की छत पर सो रहा था। देर रात वह लघुशंका करने के लिए उठा, तभी नींद के धोखे में वह छत से नीचे आ गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसको मेडिकल कॉलेज ले गए। यहां इमरजेंसी वार्ड में उपचार के दौरान मंगलवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। परिजन पुलिस को सूचना दिए बिना शव को घर वापस ले गए।

### खेत में पानी लगा रहे किसान को सर्प ने डॅसा

**तिर्वा।** कोतवाली क्षेत्र के बछज्जापुर गांव में मंगलवार को मूंगफली के खेत में पानी लगा रहे एक किसान को सर्प ने डस लिया। परिजनों ने किसान को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उसका उपचार चल रहा है। बछज्जापुर गांव निवासी नसीर (50) पुत्र इस्लाम मंगलवार की शाम को गांव में स्थित अपने मूंगफली के खेत में पानी लगा रहा था। इसी दौरान एक सर्प ने डस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। नसीर की हालत को बिगड़ता देख परिजनों ने उसको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। यहां उसका उपचार किया जा रहा है।

### गृह क्लेश के चलते युवक ने लगाई फांसी

**तिर्वा।** कोतवाली क्षेत्र के नौरंगपुर नगरिया गांव में सोमवार की शाम एक ग्रामीण ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजनों ने उसको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां से उसको कानपुर रेफर कर दिया गया। नौरंगपुर नगरिया गांव निवासी रतीराम (50) पुत्र रामकिशुन ने गृह क्लेश के चलते मंगलवार की शाम को घर में ही फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। ग्रामीण को फांसी पर लटकता देख परिजनों ने आनन-फानन में उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान हालत में सुधार न होने पर उसको कानपुर रेफर कर दिया गया।

### प्रेम विवाह में असफल युवती ने फांसी लगाकर जान दी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** प्रेमी व उसके परिजनों द्वारा शादी से इंकार करने से आहत होकर युवती नें फांसी लगाकर जान दे दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवई की मांग की है। नगर के मोहल्ला पठान टोला शास्त्री नगर निवासी आरिफ पुत्र मुन्ना द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री का मोहल्ले के ही एक युवक नें अपने प्रेम में फसाया हुआ है। उसकी पुत्री द्वारा शादी करनें की बात कहनें पर युवक व उसके भाई एवं दो बहनों सहित मॉ नें शादी से इनकार कर दिया जिससे आहत होकर बीते दिन उसकी पुत्री नें घर के कमरे में लगे पंखें के हुक में दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा युवती के शव को पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया।

### पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में एक घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के मोहल्ला महरुपुर रावी निवासी प्रदीप ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि सोमवार शाम 5 बजे के करीब गांव के मंदिर के पास बैठा था। उसी समय गांव के ही अंकित उर्फ बुद्ध, गोपाल उर्फ अश्विनी आए और गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज का विरोध किया, तो दोनों ने लोहे की राड से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्रदीप की तहरीर पर पुलिस ने धारा 323, 504, 506 आई.पी.सी. के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बंदरों के हमले में बालक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बालक पर बंदरों ने हमला कर दिया। चीखने चिल्लाने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे बंदरों से बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव गन्डुआ निवासी नितिन उम्र 6 वर्ष पुत्र प्रदीप कुमार पर बन्दरों ने हमला कर दिया। चीखने चिल्लाने पर परिजन दौड़े और बन्दरों से उसे बचाकर घायलावस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया।

### दो ने कीटनाशक पीकर किया आत्महत्या का प्रयास

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव गऊटोला निवासी अरविन्द कुमार उम्र 38 वर्षीय ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। वहीं कोतवाली क्षेत्र के गाँव गन्धिया निवासी मुखलाल उम्र 38 वर्ष ने गृहकलह से क्षुब्ध होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। दोनों की हालत बिगड़ने पर दोनों के परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भती कराया।

### पुत्र ने पिता को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कलयुगी पुत्र ने बूढ़े पिता की बेरहमी से पिटाई कर दी। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव लहरा निवासी वृद्ध धर्मवीर ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि उसका बेटा सतीश शराब पीकर आया और आते ही मेरे साथ गाली-गलौज करने लगा। मेरे द्वारा गाली देने का विरोध करने पर कलियुगी पुत्र सतीश ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पिता के प्रार्थना पत्र के आधार पर पुत्र के विरुद्ध मामला दर्ज कर वृद्ध का मेडीकल परीक्षण करवाया।

# पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है, अधिवक्ताओं ने आंदोलन की दी चेतावनी

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**अधिवक्ता** सभागार में बार एसोसिएशन छिबरामऊ की आकस्मिक सभा अरविन्द कुमार सिंह राठौर की अध्यक्षता एवं महासचिव ललित प्रताप सिंह के संचालन में आयोजित हुई जिसमें बार एसोसिएशन छिबरामऊ के सम्मानित सदस्य श्री कृष्ण कुमार मिश्रा व श्री विशम्भर नाथ मिश्रा व उनके परिजनों के विरुद्ध 13 माह पूर्व की घटना दर्शा कर 18.04.2024 को थाना छिबरामऊ पुलिस द्वारा झूठा मुकदमा दर्ज किया गया। छिबरामऊ, सकारवा, गुरसहायगंज व कन्नौज पुलिस द्वारा विगत तीन चार माह में विना वास्तविक तथ्यों की जांच किए झूठे मुकदमे अधिवक्ताओं के विरूद्ध पंजीकृत कर सम्बंधित थाना पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है और संगठन द्वारा वार्ता करने पर कोई संतोषजनक जवाब न देकर अधिवक्ताओं के परिवार के अन्य सदस्यों के नाम बढ़ाकर सम्बंधित अधिवक्ताओं को झूठे मुकदमे पंजीकृत कर धमकाने का कार्य किया जा रहा है। सम्बंधित थाना की पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं के साथ सम्मान के साथ खिलवाड़ करने का कार्य कर क्षेत्र में उनकी छवि धूमिल की जा थी है। पुलिस की उपरोक्त रवैए को लेकर अधिवक्ताओं में अत्यधिक रोष व्याप्त और पुलिस के रवैए से किसी भी समय टकराव की स्थिति पैदा हो सकती है। जब कि प्रायः ऐसा देखने में आ रहा कि जहां पर भी अधिवक्ताओं के विरूद्ध कोई मामला पुलिस के संज्ञान में आता है तो आनन फानन में अधिवक्ताओं के विरूद्ध बिना जांच किए प्रथम सूचना रिपोर्ट थानों में ऐसे पंजीकृत कर ली जाती है जैसे पुलिस प्रशासन अधिवक्ता समाज से जातीय रंजिश रखती है। उक्त प्रकरण के संबन्ध में शिवनाथ सिंह यादव, धर्मवीर सिंह यादव, राजकुमार सिंह, लालबहादुर यादव, संजीव दुबे, चंद्रजीत यादव, प्रमोद दुबे, दिनेश बैस, जयवीर सिंह, अजित मिश्रा, अनुराग त्रिपाठी, अंजू पटेल, अमित राजपूत सहित कई अधिवक्ताओं में अपने अपने विचार रखे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पुलिस प्रशासन के विरूद्ध 29.05.2024 दिन बुधवार को सांकेतिक रूप से न्यायिक कार्य(रजिस्ट्री दफ्तर सहित) से विरत रहकर विरोध प्रदर्शन करेंगे एवं पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा जाएगा।

यदि पुलिस प्रशासन ने अधिवक्ताओं के विरूद्ध दर्ज फर्जी मुकदमें दो दिन के अंदर समाप्त नहीं किए और भविष्य में अपनी कार्य शैली में सुधार न किया तो दिनांक 01.06.2024 से बार एसोसिएशन छिबरामऊ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष रामचन्द्र मिश्रा, प्रमोद तिवारी, सुरेश चन्द्र यादव, राकेश दुबे, नेम सिंह यादव, अमित अग्निहोत्री, विनीत कुमार चतुर्वेदी, राजीव दीक्षित, पंकज मिश्रा, सद्दाम हुसैन, कोषाध्यक्ष मुफीद खान, मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे, भईया लाल वर्मा, यादवेंद्र प्रताप सिंह, पंकज चतुर्वेदी, आलोक कुमार दीक्षित, आनंद बाबू, आशीष कश्यप, राजेश बाबू, विमलेश तिवारी, सरजीत यादव, ओमेंद्र पाल, अजय शाक्य, स्नेहलता गुप्ता, राखी सिंह सहित कई अधिवक्ता बैठक में उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज में बच्चे की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

- मंगलवार की भोर बीमार अवस्था में लाया गया था बच्चा
- डॉक्टर बोले, मृत अवस्था में लाया गया था बच्चा

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**राजकीय** मेडिकल कॉलेज में मंगलवार की भोर बीमार अवस्था में आए एक बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की मौत का समाचार सुनकर परिजनों ने करना इमरजेंसी वार्ड में हंगामा काटना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने समझा-बुझाकर परिजनों को शांत कराया। बछज्जापुर गांव निवासी रामनिवास का 10 बर्षीय पुत्र रितिश की मंगलवार की भोर अचानक तबीयत खराब हो गई। हालत बिगड़ता देख परिजन उसको मेडिकल कॉलेज में ले गए। यहां इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत का समाचार पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने इमरजेंसी वार्ड में ही हंगामा काटना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया। मामले में इमरजेंसी वार्ड में तैनात चिकित्सकों ने बताया कि बच्चा मृत अवस्था में लाया गया था।

# संदिग्ध हालातों में नवविवाहिता की मौत, दहेज हत्या का आरोप

- मृतका के पिता ने इंदरगढ़ थाने में शिकायती पत्र देकर जड़ा आरोप
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जांच शुरू

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**इंदरगढ़** थाना क्षेत्र के मन्सुखपुर्वा गांव में संदिग्ध हालतों में नवविवाहिता की ससुराल में मौत हो गई। मायके वालों ने ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। औरैया जनपद के दिबियापुर थाना क्षेत्र के अमौआहार गांव निवासी बलवान सिंह पुत्र देवीसिंह ने इंदरगढ़ थाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसने अपनी पुत्री सौम्या (20) का विवाह गत 03 मई को इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के मन्सुखपुर्वा गांव निवासी जितेन्द्र पुत्र सुखलाल के साथ किया था। शादी के दौरान अपने सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था। इसके बावजूद भी ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज में चार पहिया वाहन व सोने की चैन की मांग को लेकर उसकी पुत्री का उत्पीड़न कर रहे थे। गत 27 मई को उसकी पुत्री सौम्या ने उसे फोन कर बताया कि उक्त ससुरालीजन आएदिन उसके साथ मारपीट कर रहे है। फोन वार्ता के दौरान ही उसके पति ने सौम्या से फोन छीन लिया और काट दिया था। मंगलवार की भोर उसको सूचना मिली कि सौम्या की मौत हो गई है। जब वह मौके पर पहुंचा, तो सौम्या का शव कमरे में बेड पर पड़ा था। इसपर उसने इंदरगढ़ थाने जाकर मामले की शिकायत की। मामले में इंदरगढ़ थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मिले तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। आरोप सही पाए जाने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### नाबालिक युवती को बहला फुसलाकर भगाने का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी एक महिला ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि उसकी पुत्री उम्र 16 वर्ष घर से बिना बताए कहीं चली गई। शाम तक जब वापस नहीं आयी, तो काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं लगा। जानकारी करने पर पता चला कि कस्बे के ही मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी अर्जुन वाल्मीकि के सहयोग से मोहल्ला गांधीनगर निवासी उदय बाथम तथा श्याम बाथम उसे बहला फुसला भगा ले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 363, 366 आई.पी.सी. के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

### ऊंचाई से गिरकर दो बच्चे घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग स्थानों पर क्षेत्र के गांव जौरा निवासी अनूप का 10 वर्षीय पुत्र अयांश व अताईपुर जदीद निवासी चाँद मियाँ की 4 वर्षीय पुत्री आतिफा ऊंचाई से गिरकर घायल हो गए। दोनों बच्चों के परिजन गंभीर हालत में अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद आतिफा को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# एजीएम ने शिकायतों का लिया संज्ञान बीएसएनएल ऑफिस का किया निरीक्षण

- नेटवर्क की समस्या माड्यूल में खराबी के कारण आ रही
- एक्सचेंज में लगे तमाम उपकरण अनुपयोगी हुए उन्हें हटाने के दिए निर्देश

**जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज**

**बीएसएनएल** आफिस से नेटवर्क एवं अन्य समस्याओं को लेकर मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए एजीएम ने स्थानीय कार्यालय का निरीक्षण किया और नेटवर्क संबंधी समस्या का निस्तारण कराया।

एक समय था जब लोग सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल पर भरोसा करते दिखते थे। लेकिन प्राइवेट दूसरसंचार कंपनियों के आने के बाद और उनकी बेहतर नेटवर्क प्रणाली के चलते लोगों का बीएसएनएल से



मोहभंग होने लगा। कभी सिग्नल गुम होने तो कभी नेटवर्क की स्पीड कप होने के चलते लोगों ने बीएसएनएल से दूरी बना ली। हालांकि अब फोरजी की जंग में बीएसएनएल भी दावेदारी प्रस्तुत करती दिख रही है। नेटवर्क को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कीमतें भी आकर्षक रखी जा रही है। शिकायतों के समाधान के भी प्रयास किए जा रहे हैं। अशफाक राईन ने नगर के मोहल्ला चिमनदुबे, खटीकान आदि में पर्याप्त नेटवर्क न आने और नेट आने पर स्पीड भी आशा के अनुरूप न आने की शिकायत की थी। जिसका संज्ञान लेते हुए विभाग के एजीएम महेश कुमार त्रिपाठी मंगलवार की दोपहर बीएसएनएल कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीओ बृजराज सिंह व जेई गजेंद्र सिंह कुशवाहा के साथ बैठ कर समस्या के बारे में जानकारी ली और नेटवर्क संबंधी समस्या की जांच कराई। गहनता से जांच की गई तो पता चला कि नेटवर्क की समस्या माड्यूल में खराबी के कारण आ रही है। जिस पर उन्होंने मॉड्यूल को बदलवाने के लिए कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने कार्यालय में अनुपयोगी हो चुके उपकरणों का भी निरीक्षण कर निस्तारण के लिए सूची बनाने की बात कही।

एसडीओ ने बताया कि नगर में फोर जी सेवा व फाइबर कनेक्शन लांच होने एवं बेसिक फोन सेवा लगभग बंद होने के बाद एक्सचेंज में लगे तमाम उपकरण अनुपयोगी हो चुके हैं। जिस पर एजीएम ने अनुपयोगी उपकरणों सूची उपलब्ध कराने और अनुपयोगी सामान को हटवा कर जगह खाली कराने की बात कही। इसके अलावा उन्होंने उन्होंने ट्रांसमिशन रुम समेत भवन का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

# व्यापारी प्रेरणा दिवस के आयोजन पर व्यापारियों को किया गया सम्मानित

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**अखिल भारतीय** उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल जी के आह्वान पर जनपद कन्नौज के संगठन द्वारा *सुभाष एकेडमी* आवास -विकास छिबरामऊ में स्वर्गीय हरिश्चन्द्र अग्रवाल की पावन पुण्य तिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए व्यापारी प्रेरणा दिवस के आयोजन में छिबरामऊ के सुप्रतिष्ठित व्यापारियों क्रमशः सर्व श्री अखिलेश दुबे ,हाजी मोहम्मद इसरार खां , विपिन शर्मा ,जवाहर लाल वर्मा , अशोक सक्सेना जी, राम रतन गुप्ता , प्रदीप मिश्र सरदार राजेन्द्र सिंह , राकेश गुप्ता सुभाष दीक्षित , संतोष पाठक सेवा निवृत्त पुलिस अधिकारी, रामनाथ कश्यप , श्रीमती कविता सक्सेना ,का अंगवस्त्र राधे राधे कृष्णा उढ़ाकर, एवं माल्यार्पण कर हार्दिक स्वागत - अभिनंदन किया गया । कार्यक्रम दौरान सामयिकी उद्योग -व्यापार जगत की गंभीर समस्या विद्युत आपूर्ति की अत्यन्त दयनीय दशा पर बहुत कड़ा रोष प्रकट करते हुए शीघ्र सुधार करने की चेतावनी भी दी गई, जीएसटी




विभाग, आयकर विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग,श्रम प्रवर्तन विभाग, जिला उद्योग केन्द्र, ग्रामोद्योग केन्द्र, कांटा बांट माप विभाग, विद्युत विभाग, जनपदीय प्रशासनिक कार्यालयों सहित तहसीलों में व्याप्त घोर भ्रष्टाचार के विरुद्ध नौकरशाही को कड़ी चेतावनी दी कि अपनी अपनी कार्यशैली में शीघ्र सुधार करें उद्यमियों एवं व्यापारियों का मानसिक उत्पीड़न करते हुए आर्थिक शोषण बंद करें अन्यथा अंतिम इलाज़ मुंह काला करो अभियानशुभारम्भ करने पर संगठन को मजबूर होना पड़ेगा। अन्य पदाधिकारी बन्धु राजीव दुबे,नरेश वर्मा, रामानंद वर्मा, राजेश सक्सेना, नेमीचंद राठौर, विनीत वर्मा सिम्पल, विनय वर्मा,सुभाष चन्द्र दुबे गुड्डू, दिलीप गुप्ता, भास्कर चतुर्वेदी, जितेन्द्र चतुर्वेदी, कुलदीप वर्मा, शोभा दुबे, शालिनी चौहान,अमन भाई, वारिद अली भाई नमस्ते जी , सतीश चन्द्र कटियार, आलोक पाल, मनोज अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, विकास गुप्ता, नीरज मिश्रा, शिवम् राज़ वर्मा, राधे श्याम पाल आदि सहित दर्जनों व्यापारियों ने सहभागिता सुनिश्चित की। संदीप बंसल ज़िंदाबाद ज़िंदाबाद, इंकलाब ज़िंदाबाद ज़िंदाबाद, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिन्दाबाद जिन्दाबाद, वन्देमातरम जयहिन्द जयभारत। अनिल कुमार गुप्ता प्रदेश मंत्री एवं जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कन्नौज।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़





# न्यायालय कर्मचारियों ने प्रतिज्ञा सभा करके मांगों को लेकर किया आंदोलन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जनपद न्यायालय** कर्मचारी ने अपनी लंबित मांगों को पूरा कराने के लिए प्रदेश संघ के आह्वान पर प्रतिज्ञा सभा करके आंदोलन किया। प्रतिज्ञा पत्र पर समस्त कर्मचारियों ने हस्ताक्षर किए एवं इसकी प्रतिलिपि प्रांतीय संघ को भेजी। कर्मचारियों की माँग हैं कि न्यायिक कर्मियों के अंर्तजनपदीय स्थानांतरण लंबे समय से लंबित हैं, न्यायिक कर्मियों को 2013 में वर्दी पहनने का शासनादेश न्याय अनुभाग से जारी हुआ लेकिन आज तक धनराशि का निर्धारण नहीं हो सका, विभागीय नियमावली में संविदा के पद न होने के बाद भी एफटीसी न्यायालयों में संविदा के पद सृजित किये गये, शेट्टी कमीशन की संस्तुतियों के विपरीत न्यायिक कर्मियों के पद और वेतनमान स्वीकृत किये गये, जनपद न्यायालयों में कर्मचारीगण के अर्जित अवकाश पर जाने पर उनका अवकाश स्वीकृत न कर उसे नियम विरुद्ध तरीके से लंबे समय लंबित रखा जाता है जिससे उस अवधि का अवकाश वेतन भुगतान विलंबित होता है और कर्मचारी को आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है। अवकाश की समयबद्ध स्वीकृति एवं विधि विरुद्ध वेतन रोके जाने हेतु न्यायालय से बार-बार अनुरोध किया, लेकिन कार्यवाही लंबित है, जिलों में विभिन्न समितियों, अधिकारियों के समक्ष लंबे समय तक कर्मचारीगण के सेवा संबंधी मामलों के तीव्र निस्तारण हेतु उच्च न्यायालय से अनुरोध किया जा रहा है। उच्च न्यायालय द्वारा निर्देश भी दिये गये, लेकिन जनपद न्यायालय में स्थिति जस की तस है एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का आवासीय कार्यालय पर स्थायी प्रतिबंध किया जाए, आदि सहित कई मांगें शामिल हैं। दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष ऋषि यादव एवं महासचिव दिनेश गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को जनपद न्यायालय के कर्मचारियों ने कचहरी में स्थित हनुमान मंदिर के समक्ष प्रतिज्ञा सभा का आयोजन किया और ईश्वर से प्रार्थना की कि हमारी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण हों। उन्होंने कहा कि यदि हमारी मांगें फिर भी नहीं मानी जाती हैं तो जुलाई 2024 के प्रथम रविवार को कर्मचारीगण जनपद न्यायालय हनुमान मंदिर के ही समक्ष प्रार्थना सभा का आयोजन करेंगे। आंदोलन चरणबद्ध रूप से तेज ही होता जाएगा। उन्होंने बताया कि संघ जनपद न्यायालय कार्मिकों की समस्याओं पर उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा उपेक्षापूर्ण व्यवहार से कर्मचारी आहत हैं। मुख्य न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद को प्रेषित पत्रों पर भी अब तक हम प्रतीक्षा में ही हैं।



कचहरी परिसर में प्रतिज्ञा सभा का आयोजन करते न्यायालय कर्मी — समृद्धि न्यूज

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



मृतक का फाइल फोटो



रोते बिलखते मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

- पत्नी ने जेठ सहित दो अन्य लोगों पर हत्या कर शव फांसी पर लटकाने का लगाया आरोप

शमसाबाद, समृद्धि न्यूज

**युवक ने** फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं पत्नी ने जेठ सहित दो अन्य लोगों पर हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नगला सेठ निवासी रजनी पत्नी सचिन राजपूत ने मंगलवार को जेठ राहुल पुत्र रामचंद्र एवं रविंद्र पुत्र नामालूम निवासी हज्जू नगला के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा कि मंगलवार की सुबह पति पशुओं के लिए चारा लेने खेतों की ओर गये थे। जहां पहले से घात लगाए बैठे उपरोक्त लोगों द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया और उनकी बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी गई तथा हत्या का राज को छुपाने के लिए शव फांसी के फंदे पर लटका दिया गया। पीड़ित महिला का आरोप था आरोपियों ने पति के साथ-साथ उनको भी मारने की धमकी दे चुके हैं। पीड़िता ने तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने तथा उसकी जानमाल की सुरक्षा करने की गुहार लगायी है।

# पत्नी से कहासुनी होने पर पत्नी गयी मायके, पति फांसी पर झूला

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**शराब पीने** को लेकर पत्नी से कहासुनी होने पर पत्नी मायके चली गयी। जिससे क्षुब्ध युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पत्नी व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमैयापुर निवासी हेमराज कश्यप का 32 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार शराब पीने का आदी था। शराब पीने को लेकर उसकी पत्नी से कहासुनी हो गई। पत्नी ने मायके फोन कर अपने पिता को बुला लिया और वह अपने मायके चली गई। जिससे क्षुब्ध होकर पति सुनील कुमार ने घर में फांसी लगा ली। लोगों के देख लेने पर उसे फांसी के फंदे से उतार लिया गया। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष अमृतपुर मीनेश पचौरी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक रमाशंकर पांचाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने युवक को चिकित्सालय ले जाने की सलाह दी। पिता द्वारा 108 एम्बुलेंस को फोन पर सूचना देकर एम्बुलेंस को बुलाया गया। विलंब से पहुंची एंबुलेंस युवक को लेकर 1 किलोमीटर तक ही चल सकी कि रतनपुर पमारान के बाजार में उसका पहिया पंचर हो गया। 1 घंटे बाद जब दूसरी एंबुलेंस आई तब उसे राजेपुर चिकित्सालय पहुंचाया गया। जहां सुनील कुमार को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी शिल्पी व पिता हेमराज का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पीड़ित पिता का कहना था कि यदि एंबुलेंस समय पर मेरे बेटे को अस्पताल पहुंचा देती, तो शायद उसकी जान बच सकती थी। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक के दो संताने हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



पोस्टमार्टम हाउस में बैठे मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

# ट्रांसफार्मर में आग लगने से मचा हड़कंप

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। भीषण गर्मी में लोड पड़ने से ट्रांसफार्मर में आग लग गयी। तेज लपटें निकलने से लोगों में हड़कंप मच गया। काफी देर तक कोई बिजली विभाग का कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत नवाबगंज क्षेत्र के फर्रुखाबाद रोड पर बिजली घर से कस्बे की तरफ लगभग 500 मीटर की दूरी पर रखे ट्रांसफार्मर में मंगलवार दोपहर आग लग गयी। तेज लपटें निकलने से हड़कंप मच गया। करीब 50 मीटर तक तेल के फब्बारे उड़े। घटना की सूचना बिजली विभाग को दी गयी, लेकिन आधा घंटे तक कोई भी बिजलीकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा। बताते चलें कि इस ट्रांसफार्मर से करीब 200 घरों की बिजली सप्लाई होती है। ट्रांसफार्मर जलने से इन घरों में अंधेरा छा गया। ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी में उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मोबाइल आदि चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। वहीं पानी की सप्लाई भी बाधित हो गयी है।



धू-धू कर जल रहा ट्रांसफार्मर

# खबरें चलते-चलते

## निर्दलीय प्रत्याशी को दी जान से मारने की धमकी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी डॉक्टर हरिनंदन यादव को दबंगों ने जान से मारने की धमकी। उन्होंने थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को थाना नवाबगंज के ग्राम गढ़िया बबुराग के मूल निवासी तथा हाल निवासी फैजबाग शमशाबाद निर्दलीय प्रत्याशी डॉक्टर हरिनंदन यादव एक अंतिम संस्कार में शमशाबाद गंगाघाट पर गए थे, तभी छोटे पुत्र जोगराज निवासी ग्राम मुरैठी थाना शमशाबाद व उनके साथी ओमकार सिंह यादव बाबाजी ने मुझसे कहा कि तुमने भाजपा से 5 लाख रुपया लेकर चुनाव लड़ा है। देखते है कि भाजपा वाले तुम्हें कैसे बचाते हैं। छोटे अपराधिक किस्म के व्यक्ति हैं। इन लोगों ने मुझे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाना शमशाबाद पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने दबंगों के खिलाफ कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

## बेटे ने मां-बाप को पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव बराबिकू निवासी महेशचन्द्र पुत्र गंगाराम जाटव ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि मेरी पत्नी जरीना जाटव घर पर झाड़ू लगा रही थी। उसी दौरान मेरा बेटा कन्हैया आया और आते ही मेरी पत्नी के साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर बेटा मेरी पत्नी के साथ मारपीट करने लगा। पत्नी को पिटता देख बीच बचाव के लिए आये पति को भी बेटे ने मारपीट कर घायल कर दिया। महेश ने अपनी पत्नी के साथ कोतवाली पहुँचकर बेटे के विरूद्ध शिकायती पत्र दिया। पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर पति पत्नी का मेडीकल परीक्षण करवाया। वही घायल महेश ने बताया कि मेरी पहली पत्नी से यह पैदा है। पहली पत्नी की मौत हो जाने के बाद हम बंगाल से दूसरी शादी करके लाये है। आये दिन मेरा बेटा शराब के लिए पैसे माँगता है। न देने पर हम दोनों के साथ मारपीट करता है।

## डीएम ने ली अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी मुकदमों की प्रभावी पैरवी कर जल्द से जल्द आरोपियों को सजा दिलवाई जाये। जिलाधिकारी द्वारा खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि खुले में विक्रय किये जा रहे खाद्य पदार्थो के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर पुलिस अधीक्षक व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, पत्नी व दो बच्चे घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गयी, जबकि उसकी पत्नी व बच्चे घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम नगला झब्बू सिंह के पास अलीगंज रोड पर दो मोटरसाइकिलों में जबरदस्त भिड़ंत हो गयी। जिसमें राजू पुत्र कालीचरन निवासी शमशेर नगर थाना मऊदरवाजा की मौके पर ही मौत हो गयी। वह अपनी बहन के घर उम्मरपुर से अपने घर शमशेर नगर जा रहा था, तभी यह घटना घटी। इस घटना में उसकी पत्नी पूजा एवं दो बच्चे अंबिका 5 वर्ष व आदेश 4 वर्ष घायल हो गये। समाचार लिखे जाने तक मृतक का भांजा व बहन मौके पर आये। उसने सूचना मृतक के परिजनों को दी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में बालक जला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में बालक जल गया। परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव अताईपुर जदीद निवासी कुनाल उम्र 10 वर्षीय पुत्र सर्वेश कुमार घर पर खेल रहा था, तभी संदिग्ध परिस्थितियो मे जल गया। परिजनों ने सीएचसी ले जाकर उपचार कराया।

# ट्रांसफार्मर ओवरलोड, 24 घन्टे से आधे कस्बे की सप्लाई बंद

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** भीषण गर्मी के चलते छोटे पक्के मकान में रहना इंसान के लिए मुश्किल हो गया है। कस्बा अमृतपुर घनी बस्ती होने की वजह से यहां बिजली का बना रहना अति आवश्यक है, परंतु बीते दिवस सोमवार रात्रि 9 बजे से बिजली की आंख मिचोली ने वह काम कर दिखाया कि आधा कस्बा गर्मी से बेहाल हो गया।

बिजली गुल होने की समस्या को लेकर जब अवर अभियंता होरीलाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कस्बे के अंदर रखा हुआ पुराना ट्रांसफार्मर ढाई सौ केवी का है, परंतु इस पर लोड अधिक होने के कारण यह फुंकने की कगार पर आ गया था। जब इसका लोड नापा गया तो बिजली कर्मचारी भौचक्के रह गए। ट्रांसफार्मर धड़ाम ना हो जाए इसलिए एतियात के तौर पर रात में कस्बे की बिजली रोक दी गई थी। जिसकी जानकारी एसडीओ को दी गई। उन्होंने 100 एमवी का ट्रांसफार्मर उसी जगह पर लगाने के आदेश किये। बिजली समस्या को देखते हुए जब एसडीओ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मंगलवार देर शाम तक बिजली व्यवस्था दुरुस्त हो पाएगी। ट्रांसफार्मर आने के बाद उसे लगाया जाएगा। इसके उपरांत कस्बे की सप्लाई चालू हो पाएगी। भीषण गर्मी के चलते आधे कस्बे की सप्लाई बीते 24 घंटे से बंद है। फिलहाल शाम 6 बजे तक बिजली आने की उम्मीद है।



ट्रांसफार्मर लगाते विद्युत कर्मचारी

# एनसीसी कैडेट्सों को पुलिस पाठशाला के तहत साइबर क्राइम व सुरक्षा की दी गई जानकारियां

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**12 यूपी** बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ द्वारा सामूहिक वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी-33) इंटर ग्रुप शूटिंग कैम्प का आयोजन आर्मी स्कूल में किया गया। बटालियन के कमान अधिकारी रोमिल शर्मा कैम्प कमाण्डेंट के निर्देशन में मंगलवार को साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार व उनकी साइबर सेल टीम हेड कांस्टेबिल रविन्द्र प्रताप सिंह, कांस्टेबिल अरविन्द यादव द्वारा साइबर क्राइम व सुरक्षा विषय पर एनसीसी कैडेट्सों को जानकारी दी। प्रशिक्षण में 50 एनसीसी छात्रों ने प्रतिभाग किया। वहीं कैडेट्सों द्वारा पूछा गये आपराधिक सवालों के जबाव भी दिये गये। जिसमें साइबर क्राइम क्या है, वित्तीय लेनदेन (ऑन लाइन) में धोखाधड़ी, सोशल मीडिया फेसबुक, इन्स्टाग्राम, वीडियो कॉल, शेयर बाजार, ऑनलाइन गेम्स, साइबर बुलिंग, ऑन लाइन खरीददारी आदि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कैम्प डिप्टी कमांडेंट एवं अकाउंट आफीसर कर्नल आरपी सिंह, कैम्प एडजूटेंट ले0 राजू अहिरवार, ले0 सिल्की मिश्रा, सूबेदार मेजर हरिकेश सिंह गुर्जर, फायरिंग जेसीओ सूबेदार राजवीर सिंह, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार सुरेश कुमार शर्मा, कोत जेसीओ सूबेदार भीम सिंह, क्वार्टर मास्टर नायब सूबेदार बृजेश सिंह, बएसएम दिनेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



कैडेट्सों को प्रशिक्षण देते साइबर सुरक्षा अधिकारी — समृद्धि न्यूज

# ईओ ने बैठक लेकर वार्डवासियों को स्वच्छता के प्रति किया जागरुक



वार्डवासियों को जागरुक करते ईओ — समृद्धि न्यूज

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**अधिशासी अधिकारी** राजीव कुमार की अध्यक्षता में नगर पंचायत शमशाबाद के वार्ड नंबर 3 संजय नगर में बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरुक किया गया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार ने वार्ड नंबर 3 संजय नगर में बैठक की। जिसमें स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की अध्यक्ष मधु देवी एवं वार्ड सदस्यों और प्रतिनिधि विक्रम सिंह दिवाकर, अमित, जितेंद्र, अमन राजपूत के साथ वार्डवासी उपस्थित रहे। वार्ड सदस्यों के साथ वार्डवासियों की उपस्थिति में सभी लोगों से अपील के साथ अधिशासी अधिकारी ने कहा कि अपने-अपने घरों का सूखा एवं गीला कूड़ा कचरा अलग-अलग करके डोर-टू-डोर कलेक्शन कर कूड़ा वाहन में डालें और गीले कूड़े होम कंपोस्टिंग के बारे में भी जागरूप किया। अधिशासी अधिकारी राजीव ने कहा आप सभी अपने-अपने घरों को स्वच्छ और सुंदर व हरा भरा रखें। आंगन में हरे भरे पेड़ लगाए और दूसरों को जागृत कर खुशियों से घर आंगन महकाएं। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। नगर पंचायत शमशाबाद को स्वच्छता की ओर ले जाने में सहयोग की अपील की।

कोहराम — तीन माह पूर्व हुई थी शादी, सूचना मिलते ही परिजनों में मचा कोहराम

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**संदिग्ध परिस्थितियों** में युवक ने गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं फोरेंसिक टीम ने नमूने लिये। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नगला सेठ निवासी 28 वर्षीय युवक सचिन पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र राजपूत ने मंगलवार की सुबह गांव के ही निकट एक मक्के के खेत की मेड़ पर खड़े नीम के पेड़ में गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना शमसाबाद थाना पुलिस को दी गई। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल करते हुए सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सूचना के बाद सीओ कायमगंज मौके पर पहुंचे। शव को नीचे उतारा गया। फोरेंसिक टीम ने नमूने एकत्र किये। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के भतीजे विक्रम ने बताया कि मृतक का तीन माह पूर्व विवाह हुआ था। मृतक पुजारी था। पास के ही एक मंदिर में पूजा अर्चना के लिए सुबह शाम जाया करता था। मंगलवार की सुबह 6.00 बजे के करीब युवक घर से निकल गया और गांव के बाहर मक्के के खेत की मेड़ पर खड़े नीम के पेड़ पर गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब गांव का ही एक युवक मक्के की फसल की सिंचाई करने गया। युवक ने सचिन को फांसी पर लटका देख घबरा गया और घटना की सूचना ग्रामीणों को दी। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। पत्नी रजनी देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं परिजनों का कहना है कि मृतक का किसी से कोई विवाद नहीं हुआ था न ही किसी से कोई रंजिश ही थी। मृतक के भाई ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस का कहना था कि हत्या है या आत्महत्या, इसका कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा।



पोस्टमार्टम हाउस में बैठे मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

# श्रीराधा श्याम शक्ति मंदिर में अध्यात्मिक काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**कवियों को उत्तरी व स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित**

**श्रीराधा** श्याम शक्ति मंदिर लोहाई रोड पर परम्परागत अध्यात्मिक काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। नगर के विद्वान कवियों ने काव्यपाठ किया। आयोजक सुरेन्द्र सफ्फड़ ने चल रही कई दिनों की कथा में कवियों का स्वागत किया। राष्ट्रीय कवि डा0 शिवओम अम्बर ने रचना पढ़ते हुए कहा कि रचना धर्मों ईश्वर के देवदूत होते है। जो अन्ताकरण से विचार आते है। वह अपने साहित्य के माध्यम से मां वाणी का आशीर्वाद होता है। गोस्वामी तुलसी दास ने समाज के लोक कल्याण के लिए महाकाव्य रामचरित मानस की रचना करके समाज और राष्ट्र को अनूठा मानस ग्रंथ दिया है। जो सभी के लिए मंगलकारी है। गोष्ठी का शुभारम्भ डा0 शिवओम अम्बर व गरिमा पाण्डेय ने मां भारती की प्रस्तुति के साथ किया। आओ हम सब मिलकर कलम से उतारे मां भारती की आरती। महेश पाल सिंह उपकारी ने राम के नाम की महिमा का वर्णन किया। एक बार कहने से नाम की प्रतीक बनता, दो बार कहने से होता है प्रणाम, तीन बार कहने से दया और ध्या आती है। कह अधिक बार बनता है मंत्र श्रीराम का नाम। प्रीती तिवारी ने कहा कि आरती पुष्प पूजन तुम्हारे लिए, मेरे जीवन का मधुवन तुम्हारे लिए। जल रहा दिया आ भी जाओ प्रभु, यह सजाया आंगन तुम्हारे लिए। डा0 शिवओम अम्बर ने कहा कि मेरे हर खास की शुभकामना कर मेरे शब्दों को स्वास्तिक में बदल दें। दे पहले वाबरी मीरा की निष्ठा, मेरे गोपाल फिर बेशक गरल दे। उत्कर्ष अग्निहोत्री ने कहा कि कविता एक बहाना था, दिल तक आना जाना था। सिद्दत से चाहां तुमने लो फिर हमको आना था। गरिमा पाण्डेय ने कहा कि मन की बगिया को महकाइये, छंद बनकर चले आइये। मेरी नवेली काली भाग की आप मकरंद बन जाइये। बृजकिशोर सिंह किशोर ने कहा कि बादलों में अपना नाम दर्ज है यारो, दर्द हम पर पुराना कर्ज है यारो। काव्यपाठ में सुकुमार, निमिष टंडन, उपकार मणि आदि ने रचना पढ़ी। सभी को स्मृति चिन्ह एवं धार्मिक साहित्य के साथ सम्मानित किया गया। काव्यपाठ का विराम ठाकुर जी की आरती व प्रसाद वितरण के साथ हुआ। संचालन बृजकिशोर सिंह किशोर ने किया। आभार अंजुम दुबे ने व्यक्त किया।



काव्यपाठ करते डा0 शिवओम अम्बर समृद्धि न्यूज

# सपा अधिवक्ता सभा ने अपनी टीम के साथ की ईवीएम की निगरानी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**समाजवादी** पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के निर्देशानुसार समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव एडवोकेट एवं पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सिराजुल अफाक मुन्ना व प्रदेश सचिव मतीन खान ने अपने साथियों के साथ ईवीएम की निगरानी की। अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बताया कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूर्ण करते हुए रोस्टर के अनुसार मंगलवार को मण्डी में ईवीएम की निगरानी की और कैमरे की नजर से एलईडी पर पूरे दिन सुरक्षा की जानकारी ली। साथ ही पैरामिलेट्री फोर्स द्वारा ईवीएम की निगरानी की जा रही है। वहीं सपा नेता भी मण्डी में ईवीएम की सुरक्षा को लेकर निगरानी कर रहे है। इस मौके पर जिला महासचिव जहान सिंह लोधी व अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान, अखिल कठेरिया के अलावा अमन वर्मा, रोहित यादव, प्रताप यादव, जितेंद्र सिंह, विकास राठौर, बृजेंद्र कुमार, फुरकान अहम, शिव शंकर शर्मा, जमील अहमद आदि लोग मौजूद रहे।



ईवीएम की निगरानी करते सपा नेता समृद्धि न्यूज

## खबरें एक नजर में

### नक्श थिएटर के कलाकार शिमला जाकर नाटक काल कोठरी का करेंगे मंचन



नाटक का मंचन करते नक्श थिएटर के कलाकार

**19 कलाकारों की टीम पांच जून को जनपद से होगी रवाना**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रंगमंचीय संस्था नक्श थिएटर के तत्वाधान में गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला शहर में नाटक काल कोठरी का प्रदर्शन भारत की जानी मानी टीमें तैयार है। जिसमें जनपद की नक्श थिएटर टीम भी 7 जून से 10 जून तक शिमला में एआईएए की तरफ से होने वाले नाटक प्रतियोगिता में फर्रुखाबाद के नाटक कर्मी का अपना प्रदर्शन करने को तैयार है। नक्श थिएटर के कलाकार पिछले दो महीने से स्वदेश दीपक द्वारा लिखित नाटक काल कोठरी की तैयारी का रिहर्सल कर रहे है। कलाकारों के अथक परिश्रम व मेहनत से टीम ने शिमला जाने की तैयारी पूर्ण कर ली है। 19 कलाकारों की टीम शिमला पहुंचकर प्रतिभाग करेगी। प्रसिद्ध सीरियल भाभी जी घर पर है के प्रमुख किरदार मनमोहन तिवारी के आयोजन में कलाकार शिरकत करेगें। मनमोहन तिवारी का रियल नाम रोहिताश गौड़ है। जिनके संयोजन में अखिल भारतीय नाटक प्रतियोगिता का आयोजन ब्रिटिश काल का आडिटोरियम गेयटी थिएटर में किया जाता है। जिसका नेतृत्व डायरेक्टर अमित सक्सेना कर रहे है। उनकी टीम में राजगौरव पाण्डेय, दिलीप कश्यप, शैली सहित 19 कलाकार भाग लेने शिमला जायेंगे।

### कार्यशाला में सिलाई कढ़ाई सीखकर बेटियां बन रही है हुनरबंद



कार्यशाला में सिलाई सीखती छात्रायें समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की ग्रीष्मावकाश कला संस्कृति कार्यशाला में बेटियां हुनर को सीख रहीं हैं। विगत कई वर्षों से लगातार आयोजित हो रही कार्यशाला में कथक, मेंहदी, डांस, ढोलक चित्र कला, हस्त कला, सौंदर्य कला आदि का प्रशिक्षण देकर उन्हें पारंगत किया जा रहा है। मदन मोहन कनोडिया बालिका इण्टर कालेज में आयोजित कार्यशाला में कथक स्नेहा श्रीवास्तव, मेहंदी प्रिया वर्मा, ढोलक किरण त्रिवेदी, डांस में कोमल शर्मा, चित्रकला, हस्तकला नेहा सक्सेना, सौंदर्य कला हेमलता श्रीवास्तव, सिलाई साधना श्रीवास्तव आदि द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला में छात्राएं उत्साह के साथ हुनर सीख रहीं हैं। अध्यक्ष डॉ0 नवनीत गुप्ता ने बताया कि संस्कार भारती की कार्यशाला में हुनर के गुर सिखाए जा रहे हैं। जिससे वह विभिन्न क्षेत्रों में स्वावलंबी बन रहीं हैं। ग्रीष्मावकाश कला संस्कृति कार्यशाला का उद्देश्य बेटियों का आत्म निर्भर बनाना है। इस अवसर पर सचिव कुलभूषण श्रीवास्तव, दिलीप कश्यप, अरविंद दीक्षित, रविंद्र भदोरिया, डॉ0 सर्वेश श्रीवास्त, प्रवेश वर्मा प्रीतू, रामेंद्र कमठान, अर्चना द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# सीएनआई सिटी चर्च में वीबीएस वेकेशन बाइवल का आयोजन

**बच्चों को अनेक गतिविधियों की रोशिना व रिन्वी नोयल ने दी शिक्षा**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सीएनआई सिटी** चर्च में डायसिस ऑफ आगरा की तरफ से वीबीएस वेकेशन बाइवल स्कूल का आयोजन किया गया। 28 मई से 30 मई तक चलने वाले समर वेकेशन में सीएनआई बढ़पुर चर्च, ऑल सोल्स चर्च, रखा चर्च एवं सिटी चर्च के सभी सण्डे स्कूल के बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। मुख्य रुप से मुम्बई से आये रिर्सोस पर्सन रोशिना एवं नैना तथा मेरठ से आई पादरी रिन्वी नोयल ने बच्चों को अनेक गतिविधियों द्वारा भविष्य की योजनाओं को लेकर शिक्षा दी तथा बच्चों के अंदर चर्च, समाज व देश सेवा की भावना को जागृत करके एवं अच्छा नागरिक बनने का मार्ग प्रसस्त किया तथा आपस में प्रेम से रहने की भावना को जागृत किया। प्रतिकूल परिस्थितियों में भी स्थिर रहकर प्रेम तथा सद्भाव बनाये रखने की उत्तम शिक्षा दी। साथ ही बच्चों को गेम्स खिलाये गये। पादरी स्टीफन मसीह ने दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन किया। पादरी जयपाल मैसी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर रंजीत मैसी, शिवानी प्लूमर, एकता मसीह, अंकिता मसीह, सविता आइजैक, शुषमा लाल, अमित राज, अनगील मसीह, राजेश मसीह, मुकेश डेविड, वंदना, रजत सहाय आदि लोग मौजूद रहे।





वीबीएस वेकेशन में भाग लेते बच्चे समृद्धि न्यूज

# विशेष लोक अदालत के लिए लघु अपराधिक एवं एनआई एक्ट मामलों की बैठक सम्पन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में लघु अपराधिक एवं धारा 138 एनआई एक्ट मामलों की लोक अदालत के संबंध में तैयारी बैठक जनपद न्यायाधीश विनय कुमार के निर्देशन में विश्राम कक्ष में सम्पन्न हुई। संचालन अपर जिला जज सचिव संजय कुमार ने किया। लघु एवं अपराधिक, धारा 138 एनआई एक्ट मामलों से संबंधित अधिक से अधिक मामले चिन्हित कर विशेष लोक अदालत में प्रस्तुत करने के अधिकारियों को निर्देश दिये गये। अब तक एनआई एक्ट संबंधित कुल 4 मामले चिन्हित हुए है। एवं लघु के 62 मामलों को चिन्हित किया गया है। तैयारी बैठक में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी धनश्याम शुक्ला, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार, सिविल जज प्रियंका गांधी, सिविल जज जयवीर सिंह आदि न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद न्यायिक अधिकारी

# समर कैम्प में बच्चों ने दिखायी अपनी प्रतिभा

**विद्यालय के चेयरमैन ने बच्चों का किया उत्साहवर्धन**



समर कैम्प में कम्प्यूटर सीखते बच्चे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**गर्मियों की** छुट्टी का सद्पयोग करने के लिए हाता करम खां स्थित अनन्त पब्लिक स्कूल में समर कैम्प का आयोजन किया गया। बच्चों को कम्प्यूटर, डांस, इंग्लिश स्पीकिंग एवं विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। समर कैम्प एक सप्ताह से चल रहा है। जिसका समापन 30 मई को होगा। विद्यालय के चेयरमैन अंचल मनी राजपूत ने बताया कि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा का निखार करने के लिए समर कैम्प का आयोजन किया गया है। प्रतिदिन अभिभावकों के साथ बच्चे आकर अपनी पसंद के अनुसार विधा में भाग ले रहे है। प्रतिष्ठित अध्यापक व अध्यापिकाओं द्वारा बच्चों को हुनरबंद बनाया जा रहा है। प्रशिक्षण देने वाली शिक्षिका, अल्का, कीर्ति, रोशनी, आदित्य, अरुण, अमन ने प्रशिक्षण दिया। बच्चों ने कम्प्यूटर एवं डांस विधा में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

# मां-बाप का साया उठ जाने पर बेटियों को सरकारी सहायता दिलाने हेतु बाल संरक्षण अधिकारी ने किया प्रयास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मां-बाप का** तीन बेटियों के सिर से साया हट जाने को लेकर प्रशासन गंभीर हुआ। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन ने बरगदिया घाट निवासी स्व0 राजेश जाटव के घर पहुंच कर तीनों बेटियों प्रीती 17 वर्ष, मोहिनी 9 वर्ष एवं परी 4 वर्ष का हाल चाल पूंछा और उनके चाचा राजन कुमार एवं चाची स्वीटी से जानकारी की। उनके द्वारा बताया गया कि तीनों बेटियों की माता का देहांत नवम्बर 2023 में हो गया था और अब पिता का भी 21 मई 2024 को एक्सीडेंट हो गया। जिसमें उनकी मृत्यु हो गई। तीनों बेटियों के सर से मां बाप का साया उठ गया। संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने बेटियों के पालन पोषण के लिए उन्हें स्पॉन्शरशिप योजना की जानकारी प्रदान की और बेटियों के आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, उनके माता पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र एवं बच्चों का बैंक खाता खुलवाने के लिए कहा। सचिन सिंह ने बताया कि मृतक राजेश जाटव की तीन में से दो बेटियों को वह स्पॉन्सरशिप योजना के तहत 4000 रुपए प्रति माह प्रति बालिका के लिए कुल 8000 रुपए प्रति माह का लाभ दिलवाने का प्रयास करेंगे। जिससे मृतक राजेश जाटव की तीनों बेटियों का भरण पोषण करने में उनके चाचा राजन को कोई कठिनाई नहीं होगी। मृतक राजेश के दो छोटे भाई राजन और राकेश हैं। दोनो विवाहित हैं तथा राजन की एक मात्र संतान पुत्री है और राकेश की दो संताने एक पुत्र और पुत्री है। दोनो भाई मकान आदि की पुताई का कार्य करते हैं।



पीड़ित परिवार से जानकारी लेते बाल संरक्षण अधिकारी

# प्रधानाचार्य परिषद की बैठक में नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री संदीप चतुर्वेदी का किया गया स्वागत

**समस्याओं को लेकर डीआईओएस को सौंपा जायेगा ज्ञापन**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**एनएकेपी बालिका** इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य परिषद की जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनपद के प्रधानाचार्यो की समस्याओं पर विचार किया गया। डॉ0 संदीप कुमार चतुर्वेदी को प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर परिषद के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया। संदीप चतुर्वेदी ने कहा कि मुझे जो प्रदेश नेतृत्व द्वारा दायित्व मिला है उसका मैं प्रधानाचार्यों की समस्याओं का निराकरण के लिए तैयार हूं। किसी भी प्रधानाचार्य को मेरी जरुरत हो तो तुरन्त मुझे सूचित करें मैं हर समय तैयार रहूंगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, महामंत्री डा0 बृजभूषण सिंह, वीरेंद्र कुमार मिश्रा, सुमन त्रिपाठी, इंदु मिश्रा, विनीत चौहान, रामकिशोर मिश्रा, खालिद रऊफ खां आदि उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रधानाचार्यों की समस्याओं के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौपा जाएगा। जुलाई माह में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की संयोजिका इंदु मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया।



डा0 संदीप चतुर्वेदी का स्वागत करते प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारी

# हनुमान मंदिर से घंटा चोरी, पुलिस ने चोर को दबोचा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**कोतवाली** फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत भारत पेट्रोल पंप के निकट एक मंदिर से अज्ञात चोरों द्वारा घंटा चोरी कर लिया गया। सुबह जब राहगीरों ने देखा कि मंदिर का घंटा अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया, तो काफी भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। पुलिस ने सुरागरसी कर चोर को दबोच लिया। पुलिस ने उससे पूछताछ, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। वहीं पुलिस का कहना था कि किसी की ओर से कोई लिखित प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया।



पुलिस हिरासत में चोर

# फायर ब्रिगेड अधिकारी को मेगा शॉप मार्ट में निरीक्षण के दौरान मिली खामियां

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**लालगेट पांचाल** रोड स्थित दो दिन पूर्व खुले मेगा शॉप मार्ट में फायर ब्रिगेड अधिकारी ने निरीक्षण किया। मंगलवार को दोपहर निरीक्षण करने आये फायर ब्रिगेड अधिकारी विजय प्रकाश त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। उन्हें मेगा शॉप मार्ट में अनिमिततायें मिली। पूरे मार्ट में आग बुझाने के मात्र दो सिलेंडर ही दिखे। जिन्हे चलाने का भी तरीका कर्मचारियों को पता नहीं था। मार्ट में लगी एसी का ऑक्सीजन किधर जाता है उसके बारे में जानकारी ली। आपातकालीन गेट पीछे बना होता है वह भी नहीं था। अलार्म आदि की व्यवस्था भी न होने के कारण अनिमिततायें पायी गई। साथ ही कई अन्य अनिमितताओं के चलते फायर ब्रिगेड अधिकारी ने नाराजगी जतायी। अनिमिततायें पूरी न हुई तो नवनियुक्त मेगा शॉप के खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। निरीक्षण के दौरान मेगा शॉप का मालिक व मैनेजर भी अनुपस्थित थे। कर्मचारियों के भरोसे मेगा शॉप में कभी अनहोनी हुई तो जिम्मेदार कौन होगा। इसको लेकर मेगा शॉप मार्ट पर कार्यवाही की तलवार लटकने लगी है।





मेगा शॉप में निरीक्षण करते फायर ब्रिगेड अधिकारी

# कृष्ण जन्म कथा सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सेवा परमो** धर्म फाउंडेशन के तत्वाधान में शहर के पाण्डेश्वर नाथ मंदिर में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा बजरंगी महाराज ने अपने मुखारबिन्दु से ध्रुव, प्रहलाद चरित्र एवं समुद्र मंथन एवं बलि वामन भगवान के साथ राम-कृष्ण की कथा का वर्णन किया। पाण्डेश्वरनाथ मंदिर में चल रही कथा में बजरंगी महाराज ने कहा कि देवकी के 6 पुत्रों की कंस द्वारा हत्या की जाती है। उसके जब स्वयं नारायण ने जन्म लेने के लिए देवकी के गर्व में अंश रुप में प्रवेश किया तो ब्रह्मा आदि देवताओं ने स्तुति की। माता देवकी को ईश्वर की उपस्थिति का आभास हो गया था। इसलिए उनका मन शांत था। जब भगवान कृष्ण के जन्म का समय आया तो प्रकृति सभी गुणों से मुक्त होकर सर्वण शोभायमान हो रहा था। गृह नक्षत्रों का उपद्रव शांत था। ऐसे में असुर कंस भयभीत था। सभी दिशाये आकाश, पृथ्वी निर्मल होकर कार्यरत थे। नदिया प्रसन्न थी, वायु का स्पर्श सुखर था। हम सबको अपने जीवन में कृष्ण को लाना चाहिए। हमें स्वयं के आचरणों को पवित्र करना होगा। कृष्ण का अर्थ है कर्षपति इति कृष्ण यानी जो आकृर्षित करें, लेकिन आपको स्वयं ईश्वर को आकर्षित करना होगा। इसके लिए सदाचरण की आवश्यकता है।

कृष्ण जन्म कथा सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। फाउंडेशन के अध्यक्ष के केदार शाह व पंकज पाठक, आदित्य राना ने व्यवस्था देखी। आचार्य संजीव मिश्रा, आचार्य प्रदीप बाजपेयी ने वैदिक विधान से पूजन अर्चन कराया। अतुल रस्तोगी ने यजमान के रुप में पूजन किया। आरती व प्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन हुआ।



प्रवचन करते बजरंगी महाराज व मौजूद भक्तगण समृद्धि न्यूज

# हर्ष राज हत्याकांड के विरोध में छात्रों का बवाल

## कारगिल चौक पर आगजनी, पुलिस ने हर्ष राज हत्याकांड के मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

▸ हालात को काबू में करने के लिए पुलिस ने किया लाठीचार्ज

एजेंसी

**पटना (बिहार)।** राज्य की राजधानी पटना में हर्ष राज हत्याकांड से गुस्साए छात्रों ने मंगलवार को भारी बवाल शुरू कर दिया। छात्रों ने कारगिल चौक पर आगजनी कर सड़क पर जाम लगा दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने हालात को काबू में करने के लिए प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। इस बीच पुलिस ने हर्ष राज हत्याकांड के मुख्य आरोपित गिरफ्तार कर लिया है।

बेखौफ बदमाशों ने बीते सोमवार को बीएन कॉलेज के छात्र हर्ष राज की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। हर्ष परीक्षा देकर कॉलेज से निकल रहा था, तभी बदमाशों ने उसके ऊपर हमला बोल दिया और उसे मौत के घाट उतार दिया। दिनदहाड़े कॉलेज कैंपस में पीट-पीटकर छात्र की हत्या के बाद सनसनी फैल गई। पुलिस ने इस घटना को चुनौती के रूप में लिया है।



पुलिस ने हर्ष राज की हत्या के मुख्य आरोपित चंदन यादव को पटना के बिहटा स्थित अमहरा से गिरफ्तार लिया गया है और अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम चार जिलों में छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार चंदन यादव पटना कॉलेज में बीए फाइनल इयर का छात्र है और जैक्सन हॉस्टल में रहता है।पूछताछ के दौरान चंदन यादव ने पुलिस को बताया है कि मिलर हाई स्कूल में डांडिया नाइट कार्यक्रम के दौरान उसका विवाद हुआ था और उसी विवाद में इस वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। हर्ष राज ने पिछले साल पटना के मिलर हाई स्कूल में डांडिया नाइट का आयोजन किया था। इस आयोजन में पटना विश्वविद्यालय के सैकड़ों छात्र शामिल हुए थे। इसी कार्यक्रम में पटेल और जैक्सन हॉस्टल के छात्रों का हर्ष राज के बाउंसर के साथ मारपीट हो गई थी, जिसमें एक छात्र का सिर फट गया था। इसी घटना को लेकर हर्ष की हत्या की साजिश रचने की बात आरोपित ने पुलिस के सामने स्वीकार की है। उल्लेखनीय है कि हर्ष राज का सियासी कनेक्शन भी रहा है। हर्ष राज बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी के परिवार के काफी करीब था। अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी हर्ष को भाई मानती थी। हर्ष शाम्भवी के लिए समस्तीपुर में चुनाव प्रचार के दौरान मौजूद रहा था। हर्ष राज पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ का चुनाव भी लड़ना चाहता था।

### तेजस्वी ने लॉ एंड ऑर्डर पर उठाया सवाल



पटना यूनिवर्सिटी के लॉ कॉलेज में लाठी-डंडे से पीटकर छात्र हर्ष कुमार की हत्या पर तेजस्वी यादव ने मंगलवार को पटना में कहा कि यह बहुत ही दुखद है। बिहार में जब से एनडीए की सरकार आई है तब से लॉ एंड ऑर्डर बद से बदतर हो गई है। इन लोगों का प्रशासन पर कोई कंट्रोल नहीं रह गया है। एक छात्र को बेरहमी से मार डाला गया। उसके परिवार के प्रति मेरी पूरी संवेदना है। तेजस्वी ने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्हें जल्द से जल्द सजा भी दिलानी चाहिए। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि जितना ज्यादा अपराध बढ़ता है भाजपा के लोगों को उतना अच्छा लगता है। सृजन घोटाले में क्या हुआ, बालिका गृह कांड में क्या हुआ, इन सबमें कोई कार्रवाई नहीं हुई। वो तो हम लोगों ने आंदोलन किया तब जाकर कार्रवाई हुई।

# अब तक 62 तीर्थयात्रियों की मौत, केदारनाथ से सबसे ज्यादा 30 लोगों ने तोड़ा दम

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** उत्तराखंड चारधाम यात्रा शुरू होने के 19 दिन में 62 तीर्थयात्रियों ने दम तोड़ दिया है। इसमें सबसे ज्यादा 30 तीर्थयात्रियों की मौत केदारनाथ में हुई है। अधिकतर तीर्थयात्रियों की मौत हार्टअटैक और पल्मोनरी एडिमा (फेफड़ों के वायु कोशिकाओं में तरल पदार्थ की मात्रा अधिक होने) के कारण हुई है।

चारधाम बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री यमुनोत्री उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्थित है, जहां पर ठंड के साथ ऑक्सीजन की कमी से सांस से संबंधित दिक्कतें आती हैं। 10 मई से शुरू हुई चारधाम यात्रा में 19 दिनों में हृदय गति रुकने, पल्मोनरी एडिमा, हाईपोथर्मिया (शरीर का तापमान कम होने पर हृदय गति रुक जाती है) और सिर पर गंभीर चोट से अब तक 62 तीर्थयात्रियों की मौत हो चुकी है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र देहरादून की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार अब 12,27,545 तीर्थयात्री चारधाम यात्रा पर आ चुके हैं। इसमें से 62 तीर्थयात्रियों की मौत विभिन्न कारणों से हो चुकी है। ज्यादातर की मौत हृदय गति रुकने से हुई है। चारधाम यात्रा को लेकर रुद्रप्रयाग जनपद के प्रभारी सचिव और स्वास्थ्य सचिव डॉ आर. राजेश ने बताया कि यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की नियमित स्क्रीनिंग की जा रही है।



### तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य विभाग की सलाह

स्वास्थ्य विभाग ने यात्रा पर आ रहे तीर्थयात्रियों को उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्वास्थ्य को लेकर एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं। इसमें केदारनाथ और यमुनोत्री धाम में पैदल चढ़ते समय प्रत्येक एक से दो घंटे के बाद पांच से 10 मिनट तक विश्राम करें। यात्रा के लिए गर्म कपड़े, बारिश से बचाव के लिए रेनकोट, छाता, स्वास्थ्य जांच के लिए पल्स ऑक्सीमीटर, थर्मामीटर साथ रखें। हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, अस्थमा, मधुमेह से ग्रसित यात्री जरूरी दवा और डॉक्टर का नंबर पास रखें। यात्रा के दौरान सीने में दर्द, सांस की तकलीफ, चक्कर अथवा उल्टी आने पर नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या मेडिकल रिलीफ में प्राथमिक उपचार लें।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले दो, चार दिवसीय मैचों की श्रृंखला खेलेगी ऑस्ट्रेलिया-भारत की ए टीमें

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ए और भारत ए की बीच दो मैचों की चार दिवसीय श्रृंखला इस साल के अंत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले होगी, जो भारतीय टीम की तैयारी और दोनों पक्षों के खिलाड़ियों के लिए टेस्ट चयन के लिए दावा पेश करने का मौका है। दोनों टीमों के बीच पहला मैच 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक मैके के ग्रेट बैरियर रीफ एरेना में और दूसरा मैच 7 से 10 नवंबर तक एमसीजी में खेला जाएगा।

भारतीय टीम, जिसमें मुख्य टूर पार्टी और ए टीम दोनों शामिल हैं, पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में 22 नवंबर से शुरू होने वाले शुरुआती टेस्ट से पहले 15 से 17 नवंबर के बीच वाका में आंतरिक अभ्यास कार्यक्रम आयोजित करेगी। ऑस्ट्रेलिया के दृष्टिकोण से, दो



ए मैच पाकिस्तान के खिलाफ वनडे और टी20 ई के साथ ओवरलैप होंगे, इसलिए चयनकर्ताओं को यह तय करने की आवश्यकता हो सकती है कि क्या सफेद गेंद वाली टीमों में कोई खिलाड़ी शामिल है जो संभावित रूप से ए टीम के लिए खेल सकता है। शेफ़ील्ड शील्ड मुक़ाबलों में भी उनकी भिड़ंत होने की संभावना है। भारत के साथ होने वाली श्रृंखला को देखते हुए पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 में ऑस्ट्रेलिया के किसी भी टेस्ट खिलाड़ी के शामिल होने की संभावना नहीं है। हालांकि संकेत मिले हैं कि स्टीवन स्मिथ सलामी बल्लेबाज बने रहेंगे, लेकिन भारत के खिलाफ सीरीज से पहले ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी क्रम की संरचना पर अभी भी बहस हो सकती है। ए मैच कैमरून बैनक्रॉफ्ट, मार्कस हैरिस और मैट रेनशॉ जैसों के लिए अपने दावों को आगे बढ़ाने का मौका हो सकता है। पिछले सीज़न में पाकिस्तान ने टेस्ट सीरीज़ से पहले कैनबरा में प्रधान मंत्री XI का सामना किया था, जो प्रभावी रूप से ऑस्ट्रेलिया ए टीम थी।2020-21 में ऑस्ट्रेलिया के उनके पिछले दौरे पर, टेस्ट सीरीज़ से पहले ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो अभ्यास मैच भी थे। भारत ने वह सीरीज 2-1 से जीती थी। भारत की महिला टीम भी दिसंबर की शुरुआत में तीन वनडे मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर रही है जो एडिलेड में दूसरे पुरुष टेस्ट के आसपास खेला जाएगा।

## पीएमएल-एन के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) का निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार चैनल एआरवाई न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में इस आशय की जानकारी दी है। उल्लेखनीय है कि पनामा पेपर्स केस में पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कारण शरीफ को छह साल के लिए पीएमएल-एन का अध्यक्ष पद गंवाना पड़ा था। नवाज शरीफ के खिलाफ किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। पार्टी के सामान्य परिषद सत्र के दौरान नवाज शरीफ को पीएमएल-एन का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। सत्र में कश्मीर, फिलिस्तीन और अन्य मामलों पर प्रस्तावों को भी मंजूरी दी जाएगी। पीएमएल-एन ने पहले 11 मई को राष्ट्रपति चुनाव के लिए पार्टी की सामान्य परिषद की बैठक आयोजित करने की घोषणा की थी।

# तंबाकू की लत छुड़ाने में एनआरटी है कारगर उपाय : डॉ. दीप्तांशु

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारत में तंबाकू का सेवन करने वाले साढ़े तेरह लाख लोग हर साल मौत के घाट उतर जाते हैं। हैरत की बात है कि शरीर को इससे होने वाले नुकसान के बारे में जानते हुए भी लोग इसका सेवन बंद नहीं कर पाते, इसका सबसे बड़ा कारण है लत, जो और कुछ नहीं, बल्कि तंबाकू में पाया जाने वाला निकोटीन है।

इस विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर लखनऊ के जाने-माने मनोचिकित्सक डॉ. दीप्तांशु अग्रवाल ने तंबाकू छोड़ने के प्रभावी तरीके के रूप में निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी के मूल्य पर प्रकाश डालते हुए कहा तंबाकू की लत लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर करने लगती है। निकोटीन मस्तिष्क पर एक शक्तिशाली पकड़ बना लेता है, जिससे धूम्रपान करने वालों के लिए इसे छोड़ना बेहद कठिन हो जाता है। ऐसे में, एनआरटी सबसे



कारगर उपाय है। यह तंबाकू के धुएँ में पाए जाने वाले हानिकारक विषाक्त पदार्थों के बिना निकोटीन प्रदान करता है। यह पैच, मसूड़ें, लोज़ेंग, इनहेलर और नोज़ स्प्रे में उपलब्ध है, जिससे लत छोड़ने में काफी मदद मिलती है। रुसान फार्मा की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, मालविका कौरा सक्सेना ने कहा, तंबाकू पर रोक लगाने के लिए कड़े नियमों का पालन करने की सख्त आवश्यकता है। निकोटीन ट्रांसडर्मल पैच जैसे निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी तंबाकू की लत छुड़ाने में कारगर साबित हो सकती है। लोगों को तंबाकू की आदत छोड़ने में मदद करना हमारे समाज के लिए बेहद कारगर साबित हो सकता है।

## खबरें एक नजर में

### पंजाब ले जाया जा रहा 450 किलोग्राम गांजा जब्त

**झांसी।** रक्सा थाना की पुलिस और स्वॉट टीम ने सयुंक्त कार्रवाई करते हुए सोमवार की आधी रात को एक ट्रक को रोककर तलाशी ली। ट्रक में छिपाकर ले जाया जा रहा 450 किलो ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। गांजे की खेप चावल की बोरियों के बीच रखकर उड़ीसा से पंजाब ले जायी जा रही थी। दो तस्करों को पुलिस ने दबोचा है। गांजा की कीमत एक करोड़ 12 लाख रुपये है। एसपी सिटी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह ने मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों को बताया कि आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर जनपद में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। देर रात स्वाट टीम और रक्सा थाना पुलिस ने टोल टैक्स के पास एक संदिग्ध ट्रक (पीबी 10 जेई 5653) को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर चालक अपने साथी संग ट्रक को छोड़कर भागने लगा। पुलिस ने दोनों को दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस ने जब ट्रक की तलाशी ली तो उसके अंदर रखी चावल की करीब 300 बोरियों के बीच बड़े-बड़े पैकेटों को छिपाकर रखा गया 450 किलो ग्राम गांजा बरामद किया है। पकड़े गए दोनों तस्करों ने अपने नाम पटियाला निवासी अजय और लुधियाना का रहने वाला विशाल के रूप में किया है। अपना जूर्म स्वीकारते हुए उन्होंने पुलिस को बताया कि वे लोग गांजा तस्करी करने का काम करते हैं। गांजा उड़ीसा से पंजाब ले जा रहे थे। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### पिथौरागढ़ में भूकंप का हल्का झटका

**पिथौरागढ़/नैनीताल।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में मंगलवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किये गये। किसी प्रकार के किसी नुकसान की सूचना नहीं है। पिथौरागढ़ के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेश महर के अनुसार पिथौरागढ़ में मंगलवार सुबह 06.43 मिनट पर भूकंप का हल्का झटका महसूस किया गया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 3.1 मापी गयी।इसका केन्द्र उच्च हिमालयी क्षेत्र में मिलम में बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि झटका बहुत मामूली-सा था। लोगों को भूकंप के झटके का अहसास तक नहीं हुआ। उन्होंने आगे बताया कि जिले में किसी प्रकार के नुकसान की भी सूचना नहीं है।

### फ्रैंकलिन इंडस्ट्रीज का 38.83 करोड़ का राइट्स इश्यू खुला

**अहमदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कृषि वस्तुओं के व्यापार और कांट्रैक्ट फार्मिंग सर्विसेज देने वाली गुजरात आधारित कंपनी फ्रैंकलिन इंडस्ट्रीज लिमिटेड का 38.83 करोड़ का राइट्स इश्यू 24 मई को खुल गया है। इश्यू के माध्यम से जुटाए गए धन का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने, कंपनी की विस्तार योजनाओं में पूंजी लगाने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों की पूर्ति हेतु किया जाएगा। राइट्स इश्यू के तहत 24 मई, को बंद भाव 7.50 रुपए प्रति शेयर के मुकाबले 3.58 रुपये का भाव तय किया गया है और राइट्स इश्यू 11 जून को बंद हो जाएगा। कंपनी 3.58 प्रति इक्विटी शेयर (2.58 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित) के भाव पर 1 रुपए फेसवैल्यू के नगद 10,84,50,000 पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर जारी करेगी। प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए (रिकॉर्ड तिथि – 13 मई को इक्विटी शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 1 पूर्ण भुगतान वाले इक्विटी शेयर के लिए 1 रुपये के फेसवैल्यू के 3 राइट्स इक्विटी शेयर) राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 3:1 पर तय किया गया है। ऑन-मार्केट राइट्स एंटाइटेलमेंट के त्याग की अंतिम तिथि 5 जून है।

### अश्लील वीडियो प्रकरण में फंसे मंत्री हों बर्खास्त : जाखड़

**चंडीगढ़।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री का अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने आज मुख्यमंत्री भगवंत मान तथा आआपा सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को घेरते हुए मंत्री को बर्खास्त किए जाने की मांग की है। पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने जालंधर में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद हजारों करोड़ का नुकसान हो गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब के एक मंत्री की पिछले साल भी वीडियो वायरल हुई थी। मंत्री पर कार्रवाई की बजाय मुख्यमंत्री ने उन्हें बचाते हुए एसआईटी का गठन कर दिया। आज तक एसआईटी की रिपोर्ट में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अब कैबिनेट मंत्री बलकार सिंह के वीडियो ने पंजाब की पोर्न पार्टी की असलियत सबके सामने ला दी है। मुख्यमंत्री मान अगर सच्चे हैं तो उन्हें दागी मंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। पंजाब भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कहा कि हम सभ्य समाज के लोग हैं। पहले भी ऐसे कई मंत्रियों पर इल्जाम लगे हैं लेकिन इस पर कार्रवाई करने की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री मान की है। सुनील कुमार जाखड़ ने कहा कि पीएम मोदी के सामने मैंने पंजाब की नस्ल और पंजाब की फसल बचाने के लिए मुद्दे रखे हैं। पंजाब में आआपा को लोगों ने 92 सीटें दीं लेकिन पूरे राज्य में नशा आगे से ज्यादा बिक रहा है। राज्य में लोगों को आम आदमी पार्टी ने काफी निराश किया है।

# फसल बीमा योजना सुकृति अब 20 राज्यों में उपलब्ध

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने मंगलवार को अपने प्रमुख फसल बीमा उत्पाद सुकृति के साथ-साथ प्रकृति को भारत के 20 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में उपलब्ध कराने की घोषणा की। अब, भारत की जीडीपी में लगभग 15त्न योगदान देने वाले किसान अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं क्योंकि मानसून के आगमन के साथ ही खरीफ की बुवाई का महत्वपूर्ण समय आरंभ होता है।

क्षेमा सुकृति की विस्तृत पहुंच किसानों और उनके परिवार के उन सदस्यों के लिए एक वरदान है, जिनकी बीमायोग्य आय होती है। वे मुफ्त में पंजीकरण कर सकते हैं और केवल 499 रुपये प्रति एकड़ की दर से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। किसान क्षेमा ऐप पर लॉग-इन करके सुकृति को कुछ आसान स्टेप्स में खरीद सकते हैं, जो भारत का पहला और एकमात्र स्वनिर्धारित फसल बीमा उत्पाद है। सुकृति किसानों को नौ जोखिमों में से एक मुख्य और एक सहायक परिस्थिति का चयन करने का विकल्प देती है। यह खूबी उन्हें उन परिस्थितियों का चयन करने में सहायता करता है जो उनकी फसल को, जलवायु, क्षेत्र, खेत का स्थान, अन्य ऐतिहासिक प्रवृत्तियों आदि के आधार पर, सबसे ज्यादा प्रभावित कर सकती हैं। कवर किए गए जोखिमों में चक्रवात, जल-जमाव (जलप्रिय फसलों के लिए लागू नहीं), बाढ़, ओलावृष्टि शामिल हैं, जबकि छोटे जोखिमों में भूकंप, भूस्खलन, बिजली से लगी आग, जानवरों का हमला (बंदर, खरगोश, जंगली सूअर, हाथी) और विमान से होने वाले नुकसान शामिल हैं। सुकृति अब किसानों और उनके परिवार के बीमा योग्य आय रखने वालों सदस्यों के लिए और भी आकर्षक हो गई है। वे अब अपने घर से ही सुकृति खरीद सकते हैं और 100 से अधिक मौसमी फसलों का बीमा करा सकते हैं। यह योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित किसी भी अन्य बीमा योजना की तुलना में अधिक फसलों को कवर करती है।

## रोनाल्डो ने तोड़ा सऊदी प्रो लीग के एक सीजन में सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड

**रियाद।** पुर्तगाल और अल नासर के स्टार के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग के एक सीज़न में सबसे अधिक गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया है। सऊदी प्रो लीग मैच में सोमवार को रोनाल्डो ने पहले हाफ के स्टॉपेज समय में और बाद में 69वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को अल इत्तिहाद के खिलाफ 4-2 से जीत दिला दी।

इन दो गोलों के साथ, मौजूदा सऊदी प्रो लीग सीज़न में रोनाल्डो के गोलों की संख्या कुल 35 गोल तक पहुंच गई, जिससे उन्होंने 2018-19 सीज़न में मोरक्को के अब्देर्राज़क हमदल्ला द्वारा बनाए गए 34 गोलों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। रिकॉर्ड तोड़ने के बाद उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, ÷मैं रिकॉर्ड्स का अनुसरण नहीं करता, रिकॉर्ड मेरा अनुसरण करते हैं। शुक्रवार को किंग कप के फाइनल में जब अल नासर का सामना अजेय टीम अल-हिलाल से होगा तो रोनाल्डो एक्शन में दिखेंगे। क्लब ने दिसंबर 2022 में रोनाल्डो के साथ अनुबंध किया।

# अपोलोमेडिक्स ने ट्रैफिक पुलिस के 100 से ज्यादा जवानों को सीपीआर कार्यशाला में दिया प्रशिक्षण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अपोलोमेडिक्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपने हॉस्पिटल परिसर में लखनऊ ट्रैफिक पुलिस के 100 से अधिक जवानों को एक सीपीआर वर्कशॉप में प्रशिक्षण दिया। यह वर्कशॉप हॉस्पिटल की पहल संजीवनी के अंतर्गत आयोजित की गई। इस पहल का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं या अन्य आपातकालीन स्थितियों में पीड़ितों की जान बचाने के लिए पुलिसकर्मियों को जीवनरक्षक कौशल से लैस करना है।

इस अवसर पर। लखनऊ ट्रैफिक पुलिस से कमलेश कुमार दीक्षित पुलिस उपायुक्त, यातायात, अजय कुमार अपर पुलिस उपायुक्त यातायात, इंद्रपाल सिंह सहायक पुलिस आयुक्त, शिवाजी सिंह सहायक पुलिस आयुक्त यातायात, सुबोध कुमार जायसवाल सहायक पुलिस आयुक्त यातायात और श्री जेएन अस्थाना सहायक पुलिस आयुक्त यातायात उपस्थित थे। वर्कशॉप में अपोलोमेडिक्स




सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने प्रतिभागियों को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) की बुनियादी बातें सिखाईं, जिसमें छाती संपीड़न और बचाव के लिए सांसें देना भी शामिल है। सीपीआर एक जीवन रक्षक तकनीक है जिसका उपयोग हृदय गति रुकने पर किसी व्यक्ति की जान बचाने के लिए किया जाता है। वर्कशॉप में भाग लेने वाले ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने सीखी गई तकनीकों के बारे में उत्साह व्यक्त किया। अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल के सीईओ एवं एमडी डॉ मयंक सोमानी ने कहा, सड़क दुर्घटना और आपात स्थिति में यदि तुरंत सीपीआर प्रदान किया जाता है, तो यह किसी की जान बचा सकता है। सीपीआर एक सरल तकनीक है जिसे कोई भी सीख सकता है। यह जानना महत्वपूर्ण है कि आपातकालीन स्थिति में इसका उपयोग कैसे किया जाए।÷ उन्होंने यह भी कहा कि ट्रैफिक पुलिस अधिकारी अक्सर मेडिकल इमरजेंसी के पहले उत्तरदाता होते हैं, इसलिए उनके लिए सीपीआर प्रशिक्षण प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। अपोलोमेडिक्स सामाजिक पहल संजीवनी के तहत समाज के हर व्यक्ति को सीपीआर सिखाकर जीवन रक्षक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम ऐसे आयोजन लगातार करते रहते हैं और भविष्य में भी ऐसी वर्कशॉप समाज के अन्य वर्गों के लिए आयोजित की जाएंगी।

# चक्रवात रेमल प. बंगाल में छोड़ गया तबाही के निशान

▸ छह की मौत, 29 हजार घर क्षतिग्रस्त

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में चक्रवाती तूफान रेमल तबाही के निशान छोड़ गया। इस तूफान के कहर में छह लोगों की जान चली गई। राज्य के 24 प्रखंड और 79 नगरपालिका वार्ड में करीब 29 हजार 500 घर आंशिक या पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इनमें से अधिकतर दक्षिणी तटीय इलाकों में हैं।

आपदा प्रबंधन विभाग के एक अधिकारी ने आज यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा राज्य के विभिन्न हिस्सों में दो हजार 140 से अधिक पेड़ उखड़ गए और लगभग एक हजार 700 बिजली के खंभे गिर गए। शुरुआती आकलन है कि 27 हजार घर आंशिक रूप से और दो हजार 500 पूरी तरह से



क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अभी आकलन जारी है। इसलिए यह आंकड़े बढ़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने दो लाख सात हजार 60 लोगों को एक हजार 438 सुरक्षित आश्रयों में पहुंचाया। वर्तमान में वहां 77 हजार 288 लोग हैं। इस समय 341 रसोई के माध्यम से उन्हें खाना पहुंचाया जा रहा है। तटीय और निचले इलाकों में प्रभावित लोगों को 17 हजार 738 तिरपाल वितरित किए गए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में काकद्वीप, नामखाना, सागर द्वीप, डायमंड हार्बर, फ्रेजरगंज, बक्खली और मंदारमनी शामिल हैं। चक्रवात के कारण तटबंधों में मामूली दरारें आ गई थीं। उनकी मरम्मत कर दी गई। इस अधिकारी ने कहा कि अब तक तटबंध टूटने की कोई सूचना नहीं मिली है। चक्रवात के कारण अब तक छह लोग जान गंवा चुके हैं। कोलकाता में एक, दक्षिण 24 परगना जिले में दो महिलाएं, उत्तर 24 परगना जिले में एक और पूर्व मेदिनीपुर में पिता-पुत्र की मौत हो चुकी है। तटीय क्षेत्रों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। पश्चिम बंगाल और पड़ोसी बांग्लादेश दोनों जगहों पर महत्वपूर्ण बुनियादी संरचनाओं को क्षति पहुंची है।

### मुख्यमंत्री ने चक्रवात से हुए नुकसान का लिया जायजा

**गुवाहाटी।** बंगाल की खाड़ी के उत्तर से असम और पूर्वोत्तर में चक्रवात रेमल का व्यापक प्रभाव देखने को मिला। भारी बारिश और तेज हवाओं से दो दिन से राज्य में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने ओडिशा से स्थिति का आंकलन करने के लिए राज्य के मुख्य सचिव से बात की और राहत, पुनर्वास और एहतियाती उपायों की कड़ी निगरानी का निर्देश दिया। दरअसल, मुख्यमंत्री डॉ सरमा इस समय ओडिशा में हैं। उन्होंने वहीं से चक्रवात के प्रभाव का जायजा लिया और प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए राज्य के मुख्य सचिव से बात की। साथ ही उन्होंने नुकसान की रिपोर्ट भी मांगी है। मुख्यमंत्री ने मोरीगांव जिले के धूपगुड़ी क्षेत्र के एक छात्र कौशिक एम्फी की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। तूफान के दौरान पेड़ गिरने से मौके छात्र कौशिक और एक अन्य पुतुल गोगोई की मौत हो गई। गेरुकामुख में एनएचपीसी परियोजना स्थल पर भूस्खलन में जिसकी मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री ने राज्य के मुख्य सचिव को प्रभावित परिवारों को सभी आवश्यक सहायता और घायलों का समय पर इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्य सचिव स्थिति का आकलन करने और एहतियाती निगरानी के लिए आज शाम पुलिस महानिदेशक की उपस्थिति में जिला आयुक्तों और असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस करेंगे। बैठक में घरों और संपत्तियों के हुए नुकसान का त्वरित आकलन किया जाएगा और तत्काल राहत प्रदान करने के उपाय किए जाएंगे। इस बीच, मुख्य सचिव ने जिला आयुक्तों को राज्यभर में व्यस्त यात्री नौका घाटों का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण करने का निर्देश दिया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी एहतियाती कदम उठाए गए हैं।

## इंडी गठबंधन की आखिरी बैठक से तृणमूल ने बनाई दूरी

**कोलकाता।** विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलांयस' की 1 जून को दिल्ली में होने वाली बैठक से तृणमूल ने दूरी बना ली है। बैठक में घटक दलों के नेता लोकसभा चुनाव में अपने प्रदर्शन का आंकलन करने के साथ-साथ चुनाव परिणाम से पहले अपनी रणनीति बनाने पर चर्चा कर सकते हैं। एक जून को ही लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण का मतदान होना है। मतगणना चार जून को होगी। पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मतदान और मतगणना की व्यवस्था के मद्देनजर दिल्ली में होने वाली बैठक में शिरकत नहीं करेंगी। चुनाव से पहले गठबंधन बनने के बाद इससे कुल 28 दल जुड़े थे, लेकिन लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जनता दल और पश्चिमी यूपी में असर रखने वाली राष्ट्रीय लोक दल जैसी कुछ पार्टियां राजग में शामिल हो गईं।

# ग्लेनमार्क फार्मा के हाईपरटेंशन अवेयरनेस मंथ का हुआ समापन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रमुख शोध-आधारित, ग्लोबल फार्मास्यूटिकल कंपनी, ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (ग्लेनमार्क) मई महीने में हाईपरटेंशन अवेयरनेस मंथ (उच्च रक्तचाप जागरूकता माह) मना रहा है। इसके लिए ग्लेनमार्क ने देश भर के 250 से अधिक शहरों और कस्बों के 1000 से अधिक हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स (एचसीपी) के साथ साझेदारी की।

इसके साथ ही, 400 से अधिक सार्वजनिक जागरूकता रैलियों और जांच शिविरों का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य उच्च रक्तचाप (उच्च रक्तचाप) के बारे में लोगों को जागरूक करना रहा।इन रैलियों में जानकारी के लिए सामान्य सत्र शामिल थे, जिनका नेतृत्व एचसीपी द्वारा किया गया। इसके तहत, एचसीपी ने उच्च रक्तचाप के संकेतों, लक्षणों और निवारक उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके बाद, रक्तचाप जाँच शिविरों का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से लोगों को अपने रक्तचाप के स्तर का आंकलन करने का अवसर मिला। इस पहल के माध्यम से, ग्लेनमार्क ने 60 लाख लोगों तक अपनी पहुँच स्थापित की और इस बीमारी के बारे में उन्हें जागरूक किया। उक्त कार्यक्रम पर टिप्पणी करते हुए, आलोक मलिक, प्रेसिडेंट और हेड- इंडिया फॉर्म्यूलेशन्स, ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड, ने कहा, ग्लेनमार्क में हम, भारत के लोगों में उच्च रक्तचाप के लिए जागरूकता बढ़ाने और उनके जीवन में सार्थक प्रभाव डालने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके बढ़ते प्रसार के साथ, 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवाओं और भारतीय आबादी को इस बीमारी से होने वाले खतरे से अवगत कराना बेहद महत्वपूर्ण है।